खरतरगच्छ साहित्य कोश



साहित्य वाचस्पति महोपाध्याय विनयसागर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

महाभारत कार्य

म. विनयसागरजी के पत्र से 'खरतरगच्छ साहित्य कोश' के बारे में कुछ जानकारी प्राप्त हुई।

७५०० कृतियों के बारे में परिचय देना अपने आप में एक महाभारत कार्य है।

मोहनलाल देसाई ने 'जैन गुर्जर कविओ' में एक असाधारण कार्य किया। हीरालाल कापड़िया ने संस्कृत एवं प्राकृत साहित्य का इतिहास लिखा। (इन ग्रन्थों का अब पुनर्मुद्रण भी नई सामग्री जोड़कर किया गया है।)

इस प्रकार के शकवर्ती कार्य बहुत कम दिखाई देते हैं। श्री विनयसागरजी के इस कार्य से खरतरगच्छ के अनेकानेक ग्रंथों के बारे में एक ही स्थल पर जानकारी मिल जाएगी। इससे विद्वज्जन लाभान्वित होंगे। ऐसे सर्वग्राही कार्य आगे भी होते रहें यही कामना।

भीलडीयाजी

आ. मुनिचन्द्रसूरि

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

मणि पुष्प - 7 प्राकृत भारती पुष्प - 201

खरतरगच्छ साहित्य कोश

[खरतरगच्छीय आचार्यों द्वारा निर्मित विविध विषयक ग्रन्थों का साहित्य कोश]

साहित्य वाचस्पति महोपाध्याय विनयसागर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशक एवं प्राप्ति स्त्रोत :

* **देवेन्द्र राज मेहता**
  संस्थापक
  प्राकृत भारती अकादमी
  १३-ए मेन मालवीय नगर
  जयपुर - ३०२ ०१७
  दूरभाष: ०१४१ - २५२४८२७

* **मंजुल जैन**
  मैनेजिंग ट्रस्टी
  एम०एस०पी०एस०जी० चेरिटेबल ट्रस्ट
  १३-ए मेन मालवीय नगर
  जयपुर - ३०२ ०१७
  दूरभाष: ०१४१ - २५२४८२८, मोबाईल - ९३१४८८९९०३

* **प्रथम संस्करण : २००६**

* **मूल्य: ६००/-**

* © **म० विनयसागर**

* लेजर टाईप सैटिंग
  सागर सेठी, जयपुर
  फोन - २६०१६२३

* मुद्रकः
  पॉपुलर प्रिन्टर्स, जयपुर

KHARATARA-GACCHA-SĀHITYA KOŚA
BY *M. VINAYA SĀGARA*

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक परम्परा में प्राचीन समय में ८४ गच्छों की मान्यता रही है। उन प्राचीन ८४ गच्छों में से वर्तमान में ४ ही गच्छ विद्यमान है:- खरतरगच्छ, अचलगच्छ, तपागच्छ और पार्श्वचन्द्र गच्छ। ये चारों ही गच्छ वर्तमान में भी देदीप्यमान हैं।

प्राकृत भारती के प्रारम्भ से ही यह भावना रही है कि इन गच्छों का प्रामाणिक इतिहास प्रकाशित हो। इसी को ध्यान में रखकर तपागच्छ का इतिहास और अंचलगच्छ का इतिहास हम प्रकाशित कर चुके हैं। हमारी भावना थी कि खरतरगच्छ का भी प्रामाणिक इतिहास शीघ्र ही प्रकाशित हो।

साहित्य वाचस्पति महोपाध्याय विनयसागरजी प्राकृत, संस्कृत आदि भाषाओं के प्रौढ़ विद्वान् हैं। भारत के प्रसिद्ध इने-गिने प्राकृत भाषा के विद्वानों में इनकी गणना की जाती है। धुरन्धर जैनाचार्य भी समय-समय पर इनसे परामर्श लेते रहते हैं। प्राकृत भारती अकादमी के स्थापना काल से ही ये इसके निदेशक पद को सुशोभित करते रहे हैं। खरतरगच्छ के इतिहास, पुरातत्त्व और साहित्य के ये विशिष्ट विद्वान् माने जाते हैं। साहित्य मनीषी स्वर्गीय श्री अगरचन्दजी नाहटा और श्री भँवरलालजी नाहटा के पश्चात् इनकी कोटि का विद्वान् और कोई नहीं है।

श्री विनयसागरजी से हमने अनुरोध किया कि आप इतिहास, पुरातत्त्व और साहित्य के विद्वान् हैं अत: खरतरगच्छ का इतिहास आप लिखें। इन्होंने भी सहर्ष स्वीकार किया और अपनी ६२ वर्षों की चिरसंचित अभिलाषा को पूर्ण करने की दृष्टि से इस कार्य को हाथ में लिया। ६ दशाब्दियों से इस सम्बन्ध में जो भी इन्होंने संग्रह एवं संकलन किया था उसको मूर्त रूप देना प्रारम्भ किया। इस इतिहास को इन्होंने तीन भागों में विभक्त किया है:-

१. खरतरगच्छ का बृहद् इतिहास:- पुरातन पट्टावलियाँ, ग्रन्थ प्रशस्तियाँ और लेखन प्रशस्तियों के आधार पर यह इतिहास लिखा गया है। इसमें खरतरगच्छ के उद्भव से लेकर मूल परम्परा, १० शाखाएँ, ४ उप शाखाएँ, संविग्न परम्परा के तीनों समुदाय और वर्तमान में विद्यमान समस्त साधु-साध्वियों का प्रामाणिक इतिहास दिया गया है। शोधार्थियों के लिए इसमें ४ परिशिष्ट भी दिए गए हैं।

इस इतिहास की अन्य गच्छ के धुरन्धर आचार्यों, विद्वानों, एवं जैनेतर विद्वानों ने भी मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की है।

२. खरतरगच्छ प्रतिष्ठा लेख संग्रह:- सम्माननीय आचार्य श्रीबुद्धिसागरसूरिजी, श्रीविजयधर्मसूरिजी, पद्मश्री मुनि जिनविजयजी, मुनिश्री जयन्तविजयजी, श्री पूरणचन्दजी नाहर एवं श्री अगरचन्दजी भँवरलालजी नाहटा आदि पुरातात्त्विक विद्वानों द्वारा प्रकाशित अभिलेख संग्रहों के आधार पर तथा स्वयं के संग्रहीत अभिलेखों के आधार पर २७६० अभिलेखों का संग्रह इसमें किया गया है। भारत के समस्त प्रदेशों के प्रकाशित लेखों में से खरतरगच्छ के प्रतिष्ठित लेखों का इसमें संकलन है। दादाबाड़ियों के लेखों को भी इसमें सम्मिलित किया गया है।

इसकी भी पुरातात्त्विक विद्वानों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

३. खरतरगच्छ साहित्य कोश:- खरतरगच्छ के उद्भव काल से लेकर आज तक के मनीषी विद्वानों ने विविध विधाओं पर और विविध भाषाओं में जो साहित्य सर्जन किया है उसका इसमें समावेश किया गया है। ग्रन्थ नाम, कर्त्ता, कर्त्ता के गुरु, ग्रन्थ का विषय, भाषा, रचना संवत् एवं स्थान, ग्रन्थ के प्रारम्भ का आदिपद, मुद्रित या अप्रकाशित, मुद्रित है तो कहाँ से और अप्रकाशित है तो वह ग्रन्थ किस भण्डार तथा स्थान पर उपलब्ध है इसका प्रामाणिक आलेखन किया गया है।

पूर्व में प्रोफेसर डॉ एच.डी. वेल्हणकर के जिनरत्नकोष, मोहनलाल द. देसाई के जैन साहित्य नो संक्षिप्त इतिहास और जैन गुर्जर कविओ तथा हीरालाल रसिकदास कापड़िया के जैन संस्कृत साहित्य का इतिहास आदि ग्रन्थ प्रकाशित हुए है, वे अपनी-अपनी दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है किन्तु कई दृष्टियों से इस ग्रन्थ का विशेष महत्व है। इस प्रकार का साहित्य कोश किसी गच्छ का प्रकाशित नहीं हुआ है। यह कोश वास्तव में अनुपम है।

समस्त गच्छों के परम्परा धारक आचार्यों और विद्वानों से हमारा साग्रह अनुरोध है कि गच्छों का इतिहास इस प्रकार से इतिहास , पुरातत्त्व और साहित्य कोश की दृष्टि से निर्माण कर प्रकाशित करें।

विनयसागरजी के ये तीनों ग्रन्थ खरतरगच्छ के लिए चिरकाल तक दीपस्तम्भ की तरह मार्ग दर्शक होंगे इसमें हमें तनिक भी संदेह नहीं है। डॉ० कमलचन्दजी सोगानी की दृष्टि में इनके ये तीनों ग्रन्थ असाधारण वैदुष्य के परिचायक हैं और ये तीनों ही अमर कृतियाँ हैं।

हम इनसे यह भी अनुरोध करेंगे कि इसी प्रकार ग्रन्थ प्रशस्तियों और लेखन प्रशस्तियों के आधार पर खरतरगच्छ के उपासकों का परिचय भी वे अवश्य लिखें। शासन और धर्म की प्रभावना करने में इस श्रेष्ठियों का भी कम प्रभाव नहीं रहा है। भारत के कई प्रदेशों में कई उपासक तो दीवान रहे हैं, सेनापति रहे हैं, कोषाध्यक्ष रहे हैं, कई पदों पर राज्याधिकारी रहे हैं और कई जागीरदार रहे हैं अत: उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और धार्मिक कार्य-कलापों का भी वर्णन पढ़कर भावी पीढ़ी भी उसका अनुसरण कर सके।

जीवेम: शरद: शतम् की सूक्ति के आलोक में विनयसागरजी दीर्घायुषी हों और स्वस्थ रहकर माँ सरस्वती के भण्डार की अभिवृद्धि करते रहें यही हमारी शुभकामना है और इस असाधारण परिश्रम के लिए भूरि-भूरि बधाई भी है।

अनुसंधित्सु विद्वानों के लिए यह ग्रन्थ अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगा।

मंजुल जैन
मैनेजिंग ट्रस्टी
एम०एस०पी०एस०जी० चेरिटेबल ट्रस्ट
जयपुर

देवेन्द्र राज मेहता
संस्थापक
प्राकृत भारती अकादमी
जयपुर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

समर्पण

खरतरगच्छ के उन महान
साहित्यकारों को
जिन पर न केवल जैन धर्म
अपितु सम्पूर्ण राष्ट्र को
गौरव है।

महोपाध्याय विनयसागर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विषयानुक्रमणिका

विषय	पृष्ठाङ्क
भूमिका	I - IV
प्राक्कथन	V -XLVII
खरतरगच्छ साहित्य कोश	**१ -५४४**
प्रथम खण्ड	१ - २३२
आगम, प्रकरण, उपदेश, विधि, चर्चा, चरित्र, काव्य, व्याकरण, कोश, छन्द, लक्षण, स्तोत्र, रास, आयुर्वेद, ज्योतिष, व्याख्यान, पूजा, रत्न-मुद्रादि शास्त्र, छत्तीसी आदि साहित्य कोश का अकारानुक्रम	
द्वितीय खण्ड	२३३ - ५२०
स्तवन, स्तुति, चैत्यवन्दन, गीत, स्वाध्याय, पद, निसाणी, लावणी, बारहमासा आदि साहित्य	
तृतीय खण्ड	५२१ - ५४४
२०वीं-२१वीं सदी के कतिपय विद्वानो द्वारा निर्मित साहित्य	
परिशिष्ट	**५४५ -६२०**
प्रथम परिशिष्ट	५४५ - ५६३
प्रथम-द्वितीय-तृतीय खण्ड के अन्तर्गत ग्रन्थकारों की नामानुक्रमणी	
द्वितीय परिशिष्ट	५६४ - ५७२
प्रथम खण्डस्थ स्तोत्र, स्तुति, स्तव, विज्ञप्ति आदि लघु कृतियों के आदिपदों का अकारानुक्रम	
तृतीय परिशिष्ट	५७३ - ६२०
द्वितीय खण्डस्थ चैत्यवन्दन, स्तुति, गीत-स्तवन, गंहुली, भास, बारहमासा, आदि लघुकृतियों के आदिपदों का अकारानुक्रम	

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

संकेत सूची

* अ. = अप्रकाशित
* उ. = उल्लेख
* भं. = भण्डार
* मु. = मुद्रित
* अभय ग्र. बीकानेर = अभय जैन ग्रन्थालय, बीकानेर
* कान्तिविजय संग्रह, छाणी = प्रवर्तक कान्तिविजयजी संग्रह, छाणी
* क्षमाकल्याण संग्रह, बीकानेर = उपाध्याय क्षमाकल्याणजी ज्ञान भण्डार, बीकानेर
* खजांची संग्रह रा.प्रा.वि.प्र., बीकानेर = मोतीचन्दजी खजांची संग्रह, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, बीकानेर
* चारित्र रा.प्रा.वि.प्र., बीकानेर = श्रीपूज्य श्रीजिनचारित्रसूरि संग्रह, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, बीकानेर
* जयचन्द संग्रह रा.प्रा.वि.प्र., बीकानेर = उपाध्याय जयचन्दजी संग्रह, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, बीकानेर
* जिनहर्ष-बड़ा ज्ञान भं., बीकानेर = जिनहर्षसूरि भण्डार, बड़ा ज्ञान भण्डार, बीकानेर
* दानसागर-बड़ा ज्ञान भं., बीकानेर = दानसागर भण्डार, बड़ा ज्ञान भं., बीकानेर
* देशाई संग्रह = मोहनलाल दलीचन्द देसाई संग्रह, बम्बई
* धरणेन्द्र संग्रह, जयपुर = श्रीपूज्य जिनधरणेन्द्रसूरि संग्रह-राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जयपुर
* नाहर संग्रह, कलकत्ता = पूनणचन्द्र नाहर संग्रह, कलकत्ता
* पुण्यविजय संग्रह, अहमदाबाद = मुनि पुण्यविजय संग्रह, लालभाई दलपतभाई भारतीय संस्कृति विद्या मन्दिर, अहमदाबाद
* बम्बई चिन्तामणि पार्श्वनाथादि = बम्बई चिन्तामणि पार्श्वनाथादि संग्रह
* बद्रीदास संग्रह, कलकत्ता = रायबहादुर बद्रीदास मुकीम संग्रह, कलकत्ता
* बालचन्द संग्रह रा.प्रा.वि.प्र. चित्तौड़ = यति बालचन्द संग्रह रा.प्रा.वि.प्र., चित्तौड़
* बी. एल. इन्स्टीट्यूट, नई दिल्ली = भोगीलाल लहरचन्द इन्स्टीट्यूट ऑफ इंडोलोजी, दिल्ली
* भट्टारक भं. नागौर = भट्टारकजी ज्ञान भण्डार, नागौर
* भावहर्ष भं., बालोतरा = भावहर्षसूरि ज्ञान भण्डार, बालोतरा
* भुवनभक्ति संग्रह बड़ा ज्ञान भं., बीकानेर भुवनभक्ति ज्ञान भण्डार, बड़ा ज्ञान भण्डार, बीकानेर
* महरचन्द-बड़ा ज्ञान भं., बीकानेर = महरचन्द ज्ञान भण्डार, बड़ा ज्ञान भण्डार, बीकानेर
* महिमाभक्ति-बड़ा ज्ञान भं., बीकानेर = महिमा-भक्ति भण्डार, बड़ा ज्ञान भण्डार, बीकानेर
* मुकनचन्दजी संग्रह, बीकानेर = यति मुकनचन्दजी संग्रह, बीकानेर
* मोहनलालजी म. भं., सूरत = श्री मोहनलाल महाराज ज्ञान भण्डार, सूरत
* राजस्थानी शोध संस्थान चौपासनी = जोधपुर
* रा.प्रा.वि.प्र., जोधपुर = राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर
* रामचन्द्र-बड़ा ज्ञान भं., बीकानेर = रामचन्द्र भण्डार, बड़ा ज्ञान भण्डार, बीकानेर
* रामलालजी संग्रह, बीकानेर = महो० राजलालजी संग्रह, बीकानेर
* वर्द्धमान-बड़ा ज्ञान भं., बीकानेर = वर्द्धमान भण्डार, बड़ा ज्ञान भण्डार, बीकानेर
* वाडीपार्श्व भं. पाटण = वाडी पार्श्वनाथ ज्ञान भण्डार, पाटण
* विनय. प्रतिलिपि = महो० विनयसागर प्रतिलिपि संग्रह, जयपुर
* वृद्धिचन्द संग्रह, जैसलमेर = यति वृद्धिचन्दजी संग्रह, जैसलमेर
* सुमेरमल संग्रह, भीनासर = यति सुमेरमल संग्रह, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, बीकानेर
* सेठिया लाइब्रेरी, बीकानेर = अगरचन्द भैंरोदान नाहटा सेठिया लाइब्रेरी, बीकानेर
* हरिसागरसूरि ज्ञान भं., पालीताणा = जिनहरि-सागरसूरि ज्ञान भण्डार, पालीताणा
* हर्षचन्द्रसूरि-पार्श्वचन्द्रगच्छ भं., खम्भात हर्षचन्द्रसूरि पार्श्वचन्द्रगच्छ ज्ञान भण्डार, खम्भात
* हिम्मत विजय संग्रह, रा.प्रा.वि.प्र., बीकानेर = यति हिम्मतविजयजी संग्रह राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, शाखा बीकानेर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

महोपाध्याय श्री सुमतिसागर जी महाराज

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य श्री जिनमणिसागरसूरि जी महाराज

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पू. स्व. श्री अनुभवश्रीजी म. का शिष्या-प्रशिष्या परिवार

Jain Education International
For Personal & Private Use Only
www.jainelibrary.org

पू० प्र० श्रीहेमप्रभाश्रीजी म० सा० की

प्रेरणा से

मुमुक्षु सुश्री अनीता संखलेचा

मुमुक्षु सुश्री धर्मिष्ठा गुलेच्छा

की भागवती दीक्षा के उपलक्ष्य में

श्री खरतरगच्छ संघ, बाड़मेर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सिणधरी नगर में भगवान् आदिनाथजी का शिखरबद्ध भव्य मन्दिर एवं
नवीन निर्मित दादाबाड़ी का विहंगम दृश्य

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सिणधरी नगर की संक्षिप्त झलक

नाकोड़ा पार्श्वनाथ तीर्थ के समान ही सिणधरी भी वन्दनीय और स्मरणीय है क्योंकि नाकोड़ा पार्श्वनाथ की प्रतिमा सिणधरी के सरोवर से ही प्रकट हुई थी और जिसे खरतरगच्छाचार्य श्री कीर्तिरत्नसूरिजी ने वीरमपुर–महेवा में स्थापित की थी। यह प्रतिमा अत्यन्त अलौकिक चमत्कारों से परिपूर्ण होने के कारण नाकोड़ा पार्श्वनाथ के नाम से भारत भर में प्रसिद्ध है।

सिणधरी नगर के मध्य में दो मन्दिर हैं। दोनों ही शिखरबद्ध हैं। प्रथम मन्दिर में मूलनायक आदिनाथ भगवान् हैं और आस–पास में महावीर स्वामी और चन्द्रप्रभ हैं। इस मन्दिर की प्रतिष्ठा खरतरगच्छ की शाखा भावहर्ष के आचार्यों ने १०८ वर्ष पूर्व करवाई थी। शासनदेवी चक्रेश्वरी हाजरा –हजूर है और इनके कई चमत्कार भी लोगों ने देखे हैं। इस मन्दिर में अखण्ड ज्योत में धुएं के स्थान पर केसर के ही दर्शन होते हैं। दूसरे मन्दिर के मूलनायक चन्द्रप्रभु हैं और आजु–बाजु भी उन्हीं की मूर्तियाँ है। इस मन्दिर में भी अखण्ड ज्योत में केसर के दर्शन होते हैं।

प्रथम मन्दिर के सभा मण्डप में गौड़ी पार्श्वनाथ के चरण तथा दादा जिनदत्तसूरि एवं जिनकुशलसूरिजी के चरण स्थापित थे और इन चरणों का जीर्णोद्धार करते हुए स्वतन्त्र दादाबाड़ी की प्रेरणा १७ वर्ष पूर्व श्री सुरञ्जनाश्रीजी महाराज के प्रवचनों से हुई थी। सुरञ्जनाश्रीजी महाराज के उपदेश से प्रभावित होकर तीन कुमारिकाओं विमला, ललिता और मीना ने २५ अप्रैल १९९३ को गणिवर्य श्री मणिप्रभसागरजी के कर–कमलों से दीक्षा हुई और उनके दीक्षित नाम क्रमशः इस प्रकार रखे गए मुक्ताञ्जनाश्री, अमृताञ्जनाश्री, मोक्षाञ्जनाश्री। सिणधरी का सौभाग्य है कि तपागच्छ में भी यहाँ की बहिनों ने दीक्षा ग्रहण की।

हमारा सौभाग्य है के पूज्य गणिवर्य श्री मणिप्रभसागरजी का चातुर्मास भी सन् १९९८ में यहाँ हुआ। चातुर्मास के पश्चात् यहाँ से माण्डवला का संघ भी निकाला गया और जहाज मन्दिर, माण्डवला में स्वर्गीय पूज्य श्री कान्तिसागरजी महाराज के स्वर्ग जयन्ती के मेले का भी लाभ हमें मिला। पूज्य गणाधीश उपाध्याय श्री कैलाशसागरसूरिजी महाराज से आज्ञा प्राप्त कर संवत् २०६२ का चातुर्मास भी पूज्या साध्वीवर्या श्री सुरञ्जनाश्रीजी महाराज ने अपने साध्वी मण्डल के साथ किया। इस चातुर्मास में यह नगरी तपोभूमि के रूप में बदल गई। छोटी सी आबादी होते हुए भी ११ मासक्षमण, ४६ सिद्धितप, २१, १६, १५, ११, १० और ८ की विभिन्न तपस्याएँ हुई।

दादाबाड़ी का जीर्णोद्धार मन्द गति से बढ़ता रहा। समय–समय पर साध्वीजी महाराज का मार्ग दर्शन भी मिलता रहा। जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण हो चुका है और प्रतिष्ठा का कार्य भी शीघ्र ही *३ मई २००६* तदनुसार *वैशाख शुक्ला ६, विक्रम संवत् २०६३* को सम्पन्न होगा। गच्छाधिपति उपाध्याय श्री कैलाशसागरजी महाराज की निश्रा में और जीर्णोद्धार प्रेरिका साध्वीश्री सुरञ्जनाश्रीजी महाराज साध्वी मण्डल की सान्निध्यता में यह ऐतिहासिक कार्य पूर्ण होगा।

इसी प्रसंग पर इसी दिन हमारे नगर की लाडली मुमुक्षु कुमारी ममता मुणोत की भी दीक्षा पूज्य सुरञ्जनाश्रीजी महाराज के कर–कमलों से होगी।

श्री खरतरगच्छ सकल जैन श्रीसंघ
सिणधरी

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org



स्व. श्री कपूरचन्दजी श्रीमाल

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

दृढ़ निश्चयी दानवीर श्री कपूरचन्दजी श्रीमाल

धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सर्वदा अग्रगामी रहने वाले श्री कपूरचन्दजी श्रीमाल का जन्म २७ मई १८९९ में दिल्ली में हुआ था। आपके पिताजी का शुभ नाम खूबचन्दजी झाड़चूर था और माताश्री का हीराबाई। वंश इनका श्रीमाल था और गोत्र था झाड़चूर। आपके चार भाई और थे। बड़े थे - श्री फूलचन्दजी, छोटे थे - श्री कस्तूरचन्दजी, श्री केसरीचन्दजी और श्री पूनमचन्दजी। आपकी धर्मपत्नी का नाम श्रीमती सोहनबाई था। केवल मैट्रिक तक शिक्षार्जन किया था। व्यवसाय हेतु रिक्तहस्त हैदराबाद गये थे। वहाँ अत्यधिक परिश्रम कर समृद्धिवान बने।

इनका व्यक्तित्व विराट था। **खरतरगच्छ** के सुदृढ़ स्तम्भ थे। धार्मिक कार्यों में सदा अग्रगण्य रहते थे। सामाजिक सेवा के कार्यों में भी पीछे नहीं हटते थे। वकील न होते हुए भी कानूनी दाव-पेचों के सिद्धहस्त जानकार थे। सभी समुदायों के प्रति समान आदर-भाव रखते थे, किन्तु अपनी गच्छ की क्रिया के प्रति दृढ़निश्चयी थे।

श्री खरतरगच्छ संघ और **जिनदत्तसूरि सेवा संघ** केलगभग ८-१० वर्षों तक अध्यक्ष रहे। श्री कुलपाक तीर्थ की व्यवस्था समिति के सन् १९७५ तक उपाध्यक्ष और तत्पश्चात् मृत्यु पर्यन्त अध्यक्ष पद पर रहे। आपकी अध्यक्षता काल में ही कुलपाक तीर्थ का विशाल प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न हुआ था। जैन श्वेताम्बर मंदिर, चार कमान (हैदराबाद) के लगभग ४० वर्षों तक आप अध्यक्ष रहे। इस मंदिर की व्यवस्था में आमूल-चूल परिर्वतन का श्रेय आप ही को जाता है। श्री अजितनाथ पार्श्वनाथ मंदिर सुल्तान बाजार, हैदराबाद के मंदिर का जीर्णेद्धार भी आप ही के सतत प्रयत्नों एवं आर्थिक सहायता से सम्पन्न हुआ था। हैदराबाद संघ के तो आप धर्मप्राण ही थे। आपके दृढ़निश्चय के कारण ही भगवान् अजितनाथ के मंदिर में केवल चन्दन से ही पूजा होती है, केसर और वर्क नहीं चढ़ाए जाते। यह परम्परा आज भी चालू है। आपके सुकृत कार्यकलापों की सूची इस प्रकार है:-

कुलपाक तीर्थ की दादाबाड़ी के निर्माण हेतु ११,००,०००, जैन दादाबाड़ी बुलडाना के निर्माण हेतु ११,००,०००, चार कमानस्थ जैन मंदिर के पृथक् उपाश्रय हेतु ५,००,०००, सिकन्दराबाद जैन दादाबाड़ी के लिए ६,००,०००, विपश्यना केन्द्र हेतु २,००,०००, और रायचूर जैन मंदिर के लिए १,११,००० दान स्वरूप प्रदान किये थे। दान सूची तो विस्तृत है किन्तु यहाँ विशिष्ट का ही उल्लेख किया गया है। धार्मिक कार्यों के लिए सुल्तान बाजार में ही सन् १९९३ में २५,००,००० के मूल्य का भवन क्रय किया जिसमें सन् १९६४ से नियमित रूप से आयम्बिल खाता चलता है। रोगियों की सेवा-शुश्रूषा के लिए ५००० से १०,००० रु० मासिक प्रदान करते थे। अपनी धर्मपत्नी सोहनबाई की स्मृति में पालीताणा में जतन स्वर्ण विचक्षण भवन में एक भव्य हॉल बनवाया था।

सेठ आनंदजी कल्याणजी पेढ़ी, अहमदाबाद के आप प्रतिनिधि रहे, हैदराबाद स्टॉक एक्सचेंज के संस्थापक और अध्यक्ष भी रहे। हैदराबाद नगर के सर्वश्रेष्ठ दलाल भी थे। ९८ वर्ष की विशिष्ट आयु में २३ अक्टूबर १९९६ को हैदराबाद में आपका स्वर्गवास हुआ। आपके दो पुत्र और दो पुत्रियाँ थीं। बड़े पुत्र सिताबचन्दजी और छोटे पुत्र विजयचन्दजी। दोनों पुत्रियों के नाम है- श्रीमती राजबाई चौपड़ा और श्रीमती कंवरबाई सुराणा। सिताबचन्दजी के दो पुत्र विद्यमान हैं - श्री प्रकाशचन्दजी इस समय भी हैदराबाद शेयर बाजार के अध्यक्ष पद पर है। श्री प्रसन्नचन्दजी, अमेरिका विश्वविद्यालय में भी रहे और वर्तमान में Indina Institute of Management, Banglore कॉलेज में प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं। इन दोनों भाईयों का समृद्ध परिवार भी धार्मिक एवं मानव सेवा कार्यों में सक्रिय भाग लेता है।

卐 卐 卐

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अद्भुत प्रयत्न

॥ श्रीसिद्धाचलमण्डन-श्रीऋषभदेवस्वामिने नमः॥
॥ श्रीशंखेश्वर-पार्श्वनाथाय नमः॥ श्रीमहावीरस्वामिने नमः॥
॥ श्रीगौतमस्वामिने नमः॥

किञ्चिद् वक्तव्यम्

जैनशासन में हमारे पूर्वाचार्यों ने बहुत बड़ा साहित्य सर्जन विभिन्न क्षेत्रों में किया है। हमारे पूर्व महर्षियों ने स्वाध्याय का, श्रुतज्ञान की उपासना का जो महान् कार्य किया है उसकी कल्पना करने में भी हम असमर्थ हैं, जब इसका पता चलता है तो हम नममस्तक हो जाते हैं।

खरतरगच्छ में छोटे-बड़े विद्वानों ने जो साहित्य सर्जन किया है उसकी सूचना देने वाला **खरतरगच्छ साहित्य कोश** डॉ० विनयसागरजी ने अति-अति परिश्रम से तैयार करके हमारे समक्ष उपस्थित किया है, इसके लिये उनको हमारा हजार-हजार धन्यवाद है। ऐसे साहित्य कोश करने का साहस और प्रयत्न यह बड़ी आश्चर्यकारक बात है। इस कोश के आधार से, हमारे पूर्व महर्षियों द्वारा निर्माण किये गए साहित्य के अप्रकाशित ग्रंथों को हम प्रकाशित करें और उसका अध्ययन करें तथा हम स्व-पर कल्याण करें, यही मंगल कामना। पुनः इस कोश के कर्ता का हार्दिक अभिनन्दन।

माघ शुक्ल नवमी, विक्रम सं. २०६२
दिनाङ्क ६-२-२००६, सोमवार,
नंदिगाम (जिला-वलसाड)
गुजरात

पूज्यपादाचार्यदेव श्री विजयसिद्धिसूरीश्वर-पट्टालङ्कार-
पूज्यपादाचार्य-विजयमेघसूरीश्वर शिष्य-
पूज्यपादगुरुदेव-मुनिराज श्रीभुवनविजयान्तेवासी-
मुनि जम्बूविजय

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

शोधोपयोगी ग्रन्थ

आपकी तरफ से **खरतरगच्छ साहित्य कोश** ग्रन्थ प्रकाशित हो रहा है। उसके लिये बहुत-बहुत अभिनन्दन। इस प्रकार के सुन्दर ग्रन्थ प्रकाशित होते रहें तो संशोधकों के लिये बहुत ही उपयोगी होंगे। इस प्रकार के ग्रन्थों का पुनः-पुनः संशोधन, सम्पादन करते रहें।

इसी शुभेच्छा के साथ

फाल्गुन वदि २, संवत् २०६२ **विजयचन्द्रोदयसूरि का धर्मलाभ**

(गुजराती से हिन्दी अनुवाद)

एक अभूतपूर्व कार्य

खरतरगच्छ साहित्य कोश

यह ग्रन्थ महोपाध्याय श्री विनयसागरजी द्वारा सम्पादित और प्राकृत भारती अकादमी एवं एम.एस.पी.एस.जी चेरिटेबल ट्रस्ट, जयपुर द्वारा प्रकाशित हो रहा है। उसकी बहुत-बहुत अनुमोदना करते हैं।

खरतरगच्छ के प्रारम्भ से लेकर आज तक जितने भी ग्रन्थ निर्मित हुए हैं उस सबकी जानकारी इस ग्रन्थ द्वारा मिल सकेगी। विशेष रूप से संशोधन कर्त्ता विद्वानों को कौनसा ग्रन्थ प्रकाशित और कौनसा अप्रकाशित है? इन सबकी विस्तृत जानकारी मिल सकेगी। श्री विनयसागरजी ने वृद्धावस्था में भी ज्ञान प्रसार की भावना से और अधिक से अधिक विद्वान् संशोधन कार्य में रस लें, ऐसी अन्तर की सच्ची भावना से यह कोश लिखा है। अप्रकाशित ग्रन्थ कौनसे ज्ञान भण्डार में से प्राप्त होगा? इसकी सूचना भी इसमें प्राप्त हो सकेगी, जो आज तक प्रायः किसी संशोधक ने कदाचित् नहीं ली हो!

श्री विनयसागरजी ने इस प्रकार से स्वयं के जीवन में जहाँ-जहाँ से जो-जो जानकारी प्राप्त की है। वह सब संशोधकों के लिये संशोधन में सहायक रूप बनें, उस प्रकार से वे प्रकाशित करते रहें। ऐसी अर्न्तहृदय की शुभकामना है।

इस ग्रन्थ का अवलोकन कर प्रत्येक गच्छ-समुदाय के विद्वत्गण प्रेरणा लेकर 'साहित्य कोश' का निर्माण (संकलन) करें तो इस ग्रन्थ की वास्तविक अनुमोदना होगी।

फाल्गुन वदि २, बुधवार, २०६२ **पूज्य गुरुदेव आचार्यश्री विजयअशोकचन्द्रसूरिजी**
दिनाङ्क १५-२-२००६ महाराज की आज्ञा से-

विजयसोमचन्द्रसूरि

(गुजराती से हिन्दी अनुवाद)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

एक अभूतपूर्व कार्य

॥ श्रीसद्गुरुभ्यो नमः॥

विद्वद्वर्य महोपाध्याय श्री विनयसागरजी द्वारा **खरतरगच्छ साहित्य कोश** तैयार किया जा रहा है। काफी परिश्रम उठाकर श्रुत समुद्र से ७५०० जितनी कृतियों की जानकारी इसमें संकलित की है। आपका यह प्रयास साहित्य जगत में बहूपयोगी सिद्ध होगा ऐसा मेरा मानना है।

खरतरगच्छीय जैन साहित्य में आपकी रुचि और प्रयत्न विशेष सराहनीय है। इस क्षेत्र के स्कोलरों एवं विद्वानों को आपका यह कोश निःशंक आदरणीय रहेगा। आगम, प्रकरण, उपदेश आदि सभी प्रकार की कृतियों को इसमें स्थान देने के कारण यह रेफरन्स ग्रन्थ का स्थान पा सकेगा।

श्री महोपाध्याय को खूब-खूब धन्यवाद देता हूँ। आपने संशोधन के क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ा है। लोगों को इस ग्रन्थ के माध्यम से नयी-नयी जानकारियाँ मिलेंगी और जैन साहित्य की समृद्धि बढ़ेगी।

ऐसी शुभकामना के साथ

ज्ञानतीर्थ कोबा - गाँधीनगर **आचार्य पद्मसागरसूरि**

दिनाङ्क १०-३-०६

उत्तम साहित्य सेवा

॥ नमो नमः श्रीगुरुनेमिसूरये॥

तगडी, नन्दनवन तीर्थ

२३-०३-०६

साहित्यवाचस्पति श्रीविनयसागर महोदय

धर्मलाभ।

यह जानकर खुशी हुई कि आपके द्वारा निर्मित खरतरगच्छ साहित्य कोश प्रकाशनाधीन है।

जैन श्वे. मू. पू. संघ में ८४ गच्छ थे। सभी गच्छों में विशिष्ट आचार्यादि महापुरुष हुए और सभी ने विविध ग्रन्थनिर्माण कर जैन शासन व साहित्य की अनूठी सेवा की। खरतरगच्छ भी उन्हीं गच्छों में समाविष्ट है। इस गच्छ के महानुभावों द्वारा निर्मित-संकलित प्राचीन-नवीन साहित्य का कोश आपने निर्माण किया, यह सचमुच में उचित-उमदा व उत्तम साहित्यसेवा है उसमें कोई शंका नहीं। आपके इस साहित्यिक कार्य की मैं हृदय पूर्वक सराहना करता हूँ व खूब खूब धन्यवाद प्रेषित करता हूँ।

विजयशीलचन्द्रसूरि

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जीवट भरा आयोजन

॥ मङ्गलम् ॥

वीतराग महावीर प्रभु के शासन में हुए हर गच्छ के आचार्य भगवन्तों ने अपनी-अपनी प्रज्ञा का पूर्ण उपयोग करते हुए वीरवाणी को विस्तार दिया है। कोई ऐसा विषय नहीं, जिस पर उन्होंने ग्रन्थ न रचा हो! अध्यात्म से लेकर ज्योतिष, विज्ञान, मन्त्र-तन्त्र, आयुर्वेद... हर विषय पर उनकी लेखनी चली है।

ग्रन्थ निर्माण के पीछे यश-प्राप्ति काम्य नहीं रहा है। अपितु परमात्मा की वाणी को सरल रूप देना ही उनकी मुख्य उद्देश्य रहा है।

इसलिए आचार्य भगवन्तों की रचनाओं में कल्पनाएँ नहीं मिलतीं, बल्कि अक्षर-अक्षर में परमात्मा महावीर के सिद्धान्त गुंजते है।

वर्तमान में चल रही गच्छ परम्पराओं में सबसे प्राचीन खरतरगच्छ की महान परम्परा में हुए आचार्यों, उपाध्यायों और साधुओं ने जिन ग्रन्थों और प्रकरणों का नव सर्जन किया है, यह कोश हमें उनके प्रखर पुरुषार्थ से परिचित कराता है।

यह पुरुषार्थ उस युग का है जिस युग में लेखन के उपकरणों, ताडपत्र, कागज आदि की उपलब्धि आसान नहीं थी, स्याही को घोटना पड़ता था, रोज शाम को सूखाकर दूसरे दिन पुन: जल प्रयोग से स्याही बनाकर लिखना होता था। कलम का निर्माण और उसके द्वारा लेखन अत्यन्त कष्ट साध्य होता था! ग्रन्थों/पोथियों का वजन अपनी पीठ पर उठाये विहार करना होता था!

ऐसी विषम स्थिति में उन आचार्यों ने कितनी मेहनत की होगी! आज सुविधाओं से भरे जमाने में उस युग की कल्पना ही अचम्भे से हमारी आँखों को चौड़ा कर देती हैं। धन्य उन महापुरुषों को! जिन्होंने वीतराग वाणी के विश्लेषण, विस्तार में और उन्हें जन-जन तक पहुँचाने में अपना जीवन समर्पित किया।

साहित्य कोश का यह प्रकाशन मूर्धन्य साहित्यकार महोपाध्याय श्री विनयसागरजी की उर्वर कल्पना व मेहनत की देन है। वे स्वयं साहित्यकार हैं इसलिए साहित्य के शाश्वत मूल्य से पूर्ण रूप से परिचित हैं। इस कोश के निर्माण में इनकी वर्षों की मेहनत लगी है। कितने ही भण्डार, कितनी ही हस्तप्रतियाँ इनकी आँखों व हाथों से गुजरी होंगी, तभी यह पूर्णरूप ले पाया है। इनकी जीवटता अनुमोदनीय है।

आपने ही पहले मणिधारी अष्टम शताब्दी के स्मृति ग्रन्थ में प्रारम्भिक सूची प्रकाशित की थी। उस सूची को विस्तार देते हुए उसे कोश का रूप दिया गया है। ऐसे कोश का निर्माण गच्छों की दृष्टि से खरतरगच्छ का ही प्रथम प्रकाशित हो रहा है। यह प्रकाशन कई ग्रन्थों और प्रकरणों के कर्त्ता-नामों में किसी अभिनिवेश के कारण किए/कराए जा रहे परिवर्तन के सामने लाल बत्ती करता हुआ मूल नामों की सच्चाई का प्रकाश उपस्थित करेगा।

मैं बधाई के साथ अभिनन्दन करता हूँ।

मणिप्रभसागर

(उपाध्याय मणिप्रभसागर)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

भूमिका

जैन धर्म मानवतावादी धर्म है। इसने सदा वही प्रयास किये हैं जिनसे मानव-जाति को विश्व-शांति, विश्व-बन्धुत्व और विश्व-विकास का सौभाग्य प्राप्त हो सके। जैन धर्म ने निवृत्ति प्रधान होने के बावजूद न केवल मानवजाति अपितु प्राणी मात्र के कल्याण की सद्भावना व्यक्त ही है। अहिंसा का सिद्धान्त देकर प्रेम और भाईचारे को अपनाने पर जोर दिया है। अनेकान्त की मिसाल देकर अनेकता के बीच भी एकता और समन्वय का भाव निर्मित किया है। अपरिग्रहव्रत की अवधारणा देकर पारस्परिक सहयोग का वातावरण बनाने का प्रयास किया है।

जैन धर्म के तीर्थंकरों और सिद्ध पुरुषों ने भले ही आत्म-साधना के लिए वनवास और एकान्तवास का चयन किया हो, किन्तु परम ज्ञान को प्राप्त करने के बाद वे मानव जाति के कल्याण की ओर ही अभिमुख हुए। किसी भी विरक्त और वीतराग-पुरुष के द्वारा लोक कल्याण के लिए प्रेरित और प्रयत्नशील होना मानव जाति पर उनका बहुत बड़ा उपकार है। उनकी लोक कल्याणकारी मंगल वाणी को उनके शिष्यों और आचार्यों ने लिपिबद्ध किया। उनकी वही वाणी आगम तथा शास्त्र के रूप में मानव जाति को जीवन का आध्यात्मिक प्रकाश प्रदान कर रही है।

तीर्थंकरों, बुद्धों और अवतार-पुरुषों की वाणी का तो धर्मशास्त्र के रूप में श्रद्धालुओं द्वारा पारायण किया ही जाता है, किन्तु उनके महान शिष्यों और अन्य महापुरुषों के द्वारा भी जो कुछ कहा और लिखा गया, मानव जाति ने उनसे भी सद्ज्ञान का प्रकाश प्राप्त किया है। उनके द्वारा किया गया सृजन सहज सामान्य भाषा में साहित्य कहलाता है।

साहित्य समाज का दर्पण है, समाज और मानव जाति को विकास का रास्ता दिखाने वाला मील का पत्थर है, वह मार्गदर्शक और प्रकाश किरण की तरह है। साहित्य का मानव-जाति को उतना ही अवदान है जितना कि लोक कल्याण करने वाले किसी महापुरुष का हुआ करता है। हर रचना में उसका रचनाकार और हर साहित्य में उसका साहित्यकार समाया होता है। इसलिए यदि हमारे हाथों में एक श्रेष्ठ किताब है तो आप मानकर चलें कि वह एक पुस्तक नहीं वरन् हमारा एक गुरु और हमारा कल्याण-मित्र भी है।

जैन धर्म ने संतों और साहित्य के द्वारा मानव जाति की बहुत बड़ी सेवा की है। जीवन का शायद ही ऐसा कोई विषय हो जिस पर इस धर्म के संतों, आचार्यों और विद्वानों ने अपनी ओर से मानवता का मार्गदर्शन न दिया हो। धर्म, अध्यात्म, साधना जैसे विषयों पर तो इस धर्म की पकड़ अतुलनीय है, किन्तु जीवन के सामान्य व्यवहारों, ज्ञान-विज्ञान और लोकालोक की अंतहीन गहराइयों पर भी इस धर्म के महामनीषियों की गहरी पकड़ रही है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विश्व की ज्ञान-मनीषा को आगे बढ़ाने में यदि जैन धर्म की भूमिका उल्लेखनीय रही है तो जैन धर्म की ज्ञान-सम्पदा को उत्तरोत्तर आगे बढ़ाने में खरतरगच्छ की भूमिका रही है। जैन धर्म में गच्छ, गण, समुदाय के नाम पर अनेक परम्पराएँ विकसित हुई हैं, जिनमें खरतरगच्छ की ओजस्विता और तेजस्विता अपने आप में अनुपम और अतुलनीय रही है। खरतरगच्द का पूरा एक हजार वर्ष का इतिहास है। इसके पास विद्वान संतों, ज्ञानी मनीषियों और परम प्रभावक आचार्यों की एक लम्बी श्रृंखला है। जरा कल्पना कीजिये कि कोई साहित्य परम्परा यदि दो-तीन पीढ़ियाँ देखे तो भी वह सृजन के नये आयाम स्थापित कर सकती है, वहाँ यदि किसी परम्परा ने पूरे एक हजार वर्ष माँ सरस्वती की सेवा में समर्पित किए हों उस परम्परा के पास साहित्य और ज्ञान का खजाना कितना विशाल होगा?

खरतरगच्छ की वर्तमान पीढ़ी ने जितना ध्यान अपने गुरुदेवों की भक्ति और प्रतिष्ठा पर दिया यदि उतना ही ध्यान इसके प्राचीन और अर्वाचीन साहित्य के प्रकाशन और प्रसारण पर दिया जाता तो न केवल धर्म और मानव जाति की महान सेवा होती वरन् इस गच्छ की जाहोजलाली में भी अभिवृद्धि होती।

खरतरगच्छ मात्र गच्छ नहीं है वरन् स्वयं की जीवन-शैली की शुद्धता का संदेश है। आचार्य श्री जिनेश्वरसूरिजी से प्रारम्भ हुई इस निर्मल धारा ने उतना ही विशाल पैमाना उपलब्ध किया जितना कि गंगोत्री से निकलने वाली गंगा की पतली-सी धारा गंगा का रूप लेकर गंगा सागर बनी है। इसके प्रभावक आचार्यों की यदि चर्चा की जाए तो सूची लम्बी हो जाएगी, पर यदि हम उनमें से कुछेक का उल्लेख करना चाहें तो सर्वप्रथम उल्लेख करेंगे आचार्य जिनदत्तसूरिजी महाराज का जिन्होंने करीब डेढ़ लाख लोगों को जैन धर्म की दीक्षा देते हुए उन्हें अहिंसक और व्यसनमुक्त जीवन जीने को प्रतिज्ञाबद्ध किया। कुशल गुरुदेव का नाम तो आज भी लोगों के घट-घट में व्याप्त है जिनके अतिशय योगबल के चलते उस समय भी डूबती नौकाएं पार लग गयी थी और आज भी वही कलियुग में कल्पतरु के समान हाथ के हुजूर और संकटमोचक कहलाते हैं। यह इस गच्छ का ही साहस था कि इसने मणिधारी जिनचन्द्रसूरि जी म० को मात्र ८ वर्ष की उम्र में आचार्य पद देकर योग्यताओं के उपयोग का द्वार खोला। चौथे दादा के नाम से मशहूर जिनचन्द्रसूरिजी महाराज इतने अधिक प्रभावी थे कि सम्राट अकबर जैसों पर भी उनका जबरदस्त दबदबा था।

यदि हम ज्ञान और साहित्य के क्षेत्र की चर्चा करें तो खरतरगच्छ ने विश्व साहित्य को इतना कुछ दिया है कि आने वाली सदियाँ उससे उपकृत रहेंगी। यदि हम खरतरगच्छ के साहित्य के पुरोधा के रूप में किसी का नाम उल्लेखित करना चाहें तो वे आचार्य अभयदेवसूरिजी हुए जिन्होंने जैन धर्म के मूल आगमों और शास्त्रों की टीका और विवेचना करके युगों-युगों के लिए प्रकाश स्तम्भ का काम किया। वर्तमान में आगम शास्त्रों पर जितने भी अनुवाद और विवेचन प्रकाशित हुए हैं उन सब पर आचार्य अभयदेवसूरिजी की टीकाओं का जबरदस्त प्रभाव रहा है। यूं तो खरतरगच्छ में अनेकानेक आचार्य और विद्वान साहित्यकार हुए, परन्तु महोपाध्याय समयसुन्दरजी महाराज ने अपना सम्पूर्ण जीवन ही एक प्रकार से साहित्य को समर्पित किया। उनके गीत और रचनाएं आज खरतरगच्छ की

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सबसे बड़ी दौलत है। इसी तरह महान तत्त्ववेत्ता उपाध्याय देवचन्द्रजी महाराज और योगीराज आनंदघनजी महाराज के द्रव्यानुयोग और दार्शनिक भावधाराओं से भरे हुए गीत सम्पूर्ण जैन समाज में गाये और गुनगुनाये जाते हैं। निश्चय ही ये वे गीत हैं जिन्हें गाते हुए तत्त्व चिंतक लोग भी सजल हो उठते हैं।

खरतरगच्छ का समग्र साहित्य सरस्वती का विराट भंडार है। खरतरगच्छ की एक हजार वर्ष की साहित्य साधना पर न केवल जैन समाज अपितु सम्पूर्ण राष्ट्र को गौरव है।

वर्तमान युग में भी आचार्य श्री जिनकवीन्द्रसागरसूरिजी महाराज वे लोकप्रिय कवि हुए जिनकी रचनाओं ने जैन समाज को भक्ति का अनुपम प्रसाद प्रदान किया है। आचार्यश्री जिनमणिसागरसूरिजी महाराज खरतरगच्छ के तेजस्वी विद्वान हुए जिनके ग्रन्थ धर्म शास्त्रों के बारे में सदा मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उपाध्याय श्री मणिप्रभसागरजी महाराज, प्रवर्तिनी साध्वी श्री विचक्षणश्रीजी महाराज, आगमज्ञा साध्वी श्री सज्जनश्रीजी, साध्वी श्री हेमप्रभाश्रीजी, साध्वी श्री मणिप्रभाश्रीजी, आदि अनेक ऐसे साधु-साध्वीजन हैं जिनके साहित्य ने वर्तमान काल को ज्ञान का नया प्रकाश प्रदान किया है।

यदि हम वर्तमान शताब्दी में खरतरगच्छ के सबसे प्रमुख साहित्यकार का उल्लेख करना चाहें तो श्री अगरचंदजी नाहटा, श्री भँवरलालजी नाहटा और महोपाध्याय श्री विनयसागरजी के नाम उल्लेखनीय हैं। श्री अगरचंदजी नाहटा जैसे इतिहासवेत्ता तो देश में सौभाग्य से ही जन्म लेते हैं। उन्होंने न केवल साहित्य, इतिहास और पुरातत्त्व से जुड़े हुए दस हजार लेख लिखे, वरन् विद्वानों की सभा में वे एक चलती-फिरती लाइब्रेरी के रूप में प्रतिष्ठित हो गए थे। भँवरलालजी नाहटा और विनयसागरजी जैसे विद्वानों ने खरतरगच्छ के प्राचीन साहित्य के लिए जितना कुछ दिया है वह अपने आप में अनुपम और अतुलनीय है। अगरचन्दजी और भँवरलाल जी दोनों ही स्वर्गस्थ हो चुके हैं। पुरानी पीढ़ी के विद्वानों में अब एक अकेले विद्वान बचे हैं - महोपाध्याय विनयसागरजी।

साहित्य और ज्ञान-परम्परा में जिनका नाम मैं सम्मान पूर्वक उपयोग करना चाहूंगा वे है पूण्य श्री चन्द्रप्रभ जी, जिन्होंने ज्ञान और साहित्य की पारस्परिक शैली से ऊपर उठकर मानवता को अपनी सैकड़ों पुस्तकें प्रदान की हैं। जिन्हें न केवल समाज में वरन् आम जन मानस में बड़े भाव से पढ़ा और सुना जाता है।

खरतरगच्छ का साहित्य तो विशाल सागर की तरह है। शायद ही ऐसा कोई विषय हो, जिस पर खरतरगच्छ के साहित्य-मनीषियों ने अपनी कलम न चलाई हो। यों तो खरतरगच्छ के आचार्यों और विद्वानों के द्वारा लिखित साहित्य देशभर के ज्ञान भंडारों में उपलब्ध हैं। यदि हम एक अकेले जैसलमेर ज्ञान भंडार का भी उल्लेख करें तो वह खरतरगच्छ का एक ऐसा ज्ञान भंडार है जिसमें हजारों प्राचीन ताड़पत्रीय एवं हस्तलिखित ग्रन्थ हमारी प्राचीन विरासत को अपने में समेटे हुए है। भला जिस खरतरगच्छ का साहित्य इतने विशाल पैमाने पर रचा गया हो उन सबका प्रकाशन और प्रसारण सम्पूर्ण खरतरगच्छ का सबसे बड़ा दायित्व है। किसी भी पंथ-सम्प्रदाय को मात्र भक्ति और प्रतिष्ठा के बल पर ही जीवित नहीं रखा जा सकता। ज्ञान, चिंतन और योग के बल पर किसी भी पंथ-परम्परा का विश्व व्यापी प्रसार संभव हो सकता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पिछले एक हजार वर्ष में खरतरगच्छ में साहित्य का सृजन तो अपरिमित हुआ है, पर खरतरगच्छ के वर्तमान अनुयायियों के पास उसका दस प्रतिशत भाग भी उपलब्ध नहीं है। प्रश्न है ऐसी स्थिति में खरतरगच्छ आने वाली पीढ़ी को ज्ञान की कौनसी विरासत देना चाहता है यह बात हर किसी व्यक्ति के लिए विचारणीय है। हमारे अथवा किसी व्यक्ति-विशेष की बदौलत धर्म संघ को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। सकारात्मक दृष्टिकोण और रचनात्मक गतिविधियों को हाथ में लेकर सभी लोग इसके लिए समर्पित होंगे, तभी हम आने वाले कल के लिए यादगार अतीत दे पाएँगे।

खरतरगच्छ के विशाल साहित्य को प्रकाशित करना एक बहुत बड़ी चुनौती है, एक बहुत बड़ी साधना है। यदि कोई श्री विनयसागरजी से पूछे कि उन्हें खरतरगच्छ के इस विशाल साहित्य कोश को तैयार करने में कितना अधिक कर्मयोग करना पड़ा तो उनके जवाब से ही स्पष्ट हो जाएगा कि खरतरगच्छ के साहित्य के लिए शोधपरक काम करना कितना श्रमसाध्य है। दस नये ग्रन्थों के लेखन से भी ज्यादा श्रमसाध्य कार्य इस तरह के कोश को तैयार करना है। हम विद्वद्वर्य श्री विनयसागरजी से यह अनुरोध करना चाहेंगे कि वे अपने शेष जीवन-काल में खरतरगच्छ के लिए जितना कुछ कर सकते हैं, अवश्य करें। वे अपने सहयोगियों का चयन करें और आने वाले कल के लिए खरतरगच्छ को कुछ और देकर जाएं। निश्चय ही खरतरगच्छ आप जैसे विद्वान-मनीषियों का ऋणी रहेगा।

महोपाध्याय विनयसागर जी ने बचपन से ही अपना जीवन जैन-धर्म के शास्त्र, दर्शन, इतिहास एवं परम्परागत अध्ययन में लगाया है। वे इतिहासवेत्ता भी हैं, साथ ही संस्कृत, प्राकृत आदि भाषाओं पर उनकी गहरी पकड़ है। उनके द्वारा लिखित-सम्पादित कई ग्रन्थ एवं शास्त्र आज देश-विदेश में शोधकर्ताओं के लिए उपयोगी हो रहे हैं।

महोपाध्याय विनयसागरजी द्वारा सम्पादित प्रस्तुत कोश **खरतरगच्छ साहित्य कोश** शोधकर्ताओं के लिए वरदान स्वरूप है। खरतरगच्छ के अनुयायियों और साधु-साध्वीजनों का भी यह दायित्व बनता है कि इस कोश का उपयोग करते हुए वे अधिकाधिक अध्ययन और अनुशीलन करें और अपने गच्छ के प्राचीन साहित्य को ज्ञान भंडारों से निकालकर आम जन-मानस के लिए उपयोगी बनाएँ।

इस श्रेष्ठ कार्य के लिए हम श्री विनयसागरजी को साभिनंदन साधुवाद समर्पित करते हैं।

महोपाध्याय ललितप्रभसागर

संबोधि धाम
जोधपुर-४

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्राक्कथन

श्रमण भगवान् महावीर के सकल कर्म विमुक्त होने पर, सिद्धिगति में अवस्थिति/निर्वाण होने पर सहज भाव से जिज्ञासा उत्पन्न हुई। समस्त संघ के आधारभूत परम उपकारी वीरप्रभु के सिद्ध होने पर इस भरत क्षेत्र में कौन उपकार करेगा? हमारे जैसे जीवों का कौन उद्धार करेगा? इसका प्रामाणिक समाधान करते हुए आचार्य कल्प, अध्यात्म योगी, द्रव्यानुयोग के विशिष्ट ज्ञानी उपाध्याय पदधारक श्री देवचन्द्रजी महाराज निर्वाण कल्याणक स्तवन में कहते हैं:-

मारगदेशक मोक्षनो रे, केवलज्ञान निधान।
भाव दयासागर प्रभु रे, पर उपकारी प्रधानो रे॥ १॥
वीर प्रभु सिद्ध थया, संघ सकल आधारो रे।
हिव इण भरतमां, कुणउ करशे उपगारो रे? वीर०॥ २॥

***

इण काले सवि जीवने रे, आगमथी आनन्द॥
ध्यावो सेवो भविजना रे, जिनपडिमा सुखकंदो रे॥ वीर०॥ ८॥
गणधर आचारिज मुनि रे, सहुने इण पर सिद्ध॥
भव भव आगम संगथी रे, देवचन्द्र पद लीधो रे॥ वीर०॥ ९॥

योगिराज का कथन है कि इस दु:षम काल में भव्यजनों के लिए आगम और जिनप्रतिमा ही जीवन के श्रेष्ठतम आधार हैं।

श्रुत

भगवान् महावीर ने अर्थ रूप में अपनी देशना को प्ररूपित किया और गणधरों ने सूत्रित कर द्वादशांगी/गणिपिटक की रचना की। द्वादशांगी के अन्तर्गत ही चर्तुदश पूर्वों का समावेश होता है अत: समस्त ज्ञान और विज्ञान का अधिष्ठाता द्वादशांगी ही कहलाई। यह द्वादशांगी 'सुअ' शब्द से प्रख्यात थी। सुअ शब्द का संस्कृत रूपान्तरण 'श्रुत' होता है। पूर्ववर्ती काल में पूर्वधर आचार्यों ने द्वादशांगी रूप 'श्रुत' को 'श्रुत देवी' के रूप में परिकल्पित कर प्रतिपादित कर दिया।

सुवर्णशालिनी देयाद्, द्वादशांगी-जिनोद्भवा।
श्रुतदेवी सदा मह्य-मशेषश्रुतसम्पदाम्।

शनै:-शनै: यही श्रुतदेवी 'सरस्वती' के रूप में जैनों के लिए उपास्य बन गई। पूर्वाचार्यों ने श्रुतदेवी/सरस्वती देवी के रूप में ही स्वतन्त्र स्तोत्रों की रचना कर इस देवी का माहात्म्य वर्धित कर दिया।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य उमास्वाति ने तत्त्वार्थसूत्र के स्वोपज्ञ भाष्य (1.20) में श्रुत के आठ पर्यायों का उल्लेख किया है – श्रुत, आप्तवचन, आगम, उपदेश, ऐतिह्य, आम्नाय, प्रवचन और जिनवचन। इनमें से 'श्रुत' शब्द के स्थान पर जैन परम्परा में शताब्दियों से 'आगम' शब्द का प्रचलन है, व्यापक हो गया है। आज भी तीर्थंकर-भाषित, गणधर-सूत्रित, प्रत्येकबुद्ध, श्रुतधर, पूर्वधर, अङ्गधर, एवं गीतार्थ आचार्यों द्वारा विनिर्मित शास्त्र 'आगम' शब्द से ही से प्रचलित हैं।

समय-समय पर श्रुत/आगम शास्त्रों के कई भेद-प्रभेद प्राप्त होते हैं। यथा – १. अङ्ग अर्थात् अङ्ग-प्रविष्ट, और २. अङ्ग-बाह्य अर्थात् अनंगप्रविष्ट।

१. अङ्ग-प्रविष्ट में द्वादशांगी का ग्रहण किया जाता है। इसके भी दो भेद हैं – १. गमिक और २. अगमिक। बारहवां अङ्ग दृष्टिवाद गमिक श्रुत है और आचारांग आदि ग्यारह अङ्ग अगमिक श्रुत हैं। गमिक श्रुत दृष्टिवाद इस समय अनुपलब्ध है।

२. अङ्ग-बाह्य अर्थात् अनंगप्रविष्ट भी दो प्रकार का है – १. आवश्यक और २. आवश्यक व्यतिरिक्त।

आवश्यक भी छ: प्रकार है – सामायिक आदि।

आवश्यक-व्यतिरिक्त भी दो प्रकार का है – १. कालिक (निर्धारित समय में दिवस और रात्रि के प्रथम तथा अन्तिम प्रहर में पठनीय) और २. उत्कालिक (निर्धारित समय से भिन्न समय में पठनीय)।

कालिक श्रुत के अन्तर्गत नन्दीसूत्रकार और पाक्षिकसूत्रकार ने उत्तराध्ययन, दशाश्रुतस्कन्ध आदि ३६ आगम सूत्रों के नाम दिये हैं।

उत्कालिक श्रुत के अन्तर्गत दशवैकालिक आदि २९ आगमों के नाम प्राप्त होते हैं।

इस प्रकार समय के प्रवाह में आगमों की संख्या बढ़ते हुए ८४ तक पहुँच गई।

आगमों की मौखिक श्रुत-परम्परा का लेखन निषिद्ध होने के कारण, कालचक्र का प्रभाव, स्मरण शक्ति में न्यूनता और अनावृष्टि-अतिवृष्टि के कारण ज्ञानमन्दता से कुछ श्रुत विस्मृत हो गये, विलुप्त हो गये, अस्त-व्यस्त हो गये। इस श्रुतसागर को सुरक्षित रखने के लिए समय-समय पर तीन वाचनाएं हुईं। मूलपाठ सुरक्षित रखा गया। अन्तिम वाचना देवर्धिगणि क्षमाश्रमण के समय हुई और इन आगमों को सुव्यवस्थित किया गया किन्तु विदेशी आक्रमणों द्वारा ग्रन्थ भण्डार जलाये जाने, भण्डारों की असुरक्षा, कीटों द्वारा भक्षण आदि अनेक कारणों से आगम ग्रन्थ विलुप्त होते गए। कुछ परम्परा आग्रह के कारण भी अमान्य हो गए। प्रक्षिप्तांश भी बढ़ते गये। फलत: देवर्धिगणि क्षमाश्रमण की वाचना द्वारा स्वीकृत मूल स्वरूप की हस्तप्रतियाँ आज प्राप्त नहीं होती हैं।

उक्त आगमों में से वर्तमान काल में आगम रूप से जो शास्त्र उपलब्ध हैं और मान्य हैं उनका गीतार्थ आचार्यों ने पुन: वर्गीकरण किया – १. अङ्ग – ११; २. उपाङ्ग – १२; ३. प्रकीर्णक – १०; ४.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

छेद - ६; ५. मूल सूत्र - ४; और ६. चूलिका - २।

इस वर्गीकरण के अनुसार आगमों की संख्या ४५ निर्धारित/निश्चित हो गई। दिगम्बर परम्परा द्वारा श्वेताम्बर परम्परा द्वारा मान्य समस्त आगम-साहित्य का विच्छेद मान लेने से उक्त ११ अंग अमान्य हैं, जबकि द्वादशांगी के वे ही नाम आज भी स्वीकृत हैं। साम्प्रत काल में श्वेताम्बर मूर्त्तिपूजक परम्परा द्वारा ये ४५ आगम पूर्णत: मान्य और प्रामाणिक माने जाते हैं।

इसी श्रुत आगम परम्परा को सम्पूर्ण श्वेताम्बर समाज आराधनीय मानता रहा है और इसकी इष्टोपासना करते हुए वर्द्धन और संरक्षण करते हुए अपने जीवन को धन्य मानता आ रहा है। श्रुतोपासना के क्षेत्र में खरतरगच्छ का विशिष्ट अवदान रहा है जो कि उल्लेखनीय और अनुकरणीय है।

खरतरगच्छ वर्तमान श्वेताम्बर समाज के समस्त गच्छों में अपना प्रमुख स्थान रखता है और सब गच्छों में प्राचीनतम भी है। इस गच्छ का नाम खरतरगच्छ क्यों पड़ा? इस पर तनिक विचार आवश्यक है।

खरतर-विरुद ऐसे ही प्राप्त नहीं हुआ। बड़े-बड़े सुविहित आचार्यों को कठिनतम संघर्ष करना पड़ा। अपने जीवन का भोग देना पड़ा। अपने जीवन को शास्त्र-विहित मर्यादा के अनुरूप रखने के लिए कठिनतम जीवन अपनाना पड़ा। यह केवल पठनीय और विचारणीय ही नहीं अपितु उल्लेखनीय एवं अनुकरणीय भी है।

खरतरगच्छ का उद्भव महज संयोग नहीं था अपितु समय की प्रबल मांग थी। भगवान् महावीर द्वारा आदिष्ट साधुचर्या किस प्रकार की होनी चाहिए? उसका सफल रूप शास्त्रों में प्रतिपादित है। कुछ सुविधावादी आचार्यों ने अपवाद मार्ग को ही आचारमार्ग मान लिया और श्रेष्ठ चारित्र से फिसल पढ़े। वही अपवाद मार्ग उनके लिए उत्सर्ग मार्ग बन गया। खान-पान, रहन-सहन, आचार-व्यवहार सब में सुविधावाद नजर आने लगा। प्रारम्भ में कुछ आचार्य ही सुविधावादी थे, किन्तु धीमे-धीमे इस ओर अधिकांश आचार्यों का बहुलता से झुकाव हो गया। विकृत साधुचर्या को प्रतिपादित करने के लिए स्वकीय कल्पित मान्यतानुसार शास्त्रों का निर्माण भी होने लगा और वे ही शास्त्र भगवान् की वाणी के रूप में उपासक वर्ग के सन्मुख भी रखे जाने लगे। फलत: बहुल समुदाय इसका अनुयायी होने लगा, जो कि **चैत्यवास** के नाम से प्रसिद्ध हुआ। विशुद्ध क्रियापात्र आचारण सम्पन्न साधु गिनती के ही रह गए। इस दुर्दशा को देखकर आप्त आचार्य हरिभद्र भी इसके विरोध में उठ खड़े हुए किन्तु उस समय आचार्य का यह प्रबल विरोध भी अरण्यरोदन के समान सिद्ध हुआ। चैत्यवासी आचार्य अपने-अपने मठों के साथ गढ़ बनाने लगे। राजाओं को भी अपने वशीकृत कर राज्यों से भी आदेश-पत्र प्राप्त कर लिये कि 'उनके प्रदेशों में चारित्र-सम्पन्न साधुओं का प्रवेश न हो।'

अभोहर देश में चौरासी मठों के अधिपति आचार्य वर्धमान थे। शास्त्र प्रतिपादित साधुचर्या और अपने वर्तमान जीवन को देखकर वे विक्षुब्ध हो उठे और चैत्यवास का त्याग कर क्रियानिष्ठ

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य उद्योतनसूरि के पास शिष्यत्व ग्रहण किया। चैत्यवास के विरुद्ध उनके हृदय में लपलपाती ज्वालाएँ प्रबल रूप धारण करती रहीं किन्तु वे समय कि प्रतीक्षा करते रहे। **एक चना भाड़ नहीं फोड़ सकता** इस उक्ति को ध्यान में रखते हुए विद्वत् शिष्यवर्ग की खोज करते रहे। संयोग से समस्त शास्त्रों के धुरीण विद्वान् जिनेश्वर और बुद्धिसागर शिष्य रूप में उन्हें प्राप्त हुए। इनके अतिरिक्त भी कई उद्‌भट विद्वान उनके शिष्य बने।

प्रज्ञा-सम्पन्न शिष्य सम्पदा होने पर आचार्य वर्धमान ने अट्ठारह साधुओं के साथ चैत्यवास के गढ़ पाटन की ओर प्रस्थान किया। उस समय गुजरात की राजधानी अणहिलपुर पाटन पर दुर्लभराज चालुक्य का आधिपत्य था। महाराजा दुर्लभराज का राज्यकाल विक्रम संवत् १०६६ से १०७८ तक था। राज्यादेश के कारण आचार्य वर्धमान को निवास स्थान भी प्राप्त नहीं हुआ। वे नगर में प्रवेश भी न कर सके। भोजन/गोचरी का तो प्रश्न ही नहीं था। आचार्य जिनेश्वर ने अपने विचक्षण बुद्धि वैभव से राज-पुरोहित सोमेश्वर के यहाँ रहने को पड़साल/बरामदा प्राप्त की।

'क्रियासम्पन्न साधु नगर में प्रवेश कर गये हैं' इस संवाद से व्यथित होकर 'वर्धमानसूरि आदि साधुओं पर अन्य राज्यों के गुप्तचर हैं' आदि आरोप भी लगे। सोमेश्वर राजपुरोहित के बीच में होने के कारण महाराजा दुर्लभराज की अध्यक्षता में शास्त्रार्थ का समय भी निर्णीत हुआ। पंचासरा पार्श्वनाथ मंदिर के प्रांगण में चैत्यवासी दुर्धर्ष आचार्यों के साथ शास्त्र-चर्चा हुई। साधुचर्या पर चर्चा आलम्बित होने के कारण वर्धमानसूरि के आदेश से जिनेश्वरसूरि ने नवीन कल्पित शास्त्रों का अपहार करते हुए भगवत प्रणीत शास्त्रों के उद्धरण प्रस्तुत किए। स्वाभाविक था कि इस शास्त्रार्थ में चैत्यवासी आचार्य पराजित होते, वही हुआ। आचार्य जिनेश्वर का पक्ष विजय प्राप्त कर सका। महाराज दुर्लभराज ने अपने निर्णय में यह कहा - **जिनेश्वरसूरि का पक्ष खरा है, शास्त्रीय है।**

वर्धमानसूरि और जिनेश्वरसूरि आदि ने महाराजा के मुख से उच्चारित विरुद को विरुद ही माना, अपने विशेषणों में सम्मिलित नहीं किया। स्वयं को चन्द्रकुलीय सुविहित ही ख्यापित करते रहे। जनता के मुख पर यह खरतर शब्द चढ़ गया था, वही धीमे-धीमे तीन शताब्दियों के आस-पास गच्छ के रूप में प्रसिद्ध हो गया। तब से आज तक यह खरतरगच्छ अविच्छिन्न परम्परा के रूप में चल रहा है। वर्तमान में इसका उपासक वर्ग विशाल पैमाने पर समस्त प्रदेशों में छाया हुआ है।

साहित्य-निर्माण

इस विजय के उपरान्त किसी मन चले चैत्यवासी आचार्य ने वर्धमान आदि आचार्यों पर व्यंग कसते हुए निम्न शब्दों द्वारा करारी चोट की - **हे आचार्य! इस विजय से आप फूलकर कुप्पा हो रहे हैं यह सत्य है। सुविहित साध्वाचार का डिंडिम घोष कर रहे हैं, पूर्वाचार्यों के साहित्य पर आप उछल कूद मचा रहे हैं, पर जरा तनिक सोचें तो सही, आपके इन सुविहित साधुओं द्वारा स्वार्जित/निर्मित साहित्य कहाँ हैं? आप लोग उच्छिष्ट भोजी हैं। कुछ नूतन निर्माण कर अपने**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वैदुष्य को प्रकट करें तो हम मानेंगे कि आप वस्तुतः सुविहित विद्वान् हैं। वर्धमानसूरि आदि आचार्यों ने उसकी इस उक्ति को न तो व्यंग माना, न आक्षेप माना और न चोट ही माना। इस करारी चपत को सहज भाव से स्वीकार किया और माँ सरस्वती की साधना में नवीन-नवीन विधाओं के ग्रन्थों के निर्माण में शिष्य परिवार सहित जुट गये।

आचार्य वर्धमान ने स्वयं आचार्य हरिभद्रसूरि रचित **उपदेश पद** पर **टीका**, धर्मदास गणि रचित **उपदेश माला** पर **बृहद्वृत्ति**, और सिद्धर्षि कृत **उपमितिभवप्रपंचाकथासमुच्चय** नाम से ग्रन्थों का निर्माण किया।

आचार्य जिनेश्वर षडंगवेत्ता सार्वदेशीय विद्वान् थे। उन्होंने सोचा कि श्वेताम्बरों का कोई दार्शनिक ग्रन्थ नहीं है, महाकवि गुणाढ्य रचित ग्रन्थ के समान कोई आख्यायिका ग्रन्थ नहीं है, कोई कथा ग्रन्थ नहीं है, साधु धर्म और स्वरूप को प्रतिपादन करने वाला कोई ग्रन्थ नहीं है और छन्द-ग्रन्थ नहीं है। अतः हमारा यह प्रयत्न होना चाहिए कि इन सभी विधाओं पर नवीन निर्माण कर श्वेताम्बर सुविहित समाज को खड़ा करना चाहिए। फलतः **प्रमालक्ष्म स्वोपज्ञ वृत्ति** के साथ दार्शनिक ग्रन्थ की रचना की। वसुदेव हिण्डी के अनुकरण पर **निर्वाण लीलावती**, साधु और श्रावक के स्वरूप पर **पंच लिङ्गी** प्रकरण तथा **षट्स्थानक प्रकरण**, कथाग्रन्थों में **कथाकोष** नामक **स्वोपज्ञ टीका** के साथ और हारिभद्रीय **अष्टक** पर **वृत्ति** का निर्माण किया। छन्द शास्त्र पर भी अपनी लेखिनी चलाई।

जिनेश्वरसूरि के अनुज बुद्धिसागरसूरि भी व्याकरण शास्त्र के प्रौढ़ विद्वान थे और उन्होंने पचांगी के साथ **बुद्धिसागर व्याकरण** की विक्रम संवत् १०८० में रचना की। श्वेताम्बर समाज का यह प्रथम व्याकरण ग्रन्थ था। कलिकाल सर्वज्ञ हेमचन्द्र भी स्वोपज्ञ लिङ्गानुशासन में **इति बुद्धिसागरः** कहते हुए इस व्याकरण की महत्ता को स्वीकार किया है, किन्तु खेद है कि आज तक इस व्याकरण का कोई संस्करण नहीं निकला है।

जिनेश्वरसूरि के शिष्य धनेश्वरसूरि ने प्राकृत भाषा में संवत् १०९५ में **सुरसुन्दरी चरियम्** कथा ग्रन्थ की रचना की। आचार्य जिनेश्वर के अन्य शिष्यों जिनचन्द्रसूरि ने संवेगरङ्ग से आप्लावित **संवेग रङ्गशाला** की रचना संवत् ११२५ के लगभग की।

आचार्य जिनेश्वर के ही अन्यतम शिष्य अभयदेवसूरि ने सोचा कि मुझे आगम विषयों पर लेखनी चलानी है, जिस पर कुछ आचार्यों को छोड़कर किसी ने कलम न चलाई हो। नौ आगम ग्रन्थों पर कोई टीका प्राप्त नहीं है। अनेक स्थल विसंवादों से परिपूर्ण हो रहे हैं। उन विषम विषयों का उद्घाटन करते हुए, कठिन तपश्चर्या करते हुए **स्थानांग, समवायांग, भगवती** आदि **नवाङ्ग** ग्रन्थों पर और **औपपातिक उपाङ्ग** पर व्याख्याएं रचकर अपना नाम अभय कर दिया। न केवल टीकाओं की रचना ही की अपितु द्रोणाचार्य जैसे प्रौढ़तम चैत्यवासी आचार्य से उन टीका ग्रन्थों पर मोहर लगाकर सर्वजनादृत कर दिया। इनके अतिरिक्त **पंचाशक** पर व्याख्या और अन्य अनेक स्फुट

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

रचनाएं भी कीं। आचार्य अभयदेव इतने से ही संतुष्ट नहीं हुए और एक नवीन चमत्कार भी पैदा किया। सेढी नदी के किनारे **जयतिहुअण** स्तोत्र के द्वारा स्तवना करते हुए भगवान् पार्श्वनाथ की मूर्त्ति भी प्रकट की जो कि आज भी स्तम्भन पार्श्वनाथ तीर्थ के नाम से सर्वजन वन्द्य है।

एक अन्य शिष्य अशोकचन्द्रसूरि ने उत्तराध्ययन सूत्र पर टीका लिखी थी किन्तु आज वह अप्राप्त है।

शास्त्र-विरुद्ध आचार को मान्यता देने वाले चैत्यवासियों के विरोध में जिनेश्वरसूरि ने जाज्वल्यमान अग्निशिखा के समान जो अलख जगायी थी वह भस्माच्छादित सी होने लगी। ऐसे नाजुक और विकट समय में **जाके पैर न फटी बिवाई, वह क्या जाने पीर पराई** के अनुसार चैत्यवास से उद्विग्न और सुविहित पथ के लिए उत्कण्ठित सर्वविद्याविशारद आचार्य की परमावश्यकता थी। ऐसे समय में अनभ्र वृष्टि के समान कूर्चपुर गच्छीय आचार्य जिनेश्वर के शिष्य जिनवल्लभगणि आगमशास्त्रों का अध्ययन करने के लिए अभयदेवसूरि के सम्पर्क में आए। सम्पर्क में क्या आए वे उन्हीं के बन कर रह गए। चैत्यवास त्याग कर, आचार्य अभयदेव से उपसम्पदा प्राप्त कर प्रभावक आचार्य के रूप में प्रतिष्ठित हो गए। जिनवल्लभसूरि ने चैत्यवास का उन्मूलन करने के लिए आचार्य जिनेश्वर की अखण्ड ज्योति को सम्भाला और प्रबल वेग के साथ जन-समक्ष शास्त्रविहित आचार स्वरूप का प्रतिपादन करने लगे। कर्म-सिद्धान्त पर अभी तक नवीन निर्माण नहीं हुआ था अत: उन्होंने **सूक्ष्मार्थविचारसारोद्धार** और **आगमिकवस्तुविचारसार**, शुद्ध भोजन की गवेषणा के लिए **पिण्डविशुद्धि**, लक्षण शास्त्रियों के लिए **प्रश्नोतरैकषष्टिशतक**, निषिद्ध के प्रतिपादन के साथ शास्त्र-विहित मान्यताओं के लिए **संघपट्टक** तथा उपासकों के लिए **पौषधविधि**, **द्वादशकुलक**, **धर्मशिक्षा**, आत्मकथा के रूप में **अष्टसप्तति** आदि ग्रन्थों की रचना की।

वाचक सुमतिगणि के शिष्य गुणचन्द्रगणि ने प्राकृत भाषा में **महावीर चरित** की रचना की और आचार्य बनने पर देवभद्राचार्य के नाम से **पार्श्वनाथ चरित** और **कथारत्न कोष** आदि का निर्माण किया। साथ ही **प्रमाणप्रकाश** के नाम से दर्शन ग्रन्थ भी लिखा।

माता अम्बिका देवी द्वारा प्रदत्त युगप्रधान पद विरुदधारक जिनदत्तसूरि ने अपभ्रंश भाषा में **चर्चरी** आदि ग्रन्थों एव प्रभाविक स्तोत्रों की रचना की। अनेक दिग्गज चैत्यवासी आचार्य चैत्यवास का परित्याग कर इनके शिष्य बने। इन्हीं के शिष्य जिनभद्रसूरि ने **पंचवर्ग-परिहार-नाममाला-कोष** की रचना की।

षट्त्रिंशद् वाद विजेता जिनपतिसूरि ने जिनेश्वरसूरि के ग्रन्थ **पञ्चलिङ्गी** पर और जिनवल्लभीय ग्रन्थ **संघपट्टक** पर विशाल **टीका** का निर्माण कर पाण्डित्य का अपूर्व कौशल दिखाया।

इन्ही के शिष्य-प्रशिष्यों में जिनपालोपाध्याय ने **स्वोपज्ञ टीका** सहित **सनत्कुमार चक्रिचरित महाकाव्य** का निर्माण किया और **गुर्वावली/पट्टावली** के रूप में वर्धमानसूरि के लेकर जिनेश्वरसूरि

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

द्वितीय (१३०७) तक **युगप्रधानाचार्य गुर्वावली** के नाम से दैनिक डायरी के समान ऐतिहासिक आलेखन कर एक अपूर्व कृति समाज को दी। इस प्रकार की गुर्वावली जैन-परम्परा में आज तक उपलब्ध नहीं है। इन्होंने अनेक टीका ग्रन्थों की रचना की।

चन्द्रतिलकोपाध्याय ने संवत् १३१२ में **अभयकुमार चरित** की रचना की। अभयतिलकोपाध्याय ने **न्यायालङ्कार टिप्पण** लिखा और हेमचन्द्राचार्य कृत **संस्कृत द्व्याश्रय महाकाव्य** पर संवत् १३१२ विवेचन लिखा। पूर्णकलशगणि ने हेमचन्द्राचार्य कृत **प्राकृत द्व्याश्रय महाकाव्य** पर संवत् १३०७ में टीका का निर्माण किया। पूर्णभद्रगणि ने **दशश्रावक चरित** और **धन्नाशालिभद्र चरित** के अतिरिक्त **पञ्चाख्यान** की रचना की। भांडागारिक श्री नेमिचन्द्र ने **षष्टिशतक** की रचना की। सुमतिगणि ने १२९५ में **गणधर-सार्द्धशतक** पर **बृहद्वृत्ति** की रचना की।

श्री जिनेश्वरसूरि ने जिस **निर्वाण-लीलावती** कथा की रचना की थी वह दुर्भाग्य से विलुप्त हो गयी। उसी के अनुकरण पर जिनरत्नसूरि ने **निर्वाण लीलावती सार** की रचना की। इसकी प्राचीन प्रति जिनभद्रसूरि ज्ञान भण्डार, जेसलमेर में है और अप्रकाशित है।

श्री लक्ष्मीतिलकोपाध्याय ने जिनेश्वरसूरि (द्वितीय) रचित **श्रावक-धर्म प्रकरण** पर संवत् १३१७ में विशद टीका का निर्माण किया और संवत् १३११ में **प्रत्येकबुद्ध-चरितमहाकाव्य** का निर्माण किया। श्रावकधर्म प्रकरण बृहद्वृत्ति की प्राचीन सचित्र प्रति श्री नेमिसूरि ज्ञान भण्डार, खंभात में हैं और प्रत्येकबुद्ध चरित की जेसलमेर ज्ञान भण्डार में है। दोनों ही ग्रन्थ अप्रकाशित हैं किन्तु प्रकाशन योग्य हैं।

प्रबोधमूर्ति (जिनप्रबोधसूरि) ने **कातन्त्र व्याकरण** पर **दुर्गप्रबोध** नामक टीका की रचना की और **वृत्तप्रबोध**, **पञ्जिकाप्रबोध** और **बौद्धाधिकार विवरण** भी लिखा किन्तु दुर्भाग्य से इन तीनों का उल्लेख मात्र प्राप्त होता है, प्रति प्राप्त नहीं होती।

अधिकांशतः इन आचार्यों और ग्रन्थों के नाम श्री लक्ष्मीतिलकोपाध्याय द्वारा संवत् १३११ में रचित **प्रत्येकबुद्ध चरित** की **प्रशस्ति** में प्राप्त होते हैं। ऐतिहासिक और महत्त्वपूर्ण होने से इस प्रशस्ति का कुछ अंश उद्धृत किया जा रहा है:-

चातुर्वैद्यविदग्रणीरपमलब्राह्मण्यभृद्ग्रामणी-
र्यः श्रीगौतमवद्विलोक्य विलसद्धाम्नां निधि तं प्रभुम्।
सद्यः सोदर**बुद्धिसागर**परीवारान्वितः प्राव्रजत्,
स श्रीसूरि**जिनेश्वरः खरतर**त्वं साध्वथासेदिवान्॥ १२॥
मिथ्याज्ञानदुरन्तशक्तितरसा श्री**पत्तने** पत्तने,
गाढाधिष्ठितकारिणश्चतुरशीत्याचार्यदुश्चेटकान्।
यः **श्रीदुर्लभराट्सभे** श्रुतमहामन्त्रैर्निगृह्य क्षणा-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

दक्षीणां शिवसम्पदं सुविहितश्रेणीविहारैर्व्यधात् ॥ १३ ॥
तर्कादीन् बहु यः स्वयं यदनुजः **शब्दानुशा**स्त्यादिका-
नेतां **श्रीसुरसुन्दरीं** च **जिनभद्राख्यो** यदाद्यान्तिषत्।
यच्छिष्यान्ति**षदुत्तराध्ययन**सद्व्याख्या**मशोकेन्दु**रा-
तेनेवागधिदेवताकुलमिव क्षोणीतले यत् कुलम् ॥ १४ ॥
ज्योतिश्चक्र इवास्य शिष्यपटले शीतांशुसूर्यप्रभौ,
जज्ञाते स्वपरागमामरपथाध्वन्यौ विनेयावुभौ।
तत्राऽऽद्यो **जिनचन्द्र**सूरिरसृजत् **संवेगर**ङ्गोत्तरां,
शालां सर्वसमानमत्र भुवने संवेगसत्रं तु यः॥ १५ ॥
अन्यश्चाऽ**भयदेवसूरि**रुदयल्लोकोत्तरप्रातिभः,
कर्तुं स्वात्मनि संयमश्रियमविश्रान्तां प्रसन्नामिव।
अत्यन्तं सहचारिणीं प्रियसखीं तस्या **नवाङ्गी**मिमां,
व्याख्यारत्नविभूषणैः किमपि यः प्रासीसदत् सर्वतः ॥ १६ ॥
साक्षाच्छासनदेवतावचनतः प्रस्थाय दूरान्मुदा,
श्रीसंघेन चतुर्विधेन सहितः श्रीधर्मचक्रीव यः।
सेढीस्वस्तटिनीतटे प्रकटयामासेह तात्कालिकश्री-
द्वात्रिंशिकया द्रुतं नवनिधिप्रायं च **पार्श्वप्रभुम्** ॥ १७ ॥
मुक्त्वा काककुलायवज्जनिभुवं तं चैत्यवास्यालयं,
यः पुंस्कोकिलकान्तिरात्मविदुरो वर्त्तिष्णु तत्र प्रभौ।
माकन्दे परपुष्टसाधुकुलमाशिश्राय सत्सिद्धये,
स श्रीमान् **जिनवल्लभ**स्तत उदैद् विश्वत्रयीवल्लभः ॥ १८ ॥
यः श्रीमान् मन्दरागो विबुधसमुदयैः पर्युपास्यः समन्तात्,
सिद्धान्तक्षीरवार्द्धेरतिदुरधिगमागाधमध्यं विगाह्य।
स्राक् **कर्मग्रन्थ-पिण्डप्रकरण**मुखसद्ग्रन्थपीयूषकुण्डैः,
प्रत्नैरत्नैश्च धिन्वन् सकलसुमनसोऽभूत् क्षमाभृद्वतंस ॥ १९ ॥
तत्पट्टे **जिनदत्तसूरि**रुदभूत् श्रीकृष्णमूर्त्तिर्दधद्,
विध्यादित्रिपदो य एष नरकप्रष्ठान् वृषद्वेषिणः।
बिभ्राणान् भुवि भावभासुरमपाचक्रे परानित्यतः,
स्थानेऽसेव्यत यो निदेशमनिशं दिष्ट्येच्छुभिर्दैवतैः ॥ २० ॥
तदनु च **जिनचन्द्रसूरिसिंहः** समजनि शैशवशालिनाऽपि येन।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रबलमदभरान्धवादिदंतावलदलना खलु लीलयैव चक्रे॥ २१ ॥

सकलज्योतिरुदयलक्ष्मीकृतिकामिकतीर्थमद्भुतं
शुभतमसततभाविपूर्वस्थितिसुभगम्भावुकोन्नतम्।
तत्पदमेतदुदयधरणीधरमलमकृतातिभास्वर-
स्त्रिभुवनरञ्जनैकधामर्द्धि**र्जिनपतिसूरि**भास्करः॥ २२ ॥

यस्याग्रे न परो गुरुर्न च कविर्नो वा बुधः प्राद्युतत्,
प्रागल्भी न कलावतो न तमसः क्षुद्रग्रहाणां न च।
वादीन्द्राश्च भयंकरा अपि ययुः स्राग् घूकवन्मूकतां,
धाम्नां धाम य एक एव भुवने किन्तूद्दिदीपेऽभितः॥ २३ ॥

सूरिः **श्रीसर्वदेवः** सह**विजय**पदे **देवसूरिः** कृतीन्द्र-
स्तर्क्काम्रोद्यानपालः स जगति **जिनपालो**ऽभिषेकावतंसः।
श्रीमान् **सूरप्रभः** संघहितयुत उपाध्याय इत्येवमाद्या,
विद्यानद्यर्ण्णवाः क्ष्मातलमतिलकयन् यस्य शिष्यांशुदण्डाः॥ २४ ॥

श्रीसंघपट्टकपरिष्कृतपञ्चलिङ्ग्याः, सिद्धान्तदिव्यसरसीसरसीरुहिण्याः।
अश्रान्तसन्तमससंहतिहृद्रवीभिर्विस्तार्य यः परिमलं प्रकटीचकार॥ २५ ॥

त्रिभुवनसुभगम्भविष्णुमूर्त्तिः प्रतिदिशमेदुरकीर्त्तिकौमुदीकः।
अयमुदयमिहाऽऽससाद सद्यस्तदनु **जिनेश्वरसूरि**पूर्ण्णिमेन्दुः॥ २६ ॥

अनन्तान् सिद्धान्तान् बहुतिथभिदं लक्षणविदं,
तमस्यर्कास्तर्कान् जननि! सदलङ्कारपटलम्।
कथं धत्से स्वच्छे गिरमिति नुवन् हृद्यतनवं,
तदास्यं यस्यास्यं तदनु कुतुकाद्वैतमचकात्॥ २७ ॥

यस्यास्ये शारदाऽऽस्ते ध्रुवमयमिति निर्माति सद्यः प्रबन्धं,
वाक्ये वाचस्पतिश्च स्पृहयति विबुधश्रेणिरुच्चैस्तदस्मै।
हस्ते सर्वाऽपि सिद्धिस्तदिह शिरसि सत्येव सा स्फूर्त्तिमीर्ते,
मूर्त्तौ पर्वेन्दुबिम्बं क्षिपति जनदृशोस्तेन पीयूषमेषा॥ २८ ॥

तस्यास्य स्वगुरोः परस्वसमयालङ्कारतर्कादिस-
द्विद्यास्वर्णमहाखनेरविरतोपास्त्या सुवर्ण्णोत्करान्।
प्राप्य **श्रीजिनरत्नसूरि**रुदयत्सारस्वतप्रातिभो-
ऽसौ **लक्ष्मीतिलको** गणिश्च किमपि त्रैविद्यचूडामणिः॥ २९ ॥

श्रीलीलास्पदपद्मदेवतनय**क्षेम** न्धरोद्धान्वय-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्षीराम्भोधिसुधांशुना **जगधर**श्राद्धेशितुः सूनुना।
श्री**प्रह्लादन**पत्तने **भुवनपाले**नामुना साधुना,
पद्माकस्य सुतेन **साढल**महाश्राद्धेन चाभ्यर्थितः॥ ३०॥
स्वपूर्वजश्रीम**दशोकचन्द्र** - श्री**नेमिचन्द्रा**दिमसूत्रधारः।
दृब्**धोत्तराध्यायविवृत्ति**सूत्रानुसारतश्चार्वतिसंघटय्य॥ ३१॥
यस्मिन् भान्त्यनुपर्वकाननमहो श्रीसर्गसिद्धालया-
श्चत्वारः स्फरदद्भुतायतनभूः सर्गोऽन्तिमश्चूलिका।
विष्वग्वैबुधहृन्मनोरमतमं **प्रत्येकबुद्धर्षिराट्**-
चातुर्यस्य चरित्रमेतदतुलं चक्रे सुवर्णाचलम्॥ ३२॥

चतुर्भिः कलापकं॥

श्रीमत्सूरि**जिनेश्वर**प्रभृतिभिः साहित्यसिन्धोः पिवैः,
श्रीद्विव्याकरणैः ? सुधीभिरमलीचक्रे प्रयत्नाच्च तत्।
प्रेक्षावत्प्रवरैः परैश्च विमलीकार्य विचार्याऽऽदराद,-
रुद्राग्नींदु १३११ शरत्तपस्यविमलैकादश्यहेऽपूरि च॥ ३३॥

* * **

श्री अभयदेवसूरि (रुद्रपल्लीय) ने विक्रम संवत् १२७८ में **जयन्तविजय महाकाव्य** और श्री अभयदेवसूरि-वर्द्धमानसूरि की परम्परा में श्री विबुधप्रभसूरि ने १३वीं शताब्दी में प्राकृत **कुन्थुनाथ चरित्र** और पद्मप्रभसूरि ने विक्रम संवत् १२९४ में श्री **मुनिसुव्रत चरित्र महाकाव्य** की रचना की। श्री जिनकुशलसूरिजी ने श्री जिनेश्वरसूरि कृत **चैत्यवन्दन कुलक** कर **विशद टीका** का १३८३ में निर्माण किया।

श्री जिनकुशलसूरि के समय में ही श्रीमालवंशीय ठक्कुर फेरु जो की अलाउद्दीन खिलजी की टंकशाला के अध्यक्ष थे, ने नई विधा का आश्रय लेकर **द्रव्यपरीक्षा** (मुद्राशास्त्र), **रत्नपरीक्षा** (जवाहरात), **धातुपरीक्षा** (विज्ञान) और **गणितपरीक्षा** तथा **ज्योतिषसार** (ज्योतिष शास्त्र) की रचना की।

नई-नई विधाओं में रचना करने का युग प्रारम्भ हो चुका था। श्री जिनप्रभसूरि (१४वीं सदी) ने अनेक तीर्थों पर कल्प लिखकर **विविध तीर्थ कल्प** का निर्माण किया। अनेक समाचारी ग्रन्थों का आलोडन कर प्रामाणिक **विधि मार्ग प्रपा** का निर्माण किया। इसमें प्रतिक्रमण विधि से लेकर उपधान, तपस्या, योगोद्वहन, जिन प्रतिष्ठा आदि मौलिक विधियाँ संकलित हैं। कलिकाल सर्वज्ञ हेमचन्द्रसूरि रचित द्व्याश्रय काव्य के अनुकरण पर **द्व्याश्रय महाकाव्य** लिखा, जिसमें कातन्त्र व्याकरण और महाराजा श्रेणिक का चरित्र गुम्फित है।

मेरुनन्दनोपाध्याय ने विक्रम संवत् १४३१ में लोकहिताचार्य को जो विशद **विज्ञप्ति पत्र**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

लिखा है वह चम्पू काव्य का प्रतिनिधित्व करता है। इससे पूर्व कोई विज्ञप्ति पत्र प्राप्त हो ऐसा संकेन नहीं मिलता है। इसी शैली में जयसागरोपाध्याय ने १४८४ में जो विज्ञप्ति पत्र (विज्ञप्ति त्रिवेणी) जिनभद्रसूरि को भेजा। वह सचमुच में नगरकोट का ऐतिहासिक स्वरूप प्रकट करता है। परवर्ती काल में महोपाध्याय समयसुन्दर, धर्मवर्द्धनगणि, दयासिंहगणि, ज्ञानतिलकोपाध्याय, राजविजयोपाध्याय, रामविजयोपाध्याय, जयशेखर आदि के भी अनेकों साहित्य लक्षणोपेत एवं **सचित्र विज्ञप्ति** पत्र प्राप्त होते हैं।

श्री तरुणप्रभसूरि ने १४११ में **षडावश्यक सूत्र** पर मरुगुर्जर शैली में **बालावबोध** रूप भाषा टीका लिखकर एक ऐतिहासिक युग का सूत्रपात किया। प्राचीन राजस्थानी का स्वरूप इसमें प्राप्त होता है। श्री मेरुसुन्दरोपाध्याय ने **विदग्धमुखमण्डन**, **वाग्भटालङ्कार**, **वृतरत्नाकार**, **शीलोपदेशमाला** आदि विविध विषयों के १५ ग्रन्थों पर भाषा टीका के रूप में बालावबोध की रचना कर तरुणप्रभसूरि की शैली को परिपुष्ट किया। इसके पश्चात् तो इस भाषा और शैली के विकास में अनेको लेख़कों ने बालावबोध की रचना की।

प्रभुभक्ति और आत्मशुद्धि को लक्ष्य में रखकर अनेक कवियों ने अनेक भाषाओं, छन्दों, विविध विधाओं में अपने हृद्गत भावों को स्तोत्र साहित्य में प्रकट किया है। श्री जिनेश्वरसूरि, अभयदेवसूरि, देवभद्रसूरि, जिनवल्लभसूरि, जिनदत्तसूरि, जिनपतिसूरि, जिनेश्वरसूरि, जिनरत्नसूरि, जिनकुशलसूरि, जिनप्रभसूरि, विनयप्रभोपाध्याय, जयसागरोपाध्याय, श्रीवल्लभोपाध्याय, समयसुन्दरोपाध्याय आदि की जो स्तुति, स्तव और स्तोत्र के नाम से रचनाएं प्राप्त होती हैं उनको पढ़कर हृदय आह्लादित ही नहीं होता वरन् प्रभु के साथ तन्मयता स्थापित करता है। जिनप्रभसूरि का पारसी भाषा और छः भाषाओं में रचित स्तोत्रों की रमणीयता देखने योग्य है। कहा जाता है कि जिनप्रभसूरि ने स्वरचित ७०० स्तोत्र तपागच्छीय प्रभाविक आचार्य को समर्पित किए थे। आज यदि खरतरगच्छ आचार्यों द्वारा रचित स्तोत्रों का संकलन किया जाए तो वह संख्या सहस्राधिक ही होगी।

आगमिक ग्रन्थों पर अभयदेवसूरि के पश्चात् श्री जिनहंससूरि एवं जिनचन्द्रसूरि (आद्यपक्षीय) की **आचाराङ्गसूत्र दीपिका** और **टीका**, श्री **साधुरङ्गोपाध्याय** कृत **सूत्रकृताङ्गसूत्र टीका**, वादी हर्षनन्दन और सुमतिकल्लोल रचित **स्थानाङ्ग गाथागतवृत्ति**, जिनराजसूरि की **स्थानाङ्ग सूत्र टीका**, कस्तूरचन्द्रगणि कृत **ज्ञाताधर्मकृताङ्गसूत्र** टीका और मतिकीर्तिगणि कृत **दशाश्रुतस्कन्ध** टीका आदि प्राप्त हैं। कल्पसूत्र पर तो अनेकों टीकाऐं और बालावबोध प्राप्त हैं जिनमें से प्रमुख-प्रमुख लेखक हैं :- जिनप्रभसूरि, मेरुसुन्दरोपाध्याय, लक्ष्मीवल्लभोपाध्याय, समयसुन्दरोपाध्याय, कमललाभोपाध्याय, गुणविनयोपाध्याय, जिनसमुद्रसूरि आदि। उत्तराध्यन सूत्र पर कमलसंयमोपाध्याय, लक्ष्मीवल्लभोपाध्याय आदि की विशद टीकाएं प्राप्त है।

प्रकरण ग्रन्थों में आचार्य अभयदेव कृत **पुद्गल षट्त्रिंशिका**, **निगोद षट्त्रिंशिका**, सप्तति

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

भाष्य, **पञ्चनिर्गन्थी** प्रकरण, जिनेश्वरसूरि कृत **श्रावकधर्मविधि प्रकरण**, नेमिचन्द भांडागारिक कृत **षष्टिशतकप्रकरण**, गजसारगणि कृत **विचारषट्त्रिंशिका** आदि अनेकों प्रकरण ग्रन्थ प्राप्त हैं।

कथाग्रन्थों में जिनेश्वरसूरि कृत **निर्वाण लीलावती, कथाकोष**, देवभद्राचार्य कृत **कथारत्नकोष, पार्श्वनाथ चरित्र, महावीर चरित्र**, वर्द्धमानसूरि कृत **आदिनाथ चरित्र, मनोरमा चरित्र, धर्मरत्न करण्डक**, गुणसमृद्धि महत्तरा कृत **अञ्जनासुन्दरी चरित्र** आदि अनेक ग्रन्थ प्राप्त होते हैं।

पूर्वोल्लिखित महाकाव्यों के अतिरिक्त श्रीवल्लभोपाध्याय कृत **विजयदेव महात्म्य संघपति रूपजी वंशप्रशस्ति**, सूरचन्द्रोपाध्याय कृत **स्थूलिभद्र गुणमाला काव्य**, रामविजयोपाध्याय कृत **गौतमीय महाकाव्य**, और शिवचन्द्रोपाध्याय कृत **प्रद्युम्नलीलाप्रकाश** गद्य काव्य प्राप्त हैं।

पादपूर्ति काव्यों में विक्रम कवि कृत **नेमिदूतम्** (मेघदूत पादपूर्ति), विमलकीर्ति कृत **चन्द्रदूतम्** (मेघदूत पादपूर्ति), समयसुन्दरोपाध्याय कृत **जिनसिंहसूरि पदोत्सव काव्य** (रघुवंश पादपूर्ति), और समयसुन्दरोपाध्याय, एवं धर्मवर्द्धनोपाध्याय आदि रचित **भक्तामर पादपूर्ति स्तोत्र** भी प्राप्त हैं।

न्यायदर्शनशास्त्र में जिनेश्वरसूरि का **प्रमालक्ष्म**, देवभद्रसूरि का **प्रमाणप्रकाश**, अभयतिलक का **न्यायालङ्कार टिप्पण, पानीय वादस्थल** आदि। टीका ग्रन्थों में गंगेश कृत **तत्त्वचिन्तामणि** पर गुणरत्नगणि की **सुखबोधिका** टिप्पण प्राप्त है। इनके अतिरिक्त सोमतिलकसूरि की **षड्दर्शन समुच्चय टीका**, चारित्रनन्दी का **स्यादवाद पुष्पकलिका प्रकाश**, सुमतिसागरोपाध्याय का **तत्त्वचिन्ताभणि टिप्पणक**, गुणरत्नोपाध्याय की **तर्क भाषा टीका**, क्षमाकल्याणोपाध्याय एवं कर्मचन्द की **तर्कसंग्रह** टीकाएं, भक्ति लाभोपाध्याय का **न्यायसार चूर्णि**, दयारत्न की **न्याय रत्नावली**, जिनवर्द्धनसूरि और भावप्रमोद की **सप्त पदार्थी टीकाएं** प्राप्त है।

स्वतन्त्र व्याकरण शास्त्र में **बुद्धिसागर व्याकरण**, सहजकीर्ति कृत **शब्दार्णव व्याकरण, ऋजुप्राज्ञ व्याकरण**, सहजसुन्दर की **शब्दार्णव प्रक्रिया**, साधुसुन्दर का **धातुरत्नाकर, उक्तिरत्नाकर** आदि। व्याख्या ग्रन्थों में मन्त्रि मण्डन कृत **सारश्वत मण्डन** एवं **उपसर्ग मण्डन**, सहजकीर्ति कृत **सारश्वत व्याकरण टीका**, सदानन्द कृत **सिद्धान्त चन्द्रिका टीका** आदि। **कातन्त्र विभ्रम** सूत्र पर जिनप्रभसूरि और चारित्रसिंह की **टीकाएं** प्राप्त हैं। **हैमलिङ्गानुशासन** पर श्रीवल्लभोपाध्याय की **दुर्गपदप्रबोध टीका** प्राप्त है। मतिकीर्ति की **गुणकित्व षौडशिका**, विमलकीर्ति की **पदव्यवस्था**, विशालकीर्ति की **प्रक्रिया कौमुदी टीका** आदि कृतियाँ भी प्राप्त हैं।

पूर्ववर्ती महाकवियों के महाकाव्यों पर खरतरगच्छीय आचार्यों ने अपनी लेखिनी चलाकर इसको समृद्ध करने में कोई कमी नहीं रखी है। **रघुवंश काव्य** पर क्षेमहंस, गुणरत्नोपाध्याय, गुणविनयोपाध्याय, चारित्रवर्द्धन, जिनसमुद्रसूरि, धर्ममेरुगणि, पुण्यहर्षगणि, समयसुन्दरोपाध्याय, सुमतिविजयगणि, जयसागरोपाध्याय आदि। **कुमार सम्भव** पर क्षेमहंस, **चारित्रवर्द्धन**, जिनभद्रसूरि, जिनसमुद्रसूरि, लक्ष्मीवल्लभोपाध्याय, समयसुन्दरोपाध्याय आदि की टीकाऐं। **मेघदूत काव्य** पर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्षेमहंसगणि, गुणरत्नोपाध्याय, चारित्रवर्द्धन, महिमसिंह, विनयचन्द्रगणि, समयसुन्दरोपाध्याय, सुमतिविजय आदि की टीकाएं। शिशुपालवध पर चारित्रवर्द्धन, धर्मरुचिगणि, ललितकीर्तिगणि, समयसुन्दरोपाध्याय (केवल तृतीय सर्ग) आदि ग्रन्थ। नैषध काव्य पर चारित्रवर्द्धन और जिनराजसूरि की टीकाएं प्राप्त है। खण्डप्रशस्ति लघुकाव्य पर गुणविनयोपाध्याय की टीका प्राप्त है।

जिनदेवसूरि कृत शिलोञ्छनाममाला कोष और साधुसुन्दरोपाध्याय कृत शब्दरत्नाकर कोष आदि प्राप्त हैं। टीका ग्रन्थों में महाकवि महेश्वर कृत **शब्द-प्रभेद** पर ज्ञानविमलोपाध्याय, कलिकाल सर्वज्ञ हेमचन्द्र रचित **अभिधान चिन्तामणि नाममाला**, **शेषसंग्रह**, **निघण्टु नाममाला** और जिनदेवसूरि कृत शिलोञ्छनाममाला पर श्रीवल्लभोपाध्याय की टीकाएं प्राप्त है। धर्मवर्द्धन उपाध्याय की **अमरकोष टीका**, साधुकीर्ति उपाध्याय की **विशेष नाममाला टीका**, सहजकीर्ति उपाध्याय का **सिद्ध शब्दार्णव कोष** भी प्राप्त है।

अलङ्कार के ग्रन्थों पर भी प्रमुख-प्रमुख टीकाएं प्राप्त हैं:- गुणरत्नोपाध्याय और क्षमामाणिक्य कृत **काव्यप्रकाश** टीका, **वाग्भटालङ्कार** पर उदयसागर, क्षेमहंस, जिनवर्द्धनसूरि, ज्ञानप्रमोद, राजहंस, समयसुन्दरोपाध्याय, साधुकीर्ति उपाध्याय, मेरुसुन्दरोपाध्याय आदि की टीकाएं। इनके अतिरिक्त उदयचन्द का **अनूप शृङ्गार** और **पाण्डित्य दर्पण**, मन्त्रि मण्डन का **अलङ्कार मण्डन**, ज्ञानमेरु का **कविमुखमण्डन**, महिमसिंह का **रसमञ्जरी** आदि ग्रन्थ भी प्राप्त है।

विदग्धमुखमण्डन पर विनयसागरोपाध्याय, शिवचन्द्रोपाध्याय, श्रीवल्लभोपाध्याय, जिनप्रभसूरि, मेरुसुन्दरोपाध्याय आदि की टीकाएं प्राप्त है।

छन्दशास्त्र पर जिनेश्वरसूरि कृत **छन्दोनुशासन**, जिनप्रबोधसूरि कृत **वृत्तप्रबोध**, धनसागर कृत **छन्दोरहस्य** और **वृत्तरत्नाकर** पर समयसुन्दरोपाध्याय, क्षेमहंस और मेरुसुन्दरोपाध्याय आदि की टीकाएं प्राप्त है। इनके अतिरिक्त लाभवर्द्धन का छन्दोऽवतन्स, कुशललाभोपाध्याय का **पिंगलशिरोमणि**, ज्ञानसारोपाध्याय का **मालापिङ्गल** आदि भी प्राप्त है।

प्रश्नोत्तर काव्यों में जिनवल्लभसूरि कृत **प्रश्नोत्तरैकषष्टिशतक** और पुण्यसागरोपाध्याय की **टीका**, साधुसुन्दरोपाध्याय कृत स्वोपज्ञ टीका सहित **प्रश्नोत्तरैकषष्टिशतक**, विनयसागरोपाध्याय कृत **प्रश्नोत्तरशत काव्य** आदि प्राप्त हैं।

चित्रकाव्यों में श्रीवल्लभोपाध्याय कृत सहस्त्रदलकमल गर्भित **अरजिन स्तव** स्वोपज्ञ टीका सहित, सहजकीर्ति उपाध्याय कृत **शतदलकमल गर्भित पार्श्वनाथ स्तोत्र** और स्फुट चित्रकाव्यों में अनेक कविओं के चित्र काव्य प्राप्त हैं।

अनेकार्थी साहित्य पर **राजानो ददते सौख्यम्** के प्रत्येक अक्षर पर एक-एक लाख अर्थ करने वाले महोपाध्याय समयसुन्दर कृत **अष्टलक्षी**, जिनप्रभसूरि कृत **हैमानेकार्थ कोष टीका**, विनयसागरोपाध्याय कृत **अविदपद शतार्थी** आदि, एवं समयसुन्दरोपाध्याय कृत **मेघदूत प्रथम**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पद्यस्य त्रयोर्था तथा कई स्तुतियों पर श्रीवल्लभोपाध्याय की अनेक अर्थोत्पादक टीकाएं प्राप्त हैं।

संगीतशास्त्र पर मन्त्रि मण्डन का **संगीतमण्डन** प्राप्त है।

मन्त्र-शास्त्र पर पूर्णकलशगणि का **महाविद्या**, जिनप्रभसूरि का **बृहद् सूरिमन्त्र कल्प विवरण** और **बृहद् ह्रींकार कल्प विवरण**, संघतिलकसूरि का **वर्द्धमान विद्या कल्प** और जिनभद्रसूरि का **सूरिमन्त्र कल्प** आदि प्राप्त हैं।

आयुर्वेद साहित्य पर मानकवि का **कविप्रमोद** और **कविविनोद** गुणविलास का **गुणरत्न प्रकाशिका**, रामचन्द्रगणि का **रामविनोद**, **वैद्यविनोद** प्राप्त हैं। ऋद्धिसारगणि का **वैद्यदीपक** उल्लेखनीय कृति है।

ज्योतिष विद्या पर जिनोदयसूरि का **उदयविलास**, लक्ष्मीवल्लभोपाध्याय का कालज्ञान भाषा, ठक्कुर फेरु का **गणितसार**, अभयकुशल का **चमत्कार चिन्तामणि टीका**, महिमोदय का **ज्योतिष रत्नाकर**, पुण्यतिलक का **नरपति जयचर्या टीका** और **हीरकलश** इत्यादि उल्लेखनीय रचनाएं प्राप्त हैं।

१५वीं सदी के विद्वान् श्रावकों में मन्त्री धनद और मन्त्रि मण्डन के कृतित्व को भी नहीं भुलाया जा सकता। ये माण्डवगढ़ के मन्त्री थे और थे जिनभद्रसूरि के परम भक्त। मन्त्री धनद ने भतृहरि के अनुकरण पर **शृङ्गारशतक**, **नीतिशतक** और **वैराग्यशतक** की रचना की। मन्त्री मण्डन ने **अलङ्कार मण्डन**, **चम्पू मण्डन**, **संगीत मण्डन**, **काव्य मण्डन** आदि मण्डन संज्ञक रचनाओं से १० काव्यों की रचना की।

अञ्जनशलाका और प्रतिष्ठादि विधानों के लिए सब गच्छों का मान्य ग्रन्थ है **आचार-दिनकर**। इसके प्रणेता खरतरगच्छ की रुद्रपल्लीय शाखा के हैं। रचना संवत् है १४६८। इस ग्रन्थ में दो विभाग हैं:- १. ग्रहस्थों के १६ कर्म, २. अञ्जनशलाका प्रतिष्ठा स्थापना विधि आदि। इसके रचनाकाल से ही यह ग्रन्थ सर्वमान्य रहा है। इसको आदर्श मानकर कुछ परिवर्तन कर आज भी सर्वत्र इसका उपयोग देखा जा सकता है।

खण्डन-मण्डन साहित्य/चर्चा का उद्भव विक्रम की १७वीं शताब्दी के प्रथम दशक में ही हुआ। इससे पूर्व समस्त गच्छ वाले सौमनस्य और सौहार्द के साथ रहते थे, अपनी परम्परा का पालन कर रहे थे। जयसोमोपाध्याय और गुणविनयोपाध्याय ने कई चर्चा ग्रन्थ लिखकर खरतरगच्छीय मान्यताओं का प्रतिपादन किया।

इसी क्रम में २०वीं शताब्दी में तत्कालीन खरतरगच्छीय श्रीमणिसागरजी (स्व. श्री जिनमणिसागरसूरि) ने कलकत्ता और बम्बई चातुर्मास करते हुए तीन ग्रन्थों का निर्माण किया:- १. **बृहद् पर्युषणा निर्णय** २. **षट्कल्याणक निर्णय।** चर्चा साहित्य के दो ग्रन्थों का और निर्माण किया, वे हैं:- **देवद्रव्यनिर्णय, आगमानुसार मुहपत्ति का निर्णय** और **साध्वी व्याख्यान निर्णय।**

भाषा-साहित्य

जन मानस पर धर्म का बीज वपन, अंकुरित, पुष्पित करने के लिए जैन श्रमणों ने लोक भाषा

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

का आश्रय लिया। जहाँ विद्वानों की जन्मजात भाषा संस्कृत और प्राकृत थी वहीं समय की माँग को देखकर अपभ्रंश को विद्वानों ने स्वीकार किया और अपभ्रंश के बाद मरुगुर्जर भाषा को स्वीकृत करते हुए इसी भाषा में रचनाएं प्रारम्भ कीं। मरुगुर्जर भाषा परवर्ती काल में दो विभागों में बँट गई। राजस्थान प्रदेश की भाषा मरु के स्थान पर राजस्थानी हो गई और गुजरात में गुर्जर के स्थान पर गुजराती हो गई। जनता ने भी इस राजस्थानी भाषा को हृदय से स्वीकार किया और पठन-पाठन भी प्रारम्भ किया। फलतः खरतरगच्छीय आचार्य और मुनि भी राजस्थानी भाषा में लिखने लगे। १५वीं शताब्दी से राजस्थानी भाषा का ही बोलबाला रहा, व्यवहार रहा और २०वीं सदी से राजस्थानी भाषा का स्थान हिन्दी भाषा ने ले लिया। आज के विद्वान् लेखक हिन्दी भाषा में ही लिख रहे हैं। राजस्थानी लेखकों ने अनेक विधाओं को अपनाकर पूजाएं, चौवीसी, वीसी, विवाहलो, कक्क, फागु, रास, चौपई, वेली, छत्तीसी, बत्तीसी, बावनी और बारहमासा आदि संज्ञक में रचनाएं कीं। साथ ही हार्दिक उद्गारों को प्रकट करने के लिए स्तवन, गीत, स्वाध्याय आदि की स्फुट रचनाएं भी प्रचुर मात्रा में हुई।

पूजा - उपासकों के लिए द्रव्य पूजा के अतिरिक्त भाव पूजा की भी परमावश्यकता है। आगम शास्त्रों में द्रव्य और भाव पूजा के प्रचुर उल्लेख प्राप्त होते हैं। पूजा को करते हुए तीर्थंकर के साथ तादात्म्य सम्बन्ध स्थापित करते हुए उच्चतम तीर्थंकर नामकर्म भी उपार्जित किया जा सकता है। इसी आलम्बन को स्वीकार करते हुए खरतरगच्छीय आचार्यों ने सर्वप्रथम पूजाओं का निर्माण किया। पूजा साहित्य में वर्तमान में प्राप्त पूजाओं में प्राचीनतम उपाध्याय साधुकीर्ति रचित **सतरह भेदी पूजा** प्रसिद्ध है। इसकी रचना विक्रम संवत् १६१८ पाटण में हुई है। इसके पश्चात् तो पूजाओं की एक विशिष्ट परम्परा चली जो आज भी उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त कर रही है। संख्या की दृष्टि से भी यह पूजा साहित्य दूसरों की अपेक्षा अग्रगण्य है।

श्रीमद्देवचन्द्र कृत स्नात्र पूजा जो भक्ति रस से सराबोर है स्मरण किए बिना कैसे रहा जा सकता है।

यहाँ नवपद पूजा का स्मरण करना अत्यावश्यक है जो सर्व गच्छों के द्वारा मान्य है। इस पूजा में श्रीयशोविजयोपाध्याय द्वारा कृत श्रीपाल रास की ढालें, श्रीज्ञानविमलसूरि के छन्द और देवचन्द्रोपाध्याय के उल्लाले सम्मलित हैं। इन तीनों का समवेत स्वरूप होना ही नवपद पूजा है। यह पूजा तो शास्त्रों का सार है।

पूजा साहित्य में लौकिक गीतों के तर्जों का ही प्रयोग किया गया है और लौकिक धुनें ही गेय का आकर्षण केन्द्र बनी हैं।

विवाहलो और रासादि - ऐतिहासिक दृष्टि से आचार्यों के जीवन वृत्त का वर्णन करने वाले, आचार्य पदोत्सव का वर्णन करने वाले, स्वर्गवास का वर्णन करने वाले अथवा किसी एक विशिष्ट कार्य का वर्णन करने वाले रास तात्कालीन इतिहास की दृष्टि से अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। इन

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विवाहलो, रास, गीत आदि में आँखो देखा वर्णन ही वर्णित किया जाता है। इन रासों में सोममूर्ति रचित **जिनेश्वरसूरि संयम श्री विवाह वर्णन रास**, धर्मकलश रचित, **जिनकुशलसूरि पट्टाभिषेक रास**, सारमूर्ति रचित **जिनपद्मसूरि पट्टाभिषेक रास**, ज्ञानकलश रचित **जिनोदयसूरि पट्टाभिषेक रास** और मेरुनन्दनोपाध्याय रचित **जिनोदयसूरि विवाहलो**, कल्याणचन्द्र रचित **कीर्तिरत्नसूरि चौपई**, लब्धिकल्लोल रचित **जिनचन्द्रसूरि अकबर प्रतिबोध रास**, समयप्रमोद रचित **युगप्रधान निर्वाण रास**, श्रीसार रचित **जिनराजसूरि रास**, धर्मकीर्ति रचित **जिनसागरसूरि रास**, सुमतिवल्लभ रचित **जिनसागरसूरि निर्वाण रास**, कमलहर्ष रचित **जिनरत्नसूरि निर्वाण रास**, **जिनमहेन्द्रसूरि भास**, शाहलाधा रचित **जिनशिवचन्द्रसूरि रास**, सुमतिरङ्ग रचित **श्रीकीर्तिरत्नसूरि उत्पत्ति छन्द** और जयनिधान रचित **साधुकीर्ति स्वर्गगमन गीत** आदि की गणना की जा सकती है। इसी प्रकार किसी वर्णन विशेष को लेकर जो गीत लिखे गये हैं वे भी ऐतिहासिक एवं पुरातत्त्व की दृष्टि से प्रामाणिक हैं।

रास चौपई - कथाओं के माध्यम से जैन परम्पराओं द्वारा मान्य सिद्धान्तों का पुट देते हुए किन्ही विशिष्ट पुरुषों एवं महासतियों का अन्त में स्वर्गगमन अथवा सिद्धिगमन दिखाते हुए तो गेय पद्धति से रचना की जाती है वह रास और चतुष्पदी कहलाती है। इन गेयात्मक रासों को आधार मानकर नृत्य आदि भी किए जाते हैं। प्रत्येक रास की समाप्ति धर्मतत्त्वों का प्रतिपादन करती हुई शान्त रस में समाप्त होती है। इन रासों में अनेक रसों का अद्‌भुत संगम मिलता है। समयसुन्दर रचित सीताराम चौपई तो नव रसों का खजाना है। खरतरगच्छीय आचार्यों द्वारा निर्मित रास साहित्य से साहित्य भण्डार भरे हुए हैं। उनमें से प्रसिद्ध और प्राप्त रासों का यहाँ संकलन किया गया है। रास साहित्य की रचना १३वीं शताब्दी से प्रारम्भ होती है जो आज भी निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। महाकवि जिनहर्षगणि, समयसुन्दरोपाध्याय, गुणविनयोपाध्याय, धर्मवद्धन उपाध्याय आदि के नाम प्रमुखता से लिए जा सकते है।

चौवीसी, वीसी - हृदय की अनुभूति पूर्ण और श्रद्धाभक्तिपूर्ण जो स्वर लहरी गुञ्जायमान होकर प्रकट होती है वही चौवीसी, वीसी साहित्य का माध्यम है। अनेक आचार्यों, मुनिपुंगवों एवं श्रावक वर्ग ने भक्ति में डुबकी लगाकर इसके माध्यम से अपने को कृतकृत्य किया है। चौवीसी में ऋषभ से लेकर महावीर पर्यन्त चौवीसी तीर्थंकरों की पृथक्-पृथक् गेय रूप में स्तवना की जाती है और कलश रूप में उसका उपसंहार किया जाता है। इसी प्रकार वर्तमान चौवीसी, अनागत चौवीसी और अतीत चौवीसी के तथा एरवत क्षेत्र के चौवीस तीर्थंकरों की स्तवना की जाती है। वीसी में वीस विहरमान जिनों की स्तवना की जाती है। सीमन्धर स्वामी से लेकर अजितवीर्यजिन तक गेय गीतिका के माध्यम से स्तुति की जाती है और अन्त में कलश रूप में उपसंहार किया जाता है। इसमें लोकप्रधान इन स्तवनों, गीतों की रागें/तर्जे लोकगीतों पर ही आधारित रहती हैं।

महोपाध्याय रामविजयोपाध्याय के प्रशिष्य पुण्यशीलगणि के शिष्य महोपाध्याय शिवचन्द्र

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

की अधिकांश रचनाएं संस्कृत या संस्कृतनिष्ठ होती हैं। महाकवि जयदेव के **गीतगोविन्द** के अनुसरण पर इन्होंने भी **चतुर्विंशति जिनेन्द्र स्तवनानि** की रचना की है। प्रत्येक स्तवन संस्कृत भाषा में होते हुए भी लोकगीत ध्वनि के आधार पर गेय रूप में लिखा गया।

प्रत्येक तीर्थंकर की अलग-अलग स्तवना भी की जाती है साथ ही तीर्थों के अधिष्ठाता होने के कारण उस तीर्थंकर की प्रमुखता से स्तवना की जाती है जैसे आबू तीर्थ स्थित आबू भास, बीकानेर स्थित चौवीसटा अर्थात् चौवीस जिन स्तुति, पालनपुर स्थित चन्द्रप्रभस्वामी, पाटण स्थित शान्तिनाथ भगवान्, गिरनार तीर्थ स्थित नेमिनाथ भगवान्, जेसलमेर-फलवर्द्धि, लौद्रवपुर, स्तम्भन, नाकोड़ा, गौड़ी, भाभा, शेरीसा, अजाहरा, नारङ्गा, वाडी, अमीझरा, अंतरिक्ष, वरकाणा, नागोर, इत्यादि से सम्बन्धित पार्श्वनाथ एवं पावापुर स्थित पावापुरी महावीर आदि को प्रमुखता देते हुए अपने भावों को उजागर किया जाता है। चार शाश्वत तीर्थंकरों का भी स्मरण कर उनको नमन किया जाता है। गौतमादि ११ गणधरों, बाहुबली, धन्ना, प्रसन्नचन्द्र आदि महापुरुष, द्रोपदी आदि महासतियाँ, चारों दादागुरुदेव, तत्कालीन संघ के पट्टधर आचार्य आदि की गेय रूप से स्तवना ही गीत, स्तुति और गहुंली कहलाती है। भगवान् नेमिनाथ और राजुल के प्रसंग को लेकर बारहमासा, फाग इत्यादि प्राप्त होते हैं। स्थूलिभद्र के भी बारहमासा प्राप्त होते है। इनके साथ ही कुछ औपदेशिक पद क्रोधादि निवारण, दानशील आदि धारण और बारहभावना इत्यादि के गीत भी प्रचुरता से प्राप्त होते हैं। ये गीत और स्तवन रचनाकार की सुविधानुसार अष्टक रूप में भी होते हैं और तीन से लेकर अधिक गाथाओं के भी होते हैं। चारों दादा गुरूदेवों के अष्टक, गीत, स्तवन, निसाणी, भास आदि साहित्य ७०० से अधिक प्राप्त होते है जिनका संकलन **दादागुरु भजनावली** में किया गया है।

स्तवन गीतकारों में प्रमुखता से महोपाध्याय समयसुन्दर, महिमसमुद्र आचार्य बनने पर जिनसमुद्रसूरि, महाकवि जिनहर्षगणि, धर्मवर्द्धन, जिनराजसूरि, ज्ञानसार आदि के नाम लिए जा सकते हैं। समयसुन्दरजी के लिए तो यह प्रसिद्ध ही है:- **महाराणा कुम्भारा भींतड़ा और समयसुन्दररा गीतड़ा।** आज भी समयसुन्दर के ५०० से अधिक लघु कृतियाँ प्राप्त होती हैं। इसी प्रकार बेगड़ गच्छीय महिमहर्ष/जिनसमुद्रसूरि की गीत साहित्य की दृष्टि से समयसुन्दर जी के साथ तुलना की जा सकती है। इनके भी ५०० के लगभग लघु कृतियाँ प्राप्त होती हैं।

बत्तीसी छत्तीसी आदि - बत्तीसी, छत्तीसी, बावनी, बहुत्तरी, आदि में अधिकांशतः रचनाएं उपदेश परक, आत्मानुभूति परक, योगध्यान परक, धर्मप्रेरक, स्वानुभूति को जागृत करने वाली होती हैं। कई छत्तीसियाँ कर्म, शील, दान और आलोयणा परक भी होती है। आनन्दघनजी, ज्ञानसारजी, और चिदानन्दजी के पद रहस्यवाद से परिपूरित होते है।

इस प्रकार हम देखते है कि आचार्य वर्द्धमानसूरि और जिनेश्वरसूरि ने प्रकर्ष वेग के साथ जिस ज्ञानसत्र को ११वीं शताब्दी में प्रारम्भ किया था उसको परवर्ती आचार्यों ने २०वीं

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

शताब्दी तक अविच्छिन्न रूप से निरन्तर प्रगतिमान रखा और उस ज्ञानसत्र को पल्लवितपुष्पित करते हुए वट वृक्ष का रूप दिया। आगम साहित्य से लेकर गीत साहित्य तक खरतरगच्छीय आचार्यों, उपाध्यायों, गणियों और मुनियों ने जो साहित्य निर्माण कर माँ सरस्वती के भण्डार को समृद्ध किया है वह अनुपमेय ही नहीं असाधारण भी है। संयम और तपश्चरण के साथ भिन्न-भिन्न विषयों के शास्त्रों के अध्ययन और ज्ञानार्जन का कार्य भी इन मुनिजनों ने बड़े प्रेम और उत्साह के साथ व्यवस्थित रूप में किया। सभी उपादेय विषयों के नवीन-नवीन ग्रन्थों का निर्माण भी किया और पुरातन ग्रन्थों पर टीकाएं आदि भी लिखीं। अध्ययन और अध्यापन और साहित्य निर्माण के कार्य में उपयोगी पुरातन जैन ग्रन्थों के अतिरिक्त व्याकरण, न्याय, अलङ्कार, काव्य, कोष, छन्द आदि विविध विषयों के महत्वपूर्ण ग्रन्थों पर अपनी कलम भी चलाई। यह कहना अत्युक्तिपूर्ण न होगा कि समग्र श्वेताम्बर समाज में खरतरगच्छीय आचार्यों द्वारा निर्मित साहित्य अगाध समुद्र के समान विशाल और समस्त जैनों के सिरमोर होने का गौरव धारण करता है।

मेरे इन विचारों की पुष्टि पुरातत्त्वाचार्य पद्मश्री जिनविजयजी भी **कथाकोष प्रकरण** (प्रस्तावना पृष्ठ-५) **इस खरतरगच्छ में उसके (जिनेश्वरसूरि, जिनचन्द्रसूरि, अभयदेवसूरि, जिनवल्लभसूरि के) बाद अनेक बड़े-बड़े प्रभावशाली आचार्य, बड़े-बड़े विद्यानिधि उपाध्याय, बड़े-बड़े प्रतिभाशाली पण्डित मुनि और बड़े-बड़े मांत्रिक, तांत्रिक, ज्योतिर्विद्, वैद्यकविशारद आदि कर्मठ यतिजन हुए जिन्होंने अपने समाजकी उन्नति, प्रगति और प्रतिष्ठा के बढाने में बड़ा भारी योग दिया। सामाजिक और सांप्रदायिक उत्कर्षकी प्रवृत्तिके सिवा, खरतर गच्छानुयायी विद्वानोंने संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश एवं देश्य भाषा के साहित्य को भी समृद्ध करने में असाधारण उद्यम किया और इसके फलस्वरूप आज हमें भाषा, साहित्य, इतिहास, दर्शन, ज्योतिष, वैद्यक आदि विविध विषयों का निरूपण करने वाली छोटी-बड़ी सैकड़ों-हजारों ग्रन्थकृतियां जैन भण्डारों में उपलब्ध हो रही हैं। खरतरगच्छीय विद्वानों की की हुई यह साहित्योपासना न केवल जैन धर्मकी ही दृष्टि से महत्त्व वाली है, अपितु समुच्चय भारतीय संस्कृति के गौरव की दृष्टि से भी उतनी ही महत्ता रखती है।**

साहित्य-संरक्षण

खरतरगच्छाचार्यों ने जो नवीन-नवीन साहित्य निर्माण किया दूसरों के ग्रन्थों पर टीकाएं लिखी और इत: पूर्व समस्त जैनाचार्यों रचित साहित्य, अन्य दार्शनिकों का साहित्य भी जैन भण्डारों में सुरक्षित रख रहे थे उन भण्डारों को विधर्मी, आक्रान्ता शासकों ने तहस-नहस कर डाला और जैन भण्डारों को जला-जला कर नष्ट कर डाला। यही कारण है देवर्धिगणि क्षमाश्रमण के समय का साहित्य हमें प्राप्त नहीं होता है। उस समय जिनभद्रसूरि आदि खरतरगच्छाचार्यों ने द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव के अनुसार उन-उन शासकों से सम्पर्क में आकर उनके धार्मिक जूनून को कम करने का प्रयत्न

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

किया। इस प्रयास में वे यत्किंचित् सफल भी हुए। जिनभद्रसूरि ने प्रबल वेग से अनेक स्थानों पर समृद्ध भण्डारों की स्थापना करते हुए शास्त्र संरक्षण के कार्य को प्रमुख प्रधानता प्रदान की।

जिनभद्रसूरि की मान्यता थी - पहले ज्ञान है और बाद में आचरण। ज्ञान के बिना क्रिया भी सफल नहीं होती है। वह ज्ञान शास्त्रों से प्राप्त होता है और वे शास्त्र वर्तमान समय में पुस्तकों के आधार पर आश्रित हैं तथा वह पुस्तक लेखन/शास्त्रों की प्रतिलिपियाँ करवा कर सद्गुरुओं को अध्ययनार्थ प्रदान करने से प्राप्त होता है।

जिनवल्लभसूरि कृत धर्मशिक्षा का १८वाँ द्वार श्लोक ३८-३९ को अपने संस्मरण में लेते हुए और अनुसरण करते हुए विचार किया:-

ज्ञान समस्त सुखों का दाता है, तत्त्व ज्ञान सद्गुरुओं के अधिगम उपदेश से प्राप्त होता है। तत्त्व ज्ञान से शम की प्राप्ति होती है। शम की प्राप्ति से मानव वैर रहित हो जाता है। फलतः वह शत्रु रहित और द्वेषरहित हो जाता है, निर्भय हो जाता है, अतः हे भव्यजनो! आप आदरपूर्वक श्रुतज्ञान/शास्त्रों को लिखवाओ अर्थात् प्रतिलिपियाँ करवा-करवा कर श्रुत भंडार को समृद्ध करो -

प्राग् ज्ञानं तदनन्तरं किल दया वागार्हतीति स्फुटा,
न ज्ञानेन बिना क्रियापि सफला प्रायो यतो दृश्यते।
तत्स्यात् सम्प्रति पाठतः स च पुनः स्यात्पुस्तकाधारत-
स्तस्मात्पुस्तकलेखनेन मुनिषु ज्ञानं प्रदत्तं भवेत्॥ १८॥
ज्ञानं सर्वसुखप्रदं च ददता साधुव्रजायाभवं,
दत्तं येन ततो भवेदधिगमस्तत्त्वस्य तत्त्वाच्छमः।
शान्तो वैरविवर्जितः स निररिर्निर्द्वेषिणो नो भयं,
तस्माल्लेखयत श्रुतं भुवि जना! यूयं विधायादरम्॥ १९॥

- जेसलमेर ताड़पत्रीय प्रति क्रमाङ्क ११९ की लेखन - प्रशस्ति

यही कारण था कि जिनभद्रसूरि ने अपने उपदेशों के माध्यम से श्रद्धालु उपासकों के मानस को श्रुतभक्ति की ओर मोड़ दिया। उपासक भी सादर भक्ति एवं उल्लास के साथ शास्त्र-लेखन में जुड़ गये। फलतः आचार्यश्री को आशातीत सफलता प्राप्त हुई और उन्होने राजस्थान में ३ - जेसलमेर, जालोर, नागौर; गुजरात में ३ - पाटण, खम्भात, आशापली; मालवा में १ - मांडवगढ़ तथा देवगिरि में कुल ८ स्थानों पर समृद्ध ज्ञान भंडार स्थापित किये।

श्रीमज्जेसलमेरुदुर्ग नगरे जावालपुर्यां तथा
श्रीमद् देवगिरौ तथा अहिपुरे श्रीपत्तने पत्तने।
भाण्डागारमबीभरद् वरतरैर्नानाविधैः पुस्तकैः
सः श्रीमज्जिनभद्रसूरि सुगुरुर्भाग्याद्भुतोऽभूद् भुवि॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

इनमें से जालौर, नागौर, खंभात, आशापल्ली, मांडवगढ़ और देवगिरि के भंडारों का तो अता-पता ही नहीं है। वैसे तो पाटण भंडार का भी पता नहीं है, किन्तु जिनभद्रीय ज्ञान भंडार के कुछ ग्रन्थ आज भी बाड़ी पार्श्वनाथ ज्ञान भण्डार एवं खरतरगच्छ उपाश्रय में ज्ञान भण्डार, पाटण में विद्यमान हैं जो आज भी आचार्य जिनभद्र के नाम को सुरक्षित रखे हुए हैं।

जिनभद्रसूरि ने खम्भात के श्रेष्ठिवर्य पारीक गोत्रीय श्रेष्ठि धरणाशाह और श्रीमाल वंशीय बलिराज उदयराज द्वारा विक्रम संवत् १४८५ से १४९१ के मध्य में अपने उपदेशों से ग्रन्थों की प्रतिलिपियाँ करवाकर भण्डार स्थापित किया था। इन उपासकों द्वारा लिखापित ४८ ताड़पत्रीय ग्रन्थ जिनभद्रसूरि ज्ञान भण्डार, जेसलमेर में प्राप्त हैं। उनकी लेखन पुस्तिकाओं में 'अद्येह स्तम्भतीर्थे' या 'स्तम्भतीर्थे' 'सिद्धान्तकोष' अथवा 'जिनभद्रसूरि भाण्डागारे' लिखा है, अत: खम्भात में जिनभद्रसूरि ज्ञान भण्डार की स्थापना १४८५ या १४८६ के आस-पास ही हुई थी।

इन्हीं भक्तद्वय - श्रेष्ठि धरणा शाह और बलिराज उदयराज ने अणहिलपुर पत्तन में जिनभद्रसूरि भाण्डागार की स्थापना सं० १४८७-८८ में की। जेसलमेर भण्डार में कागज पर लिखित दश से अधिक प्रतियाँ विद्यमान हैं जो १४८७ से १४८९ के मध्य लिखी हुई हैं, इनकी लेखन पुष्पिकाओं में 'श्री पत्तने' या 'पत्तनमध्ये' 'श्रीजिनभद्रसूरीणां भाण्डागारे' अंकित है। वाडी पार्श्वनाथ मंदिर, पाटण के ज्ञान भण्डार में आज भी इन्ही के उपदेश से लिखापित पचासों ग्रन्थ विद्यमान हैं।

जिनभद्रसूरि ज्ञान भण्डार, जेसलमेर की स्थापना कब हुई, निश्चित रूप से कुछ भी नहीं कहा जा सकता, किन्तु अनुमान है कि इसकी स्थापना विक्रम संवत् १४९७ में या इसके आस-पास ही हुई होगी, क्योंकि आचार्य जिनभद्र ने ३०० प्रतिमाओं के साथ संभवनाथ मन्दिर की विक्रम सं० १४९७ में प्रतिष्ठा करवाई थी। ज्ञान भण्डार के उद्देश्य को ध्यान में रखकर ही सम्भवनाथ मन्दिर निर्माण के समय पहले तलगृह का निर्माण करवाया गया होगा और प्रतिष्ठा के समय या उसी वर्ष शुभ मुहूर्त में भण्डार की स्थापना की गई होगी।

इसी वर्ष १४९७ माघ सुदी ५ जिनभद्रसूरि के उपदेश से जेसलमेर में लिखापित 'कल्पसूत्र संदेहविषौषधि वृत्ति' की प्रति क्रमांक ४२६ पर प्राप्त है और दूसरी कागज की प्रति १४९९ की लिखित क्रमांक ७४ पर विद्यमान है। अत: इस भण्डार की स्थापना का समय १४९७ मान सकते हैं। भण्डार की स्थापना के पश्चात् उनके शिष्य परिवार और परवर्ती खरतरगच्छीय आचार्यादि इसे सर्वदा समृद्ध करते रहे।

माण्डवगढ़ के भण्डार का भी कोई पता नहीं चलता किन्तु पाटण के सागरगच्छ के उपाश्रय में सुरक्षित भगवती सूत्र की निम्न प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि विक्रम संवत् १५०३ में मन्त्रीमण्डन और संघपति धनराज ने जिनभद्रसूरि के उपदेश से समस्त सिद्धान्त ग्रन्थ लिखवाये थे :-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

'सं० १५०३ वैशाख सुदि प्रतिपत्तिथौ रविदिने अद्येह श्रीस्तम्भतीर्थे श्रीखरतरगच्छे श्रीजिनराजसूरि पट्टे श्रीजिनभद्रसूरीश्वराणामुपदेशेन श्रीश्रीमालज्ञातीय सं० माण्डण सं. धनराज भगवतीसूत्र पुस्तकं निजपुण्यार्थं लिखापितं। श्रीमालज्ञातिमण्डनेन संघेश्वर श्रीमण्डनेन सं० श्री धनराज सं० खीमराज सं० उदयराज सं० मण्डनपुत्र पूजा सं० जीजी सं० संग्राम सं० श्रीमालप्रमुखपरिवृतेन सकलसिद्धान्त-पुस्तकानि लेखयांचक्राणानि श्रीः।'

उक्त आठ भंडारों में से मुख्यतः केवल एकमात्र 'जैसाणो' जेसलमेर में स्थापित जिनभद्रसूरि ज्ञान भंडार ही आज विद्यमान है। यह भंडार विश्वविश्रुत ज्ञान भंडार है। प्राचीनता एवं ४०३ ताड़पत्रीय ग्रन्थों की प्रचुरता से समृद्ध है और अन्यत्र अप्राप्त अनेक दुर्लभ ग्रन्थों/पाण्डुलिपियों से समलंकृत है। भारतीय और पाश्चात्य शोधकों ने यहाँ आ-आकर, शोधकर, पाण्डुलिपियाँ करवाकर, प्रकाशन कर, इस समृद्ध भंडार के वैशिष्ट्य/गौरव को मुक्तकण्ठ से स्वीकार किया है।

श्री जिनभद्रसूरि ने हजारों ग्रन्थों की प्रतिलिपियाँ करवाकर भण्डारों में सुरक्षित रखीं, इतना ही नहीं, प्रतिलिपिकार विज्ञजन नहीं होते अतः अशुद्धि परिमार्जन हेतु स्वयं और महोपाध्याय सिद्धान्तरुचि, महोपाध्याय कमलसंयम, महोपाध्याय जयसागर, कीर्तिराजगणि आदि के साथ ग्रन्थों का पुनरीक्षण और संशोधन किया था। जेसलमेर ज्ञान भण्डार की कई प्रतियों में इसका स्पष्टतः उल्लेख है।

जिनभद्रसूरि के पश्चात् यत्र-तत्र मुनिवृन्दों और आचार्य वृन्दों ने खरतरगच्छ के सैकड़ों ज्ञान भण्डार स्थापित किये। जिनमें मुख्य-मुख्य स्थानों के नाम निम्न हैं:- नेमिनाथ मन्दिर खरतरगच्छ ज्ञान भण्डार, अजीमगंज, जैन भवन कलकत्ता, खरतरगच्छ ज्ञान भण्डार, खम्भात, जिनभद्रसूरि ज्ञान भण्डार पाटण, वाडीपार्श्वनाथ मन्दिरस्थ भण्डार, पाटण, जिनभद्रसूरि ज्ञान भण्डार, जेसलमेर, बेगड़ गच्छ ज्ञान भण्डार, जेसलमेर, थाहरुशाह ज्ञान भण्डार, जेसलमेर, आचार्यशाखा ज्ञान भण्डार, जेसलमेर, यतिवर्य श्री वृद्धिचन्दजी ज्ञान भण्डार, जेसलमेर, जिनदत्तसूरि ज्ञान भण्डार, गढ़सिवाना, केसरियानाथ ज्ञान भण्डार, जोधपुर, जिनयशसूरि ज्ञान भण्डार, जोधपुर, चाणोद गुरांसा संग्रह, जोधपुर, खरतरगच्छ ज्ञान भण्डार, फलौधी, भावहर्षसूरि ज्ञान भण्डार, बालोतरा, यति माणकचन्दजी संग्रह, बालोतरा, आद्यपक्षीय ज्ञान भण्डार, पाली, खरतरगच्छ ज्ञान भण्डार, पाली, यति नेमिचन्दजी संग्रह, बाड़मेर, हालासंघ ज्ञान भण्डार, ब्यावर, खरतरगच्छ ज्ञान भण्डार, जयपुर, शिवजीराम ज्ञान भण्डार, जयपुर, प्र. पुण्यश्रीजी संग्रह, जयपुर, जिनरङ्गसूरि ज्ञान भण्डार, जयपुर, खरतरगच्छ ज्ञान भण्डार झूंझणू, अभय जैन ग्रन्थालय, बीकानेर, महोपाध्याय क्षमाकल्याण संग्रह, बीकानेर, महोपाध्याय रामलालजी संग्रह, बीकानेर, जिनकृपाचन्द्रसूरि संग्रह, बीकानेर, उपाध्याय जयचन्दजी संग्रह, बीकानेर, महोपाध्याय समीरमलजी संग्रह भीनासर, श्रीपूज्य जिनचारित्रसूरि संग्रह, बीकानेर, मोतीचन्दजी खजांची संग्रह, बीकानेर, बोरो की शेरी का उपाश्रय, बीकानेर, खरतरगच्छ आचार्यशाखा का भण्डार, बीकानेर, बड़ा ज्ञान भण्डार, बीकानेर। इस भण्डार में ९ ज्ञान भण्डार सम्मिलित हैं उनके नाम इस प्रकार हैं:-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

महिमाभक्ति भण्डार, दानसागर भण्डार, वर्द्धमान भण्डार, अभयसिंह भण्डार, जिनहर्षसूरि भण्डार, अबीरजी भण्डार, भुवनभक्ति भण्डार, रामचन्द्र भण्डार और महरचन्द भण्डार। यति विष्णुदयालजी संग्रह, फतेहपुर, खरतरगच्छ ज्ञान भण्डार उज्जैन, खरतरगच्छ ज्ञान भण्डार, कोटा, जिनकृपाचन्द्रसूरि ज्ञान भण्डार, इन्दौर, जिनहरिसागरसूरि ज्ञान भण्डार, पालीताणा, खरतरगच्छ ज्ञान भण्डार, माण्डवी, खरतरगच्छ ज्ञान भण्डार, भुज, खरतरगच्छ ज्ञान भण्डार, अञ्जार, जिनदत्तसूरि ज्ञान भण्डार, बम्बई, जिनदत्तसूरि ज्ञान भण्डार, सूरत आदि।

उक्त भण्डारों में से थाहरुशाह ज्ञान भण्डार, आचार्यशाखा ज्ञान भण्डार और बेगड़ गच्छ ज्ञान भण्डार- ये तीनों ही जिनभद्रसूरि ज्ञान भण्डार, जेसलमेर में संग्रहित कर दिये गये है। यति वृद्धिचन्दजी का संग्रह मुनिराज श्री पुण्यविजयजी को समर्पित कर दिया था अतः वह भण्डार हेमचन्द्रसूरि ज्ञान भण्डार, पाटण में सुरक्षित है। श्रीपूज्य जिनचारित्रसूरि संग्रह, उपाध्याय श्री जयचन्दजी संग्रह, महोपाध्याय श्री समीरमलजी संग्रह, श्रीमोतीचन्दजी खजांची संग्रह ये भण्डार राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, बीकानेर शाखा को भेंट स्वरूप प्रदान कर दिये गये।

इन ज्ञान भण्डारों मे से कई भण्डार विलुप्त हो चुके हैं। कई भण्डार अर्थ लोलुपियों के कारण कबाड़ियों के हाथों मे चले गये हैं। हमारी भाषा, लिपि और साहित्य के प्रति अज्ञता के कारण जल-शरण किये जा चुके हैं और हमारी मूर्खता के कारण कई बण्डल जला भी दिये हैं।

कार्त्तिक शुक्ला ज्ञान पंचमी का महत्त्व इन ग्रन्थों को धूप-दीप देने मात्र का रह गया है। ग्रन्थों के सजावट के साथ खिलौनों की सजावट हमारी मानसि्कता की द्योतक है। हमारे लिए यह आवश्यक है कि जो कुछ भी सुरक्षित रह गया है ज्ञान पूर्वक, श्रद्धा पूर्वक, संजोकर के रखें तभी उन पूर्वाचार्यों की मनोकामना सफल होगी।

मन्दिर-निर्माण

अध्यात्मयोगी श्री देवचन्दजी ने इस कलियुग में भव्यजनों के उद्धार के लिए आगम के साथ **जिनपड़िमा सुखकंदो रे** कहकर जिनप्रतिमा को आधारभूत माना है। भक्ति एवं श्रद्धा का केन्द्र जिनप्रतिमा ही है। हमारी गफलत से आततायियों द्वारा मंदिरों एवं प्राचीन कला-संस्कृति का जो ध्वंस किया गया था उस कला-संस्कृति को पुनरुज्जीवित करने के लिए खरतरगच्छ के आचार्यों ने सैकड़ों नव-मंदिरों का निर्माण करवाया, जीर्णोद्धार करवाये और एक साथ सैकड़ों नहीं, हजारों जिन-मूर्तियों की प्रतिष्ठा भी करवाई। दादा जिनकुशलसूरि ने शत्रुञ्जय मानतुंग विहार की प्रतिष्ठा के समय ५०० से अधिक मूर्तियों की और जिनभद्रसूरि आदि ने जेसलमेर प्रतिष्ठा के समय हजारों जिनमूर्तियों की एक साथ प्रतिष्ठा करवाई थी। जिनवर्द्धनसूरि द्वारा जेसलमेर, करेड़ा और देलवाड़ा के मन्दिर, कीर्तिरत्नसूरि स्थापित नाकोड़ा पार्श्वनाथ तीर्थ, युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि द्वारा प्रतिष्ठत बीकानेर, अहमदाबाद, पाटण आदि, और जिनराजसूरि द्वितीय द्वारा स्थापित चौमुख जी की टूंक, शत्रुञ्जय, लौद्रवा और मेड़ता आदि

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

के मन्दिरों की गणना की जा सकती है।

आचार्यगण मंदिरों के उद्धार, नवीन-निर्माण और संरक्षण इन तीनों दृष्टियों को साथ लेकर चलते थे। भारत के प्रत्येक प्रदेश में इनके द्वारा प्रतिष्ठापित एवं रक्षित तीर्थस्थल पाये जाते हैं। श्री वर्धमानसूरि द्वारा आबू की विमलवसही, श्री अभयदेवसूरि द्वारा स्थापित स्तम्भन पार्श्वनाथ तीर्थ, श्री जिनवल्लभसूरि द्वारा प्रतिष्ठापित चित्तौड़, नागौर, मरुकोट्ट के मंदिर, युगप्रधान श्री जिनदत्तसूरि द्वारा प्रतिष्ठित अजमेर, कन्यानयन, विक्रमपुर, नरहड़ आदि के मंदिर, श्री जिनपतिसूरि द्वारा प्रतिष्ठापित स्वर्णगिरि, खेटक आदि के और भी जिनकुशलसूरि स्थापित शत्रुञ्जय में मानतुंग विहार, पाटण, सिंध के देवराजपुर, उच्चानगर, हाला आदि, भुवनहिताचार्य द्वारा राजगृह, आदि स्थानों में मंदिर स्थापित करने और प्रतिष्ठापित करने के उल्लेख मिलते ही हैं।

बिहार/बंगाल प्रदेश में सम्मेतशिखर, पावापुरी, राजगृह, चम्पापुरी, अजीमगंज, मिथिला, जौनुपर, क्षत्रियकुण्ड, कलकत्ता आदि, हिमाचल प्रदेश में नगरकोट (कांगड़ा), पंजाब में लाहोर, उत्तर प्रदेश में लखनऊ, कंपिलपुर, हस्तिनापुर, राजस्थान में जेसलमेर, लौद्रवा, अमरसागर, बाड़मेर, नाकोड़ा पार्श्वनाथ, कापरड़ा, करेड़ा, जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, त्रिभुवनगिरि, नागोर, चूरु, उदयपुर, देलवाड़ा, आबू-खरतरवसही, सौराष्ट्र में शत्रुञ्जय - मानतुंग विहार, खरतरवसही, सेठ मोतीशाह का मंदिर, तलेटी मंदिर, गिरनार तीर्थ की खरतरवसही आदि, गुजरात में पाटण - वाड़ी पार्श्वनाथ, खेतरवाड़ा जो कि खरतरपाटक का ही अपभ्रंश प्रतीत होता है, अहमदाबाद में सोमजी शिवाजी रायपुर, नागपुर आदि स्थानों पर खरतरगच्छ के समृद्ध श्रावकों द्वारा मंदिरों का निर्माण हुआ था और वे खरतरगच्छ के आचार्यों द्वारा प्रतिष्ठापित थे। इस प्रकार देखा जाए तो भारत के प्रमुख-प्रमुख तीर्थ खरतरगच्छ के आचार्यों द्वारा प्रतिष्ठापित थे और व्यवस्था भी इसी गच्छ के श्रावकों द्वारा होती थी। आज वर्तमान में इन तीर्थों की व्यवस्था और रक्षा चाहे किसी के हाथों में हो किन्तु पूर्व में तो ये खरतरगच्छ द्वारा ही प्रतिष्ठित और संरक्षित थे।

विधिचैत्य -

श्री जिनवल्लभसूरि ने जिनेश्वरसूरि की मान्यताओं का प्रचण्ड वेग के साथ समर्थन ही नहीं किया अपितु निषेध के साथ शासत्रविहित विधि का भी प्रखरता के साथ प्रचार किया। जिनवल्लभसूरि की विधि सम्मत आचार्य व्यवस्था के कारण ही उनके अनुयायी विधि पक्ष के नाम से सम्बोधित किए जाने लगे। जैन परम्परा के प्रमुखत: समस्त क्रिया विधा भगवद् मूर्ति के समक्ष मन्दिरों में ही होते है। मन्दिर और मूर्तियाँ ही विधि सम्मत न होकर परम्पराओं के अखाड़े हों तो स्वाभाविक है कि नवीन मन्दिरों का निर्माण करवाया जाए। जिनवल्लभसूरि के समय से ये मन्दिर भी विधिचैत्य के नाम से सम्बोधित होने लगे। प्रतिष्ठित मन्दिरों और मूर्तियों में भी 'विधि' शब्द का उल्लेख होने लगा। उदाहरण के तौर पर - (मेरे द्वारा सम्पादित खरतरगच्छ प्रतिष्ठा लेख संग्रह के) लेखाङ्क १ - 'विधि चैत्य'

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(श्लोक ६५ एवं ७५), लेखाङ्क ३ - सम्वत् ११७६ के लेख में 'वीरचैत्यविधौ', लेखाङ्क २० 'महावीरविधिचैत्य - जावालीपुरे श्रीमहावीरविधिचैत्य', लेखाङ्क ३५ - 'विधिचैत्य', लेखाङ्क ३८ - 'प्रह्लादनपुरे श्रीयुगादिदेवविधिचैत्य', लेखाङ्क ४२-४३ - 'युगादिदेवविधिचैत्य', इस लेख में खरतरगच्छीय संघ को भी 'विधि संघ' शब्द से अभिहित किया है। लेखाङ्क ४६ - 'श्री जैसलमेरुपार्श्वनाथविधिचैत्य' और 'श्रीपत्तने शान्तिनाथविधिचैत्य', लेखाङ्क ४७ - 'श्रीपत्तने श्रीशान्तिनाथविधिचैत्य', लेखाङ्क ५४, ५५, ५६, ६६, ६७, ७९ और ८० में 'श्रीपत्तने शान्तिनाथविधिचैत्य' का उल्लेखनीय प्रयोग प्राप्त होता है। विधिचैत्य का प्रयोग १२वीं शताब्दी सं प्रारम्भ होकर १४वीं शताब्दी तक तो चला ही है किन्तु १७वीं शताब्दी में भी इस शब्द के कहीं-कहीं उल्लेख प्राप्त होते हैं। जैसे - लेखाङ्क ११९४ और १२०५ में अहमदाबाद और पाटण के लेखां में 'शान्तिवीरविधिचैत्य' तथा लेखाङ्क ११९५, ११९७, ११९८ में 'शान्तिनाथविधिचैत्य' अहमदाबाद के उल्लेख प्राप्त होते हैं।

उल्लेखनीय है कि श्री विजय धर्मलक्ष्मी ज्ञान मन्दिर, आगरा में सुरक्षित १४वीं शताब्दी के अन्तिम चरण अथवा १५वीं शताब्दी के प्रथम चरण में लिखित स्वाध्याय पुस्तिका में दो पद्यो द्वारा विभिन्न नगरों में स्थापित विधिचैत्य में विराजमान मूलनायक के नमस्कार किया गया है:-

श्रीमालाख्यपुरे सुशर्मनगरे स्वर्णाचले पत्तने
शान्ति-पार्श्व जिनश्च जेसलपुरे माण्डव्यपुर्यादिषु।
श्रीजावालिपुरे च विक्रमपुरे श्रीभीमपल्ल्यां महा-
वीरो लाटहृदे च मण्डलकरे ऽवन्त्यां च कन्यानके॥ १॥
श्रीनाभेयजिनश्च वाग्भटपुरे श्री चित्रकूटे तथा
श्रीविद्युत्पुर-शान्तिनादिपुरयो श्रीवासुपूज्याजितौ।
गिंधिन्या च सुपार्श्वराट् शशिपतिः प्रह्लादने पत्तने
चोञ्चायां विधिचैत्यसंस्थितिकृतस्तीर्थेश्वरान् संस्तुवे॥ २॥

दादावाड़ियाँ -

खरतरगच्छ में चारों दादागुरुदेव - युगप्रधान जिनदत्तसूरि, मणिधारी जिनचन्द्रसूरि, प्रगट प्रभावी जिनकुशलसूरि और युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि - की मान्यता अभूत पूर्व रही है। श्रद्धा भक्ति के साथ इनकी नित्य निमित्त पूजन अर्चना होती है और मनोभिलाषा की पूर्ति भी होती है। इन दादागुरुदेवों का क्रमशः स्वर्गस्थल निम्न हैं :- १. अजमेर २. दिल्ली ३. देराउर (जो अब पाकिस्तान में है) ४. बिलाड़ा। जिनकुशलसूरिजी के दर्शन देने के स्थान मालपुरा, नाल और ब्रह्मसर है। इन गुरुदेवों की उपासना न केवल खरतरगच्छ वाले ही करते हैं अपितु जैन और जैनेतर भी श्रद्धा के साथ करते है।

दादाबाड़ियों की स्थापना का प्रारम्भ विक्रम संवत् १२२१ में ही प्रारम्भ हो गया था। मणिधारी जिनचन्द्रसूरि ने अजमेर में श्री जिनदत्तसूरि जी के स्मारक स्तूप की प्रतिष्ठा करवाई थी। इस

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

स्तूप का जीर्णोद्धार विक्रम संवत् १२३५ में जिनपतिसूरि ने करवाया। तभी से इन गुरुदेवों की स्थापना निरन्तर और अविच्छिन्न रूप से होती रही है। पूर्व में इन दादाबाड़ियों में **थुम्भ/स्तूप** के रूप में प्रतिष्ठा होती थी। परवर्ती काल में चरणों और मूर्तियों की स्थापना होती रही है। भारत वर्ष के कोने-कोने में इनकी दादाबाड़ियाँ विद्यमान हैं। अनुमानत: इनकी संख्या १४००-१५०० के लगभग है।

खरतरगच्छाचार्यों द्वारा मूर्तियों एवं दादागुरुदेवों के मूर्ति-चरणों के प्रतिष्ठा लेख हजारों की संख्या में प्राप्त होते हैं। गाँवों-गाँवों मे घूमकर खरतरगच्छीय प्रतिष्ठा लेखों का संकलन किया जाए तो उनके लेख १०,००० से कम नहीं होंगे। मैंने पूर्व विद्वानों द्वारा प्रकाशित लेखों का संकलन कर **खरतरगच्छ प्रतिष्ठा लेख संग्रह** के नाम से प्रकाशित किया है जिसमें २७६० लेख हैं। आशा करता हूँ भविष्य में कोई समर्पित विद्वान् इस कार्य को सम्पन्न करेगा।

राजाओं से सम्बन्ध

शास्त्रों में विशिष्ट व्यक्तित्व एवं गुणधारक आचार्यों को **प्रभावक** शब्द से संबोधित किया गया है। प्रभावक आचार्य आठ प्रकार के बतलाए गये हैं:- प्रावचनिक, धर्मकथा प्ररूपक, वादी, नैमित्तिक, तपस्वी, विद्याधारक, सिद्धिधारक और कवि। शासन प्रभावक आचार्य उपरोक्त किसी भी गुणसिद्धि को प्रमुखता देते हुए शासन की रक्षा के लिए, शासन के उत्कर्ष के लिए, शासन की प्रभावना के लिए प्रयोग करते हैं। किसी भी देश के राजा को अपने धर्म का अनुयायी बनाकर शासन प्रभावना इनका मुख्य लक्ष्य रहता है। किसी को पूर्णत: अपना अनुयायी बना लेना, किसी के साथ गाढ़ मधुर सम्बन्ध रखते हुए उनको प्रभावित कर तीर्थों और संघों के उपद्रवों को दूर करना, फरमान प्राप्त करना और किसी के साथ सामञ्जस्य स्थापित करते हुए अपने समाज को सुरक्षित रखना। 'यथा राजा तथा प्रजा' के न्याय के अनुसार प्रजा राजा का ही अनुकरण करती है और राजा द्वारा स्वीकृत या सम्मानित धर्म ही प्रजा का धर्म हो जाता है। अत: यह आवश्यक होता है कि अपने व्यक्तित्व, कृतित्व और चमत्कारिकता से किसी भी नरेश को प्रतिबोध देकर धार्मिक कार्य कराये जाएं। पूर्व-परम्परा का अनुसरण करते हुए खरतरगच्छाचार्यों ने भी इस ओर पहल की और न केवल गच्छ के अभ्युदय को अपितु शासन के अभ्युदय को भी प्रखरता से बढ़ाया। इतिहास में इस सम्बन्ध में जो भी उल्लेख मिलते हैं उनमें से कतिपय उल्लेख निम्न हैं:-

पाटण के दुर्लभराज चौलुक्य - श्री वर्द्धमान सूरि के शिष्य श्री जिनेश्वर सूरि ने अणहिल्ल पत्तन में गुर्जरेश्वर दुर्लभराज की सभा में चैत्यवासियों के साथ शास्त्रार्थ कर, उनको पराजित कर खरतरविरुद प्राप्त किया। महाराजा दुर्लभराज इनको बड़ी सम्मान की दृष्टि से देखते थे।

धारा एवं चित्तोड़ नरेश नरवर्म - श्री जिनवल्लभसूरि (सर्ग सं० ११६७) जब चित्तोड़ में थे तब, धाराधीश नरवर्म की सभा में दो दक्षिणी पण्डितों ने 'कण्ठे कुठार: कमठे ठकार:' यह समस्यापद रखा। स्थानीय विद्वानों व राज पण्डितों की समस्यापूर्ति से असन्तुष्ट होकर, कवि जिनवल्लभ का नाम

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सुनकर द्रुतगति से अपने विशिष्ट अनुचरों को भेजकर उनने यह समस्या पूर्ति करवाई। महाराजा नरवर्म सन्तुष्ट हुए। अष्टसप्तति के अनुसार महाराजा नरवर्म चित्तोड़ के भी अधिपति थे। जिनवल्लभसूरि द्वारा नवनिर्मापित विधि चैत्यों में आकर भक्ति पूर्वक वन्दना की ओर भेंट भी की। नरवर्म जिनवल्लभसूरि के प्रमुख भक्त थे।

अजमेर के अर्णोराज चौहान - युगप्रधान जिनदत्तसूरि के परम भक्त थे और उनके उपदेशों से प्रभावित होकर जिनमंदिर व उपाश्रयों के लिए यथेच्छ भूमि प्रदान की थी।

त्रिभुवनगिरि का राजा कुमारपाल - युगप्रधान श्री जिनदत्तसूरिजी ने त्रिभुवनगिरि (तिहुणगढ़) पधार कर वहां के महाराजा कुमारपाल को प्रतिबोध दिया। श्रीशान्तिनाथ मंदिर की प्रतिष्ठा की और उधर के प्रदेश में प्रचुरता के साथ अपने शिष्यों को विहार कराया।

तेरहवीं शताब्दी में चित्रित काष्ठपट्टिका में जिनदत्तसूरि के साथ महाराजा कुमारपाल को भी दिखाया गया है।

दिल्ली के महाराजा मदनपाल - सं० १२२३ में श्री जिनदत्तसूरिजी के शिष्य मणिधारी श्रीजिनचन्द्रसूरिजी दिल्ली के निकटवर्ती ग्राम में पधारे। जिनदत्तसूरि द्वारा निषेधाज्ञा होने पर भी महाराजा के विशेष अनुरोध से जिनचन्द्रसूरि दिल्ली पधारे। बड़े भारी समारोह से उनका प्रवेशोत्सव हुआ। महाराजा मदनपाल (अनङ्गपाल) स्वयं सूरिजी का हाथ पकड़े हुए उनकी पेशवाई में चल रहा था। राजा की प्रार्थना से उन्होंने वहीं चातुर्मास किया पर दुर्भायवश उनका वहीं स्वर्गवास हो गया।

आशिका नरेश भीमसिंह - श्री जिनपतिसूरिजी सं० १२२८ में आशिका नरेश के विशेष अनुरोध को ध्यान में रखकर आशिका पधारे। भूपति भीमसिंह के हाथ पूर्वोक्त दिल्ली के प्रवेश की भांति आशिका में प्रवेशोत्सव हुआ। सूरिजी ने स्थानीय दिगम्बराचार्य के साथ शास्त्रार्थ किया और उसमें सूरिजी की विजय हुई। इससे आशिका नरेश बहुत प्रसन्न होकर सूरिजी के प्रति श्रद्धालु बना। पुनः सं० १२३२ में मंदिर की प्रतिष्ठा करने हेतु सूरिजी आशिका पधारे।

अजमेर का महाराजा पृथ्वीराज चौहान - श्री जिनपतिसूरिजी सं० १२३९ में अजमेर पधारे। राजसभा में चैत्यवासी उपकेशगच्छीय पं० पद्मप्रभ के साथ उनका शास्त्रार्थ हुआ, जिसमें सूरिजी की विजय हुई और पृथ्वीराज चौहान ने स्वयं उपाश्रय आकर जयपत्र आचार्य को भेंट किया।

अणहिल्लपुर (पाटण) का राजा भीमदेव - सं० १२४४ में अणहिल्लपुर का कोट्याधिपति श्रावक अभयकुमार तीर्थयात्रा के हेतु संघ निकालने की इच्छा से महाराजाधिराज भीमदेव और प्रधान मंत्र जगदेव पड़िहार के पास गया और उनसे अर्ज कर स्वयं राजा के हाथ से लिखवा कर अजमेर भेजा। सूरिजी ने निमंत्रण पाकर अजमेरी संघ के साथ विहार कर दिया। तीर्थयात्रा के अनन्तर वापस लौटते हुए सूरिजी आशापल्ली पधारे।

लवणखेडा का राणा केल्हण - सं० १२५१ में राणा केल्हण के आग्रह से आचार्य

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जिनपतिसूरि लवणखेटक पधारे। वहाँ 'दक्षिणावर्त्त आरात्रिकावतारणोत्सव' बड़ी धूमधाम से मनाया।

नगरकोट का राजा पृथ्वीचन्द्र - सं० १२७३ में (बृहद्द्वार) में गंगादशहरे पर गंगा-स्नानके लिये बहुत से राणाओं के साथ महाराजाधिराज श्रीपृथ्वीचंद्र नगरकोट से आया। उसके साथ पं० मनोदानन्द नामक एक काश्मीरी पण्डित भी था। उसने श्री जिनपतिसूरि के उपाश्रय पर शास्त्रार्थ के चैलञ्ज का नोटिश लगा दिया। तब सूरिजी के शिष्य जिनपालोपाध्याय आदि शास्त्रार्थ के लिये महाराजा पृथ्वीचन्द्र की सभा में आये, और वाद-विवाद में उक्त पण्डित को परास्त कर दिया। महाराजा ने पण्डित के चैलेञ्ज को फाड़ कर उपाध्यायजी को जयपत्र दिया।

पालनपुर का राजकुमार जगसिंह - सं० १२८८ में पालनपुर के सेठ भुवनपाल ने, राजकुमार जगसिंह की उपस्थिति में ध्वजारोपण का उत्सव बड़े समारोह से मनाया।

जावालिपुर का राजा उदयसिंह - सं० १३१० वैशाखा-सुदि १३ शनिवार स्वाति नक्षत्र के दिन, श्रीमहावीर विधिचैत्य में, राजा व प्रधान पुरुषों की उपस्थिति में राजमान्य महामन्त्री जैत्रसिंह के तत्त्वावधान में, पालनपुर, वागड़देश आदि के श्रावकों के एकत्र होने पर श्री चौवीस जिनालय आदि की प्रतिष्ठा, दीक्षादि महामहोत्सव पूर्वक हुई।

सं० १३१४ में माघ सुदि १३ को राजा उदयसिंह के प्रमोदपूर्ण सान्निध्य से कनकगिरि के मुख्य मंदिर पर ध्वजारोपण हुआ।

स्वर्णगिरिका चाचिगदेव - सं० १३१६ में माघ सुदि ६ को, राजा चाचिगदेव के राज्यत्वकाल में स्वर्णगिरि के शान्तिनाथ मंदिर पर स्वर्णमय ध्वजदंड व कलश स्थापित किये गये।

भीमपल्ली का राजा माण्डलिक - सं० १३१७ वैशाख सुदि १० सोमवार को, भीमपल्ली में राजा माण्डलिक के राज्यत्वकाल में दण्डनायक श्रीमीलगण (?) के सान्निध्य में महावीर जिनालय पर स्वर्णदण्ड-कलशादि चढाये गये।

चित्तोड़ का महाराजा समरसिंह - सं० १३३५ फाल्गुन वदि ५ को, महाराजा समरसिंह के रामराज्य में चित्तोड़ के चौरासी मुहल्ले में जलयात्रा पूर्वक स्थानीय ११ मंदिरों के ११ छत्र व मुनिसुव्रत, आदिनाथ, अजितनाथ, वासुपूज्य प्रभु की प्रतिमाएं स्थापित की गईं।

चित्तोड़ के युवराज अरिसिंह - सं० १३३५ फाल्गुन शुक्ल ५ को, सकल राज्यधुरा को धारण करने वाले राजकुमार अरिसिंह के सान्निध्य से आदिनाथ मंदिर पर ध्वजारोप हुआ।

बीजापुर नरेश सारङ्गदेव - सं० १३३७ ज्येष्ठ कृष्णा ४ शुक्रवार को महाराजाधिराज सारङ्गदेव के रामराज्य में, महामात्य मल्लदेव व उपमंत्री विन्ध्यादित्य के कार्यकाल में, बीजापुर में श्रीजिनप्रबोधसूरिजी का नगर प्रवेश बड़े समारोह से हुआ। विन्ध्यादित्य सूरिजी की स्तुति करता था।

शम्यानयन (सिवाना) का राजा श्रीसोम - सं० १३४० में श्रीजिनप्रबोधसूरिजी ने सन्मुख आये हुए श्रीसोम महाराजा की वीनति स्वीकार कर शम्यानयन में चातुर्मास किया।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जेसलमेर नरेश कर्णदेव - सं० १३४० में फाल्गुन में श्रीजिनप्रबोधसूरिजी जेसलमेर पधारे। नगर प्रवेश बड़े समारोह से हुआ। राजा कर्ण ससैन्य दर्शनार्थ सामने आया। महाराजा के आग्रह से चातुर्मास भी उन्होंने वहीं किया।

जावालिपुर का राजा सामन्तसिंह - सं० १३४२ ज्येष्ठ कृष्णा ९ को, जालोर में महाराजा सामन्तसिंह के सान्निध्य मे अनेक जिन प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा और इन्द्रमहोत्सव सम्पन्न हुआ।

शम्यानयन का महाराजा सोमेश्वर चौहान - सं० १३४६ फाल्गुन शुक्ला ८ को, महाराजा सोमेश्वरकारित विस्तृत प्रवेशोत्सव से श्रीजिनचन्द्रसूरिजी शम्यानयन पधारे। सा० बाहड, भां० भीमा, जगसिंह, खेतसिंह सुश्रावकों के बनवाए हुए प्रासाद में उन्होंने शान्तिनाथ प्रभु की स्थापना की।

जेसलमेर नरेश जैत्रसिंह - सं० १३५६ में राजाधिराज जैत्रसिंह की प्रार्थना को मान दे कर, श्रीजिनचन्द्रसूरिजी, मार्गशीर्ष शुक्ला ४ को जेसलमेर पधारे। पूज्यश्री के स्वागतार्थ महाराजा ८ कोष सम्मुख गये। सं० १३५७ मार्गशीर्ष कृष्णा ९ को, महाराजा जैत्रसिंह के भेजे हुए वाजित्रों की ध्वनि के साथ मालारोपण व दीक्षा महोत्सव सम्पन्न हुआ।

शम्यानयन नरेश शीतलदेव - सं० १३६० में महाराजा शीतलदेव की वीनति और मन्त्री नाणचन्द्र आदि की अभ्यर्थना से श्रीजिनचन्द्रसूरिजी शम्यानयन पधारे और शान्तिनाथ भगवान के दर्शन किये।

सुलतान कुतुबुद्दीन - सं० १३७४ में, मन्त्रीदलीय ठक्कुर अचलसिंह ने बादशाह कुतुबुद्दीन से सर्वत्र निर्विघ्नतया यात्रा करने के लिये फरमान प्राप्त कर नागौर से संघ निकाला। मारवाड़ और वागड़ देश के नाना नगरों को पार कर, संघ दिल्ली पहुँचा। श्रीजिनचन्द्रसूरिजी ने दिल्ली की **खण्डासराय** में चातुर्मास किया। पश्चात् सुलतान व संघ के कथन से प्राचीन तीर्थस्थान मथुरा यात्रा करने पधारे।

मेड़ता का राणा मालदेव चौहान - सं० १३७६ में राणा मालदेव की प्रार्थना से श्रीजिनचन्द्रसूरिजी मेड़ता पधारे और वहाँ राणा व संघ की प्रार्थना से २४ दिन ठहरे।

दिल्लीपति गयासुद्दीन बादशाह - सं० १३८० में दिल्लीनिवासी सेठ रयपति के पुत्र सा० धर्मसिंह ने प्रधानमन्त्री **नेब** साहब की सहायता से सम्राट गयासउद्दीन द्वारा तीर्थयात्रा का फरमान ।नकलवाया, और श्रीजिनकुशलसूरिजी के नेतृत्व में शत्रुञ्जयादि तीर्थों का संघ निकाला।

सं० १३८१ में भीमपल्ली के सेठ वीरदेव ने भी सम्राट से तीर्थयात्रा का फरमान प्राप्त कर श्रीजिनकुशलसूरिजी के उपदेश से शत्रुञ्जयादि तीर्थों के लिये संघ निकाला।

सौराष्ट्रनरेश महीपालदेव - सं० १३८० में शत्रुञ्जय यात्रा के प्रसंग में सेठ मोखदेव को, सौराष्ट्रमहीमण्डनभूपाल महीपाल देव को दूसरी देह सदृश अर्थात् अत्यन्त प्रभावशाली लिखा है।

बाहडमेर नरेश राणा शिखरसिंह - सं० १३९१ में श्रीजिनपद्मसूरिजी वाग्भटमेरु पधारे। उस समय चौहानकुलप्रदीप राणा शिखरसिंह, राजपुरुष व नागरिकजनों के साथ सूरिजी के सन्मुख

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

गये और महोत्सवपूर्वक उनका नगरप्रवेश कराया।

सांचोर (सत्यपुर) का राणा हरिपालदेव – सं० १३९१ में श्रीजिनपद्मसूरिजी बाहड़मेर से सत्यपुर पधारे उस समय राणा हरिपालदेव आदि उनके स्वागतार्थ सन्मुख गये।

आशोटा का राजा उदयसिंह – सं० १३९३ में पाटण से नारउद्र होते हुए श्रीजिनपद्मसूरिजी आशोटा पधारे। उस समय वहाँ का राजा रुद्रनन्दन, **राज०** गोधा सामन्तसिंहादि के साथ स्वागतार्थ पूज्यश्री के सन्मुख आया।

बूजद्री का राजा उदयसिंह – सं० १३९३ में श्रीजिनपद्मसूरिजी बूजद्री पधारे। वहाँ सुश्रावक मोखदेव ने राजा उदयसिंह एवं समस्त नागरिकों के साथ सूरिजी का बड़े समारोह से नगर प्रवेश कराया। इसके बाद अन्यत्र विहार करके सूरिजी फिर वहाँ पधारे तब भी राजा उदयसिंह प्रवेशोत्सव में सम्मिलित हुआ था।

त्रिशृङ्गम नरेश रामदेव – सं० १३९३ में, जिनपद्मसूरिजी त्रिशृङ्गम पधारे। मन्त्रीश्वर सांगण के पुत्र मण्डलिकादिक ने, महाराजा महीपाल के अंगज महाराजा रामदेव की आज्ञा से राजकीय वाजित्रों के साथ बड़े समारोहपूर्वक प्रवेशोत्सव किया। सूरिजी को संघ के साथ चैत्यपरिपाटी करते समय उनकी प्रशंसा सुन कर महाराजा के चित्त में उनके दर्शन की उत्कण्ठा जागृत हुई। महाराजा के अनुरोध पर सूरिजी राजसभा में पधारे।

नृपति ने उन्हें आते देख कर, राजसिंहासन से नीचे उतर कर, उनकी चरणवन्दना की। पूज्यश्री आशीर्वाद दे कर चौकी पर विराजे। महाराजा सारङ्गदेव के व्यास ने अपनी रचना पढ कर सुनाई, जिसमें श्री लब्धिनिधान उपाध्यायजी ने कई त्रुटियां बतलाईं। महाराजा रामदेव कहने लगे – 'उपाध्यायजी का वचनचातुर्य और शास्त्रीय ज्ञान असाधारण है। इन्होंने तो हमारे व्यासजी की त्रुटियाँ बतलाई।' इसी प्रकार अन्य सभासदों ने उपाध्यायजी की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

महामन्त्री वस्तुपाल का उल्लेख – सं० १२८९ में श्री जिनेश्वरसूरिजी के खम्भात पधारने पर महामात्य वस्तुपाल ने बड़े समारोह से उनका नगर प्रवेशोत्सव किया था। गुर्वावली में श्रीजिनकुशलसूरिजी के खम्भात पधारने पर भी इस उत्सव की याद दिलाई गई है।

सुल्तान कुतुबुद्दीन – जिनप्रभसूरि के गुणों पर वह मुग्ध था। अट्ठाही, अष्टमी, चतुर्दशी को सम्राट आपको सभा में आमंत्रित किया करता था।

सम्राट मोहम्मद तुगलक – जिनप्रभसूरि ने अपने वैदुष्य और चमत्कारों से मोहम्मद तुगलक को प्रभावित किया। सं० १३८५ में राजकीय सम्मान से दिल्ली में प्रवेश किया। सम्राट के सम्पर्क में रहने लगे। सम्राट से कई फरमान प्राप्त किए। विशेष परिचय के लिए देखें:- **(महोपाध्याय विनयसागर** द्वारा लिखित **शासन प्रभावक आचार्य जिनप्रभ और उनका साहित्य)**

जेसलमेर का महारावल लक्ष्मण – जिनवर्द्धनसूरि के ये परम भक्त थे। और इन्हीं की

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

उपस्थिति में जेसलमेर के पार्श्वनाथ मंदिर की १४६९ में प्रतिष्ठा हुई थी। प्रशस्तियों में इस मंदिर का नाम ही लक्ष्मणविहार प्राप्त होता है।

महारावल वैरीसिंह - जेसलमेर शिलालेख प्रशस्ति (खरतरगच्छ प्रतिष्ठा लेख संग्रह लेखाङ्क २८८) के अनुसार महारावल वैरीसिंह और त्र्यम्बकदास आदि आचार्य जिनभद्रसूरि के चरणों में नित्य प्रणाम करते थे।

बादशाह सिकन्दर लोदी - जिनहंससूरि ने संवत् १५५६ में इनको चमत्कार दिखाकर ५०० बन्दीजनों को कैद से छुड़वाया था और अमारी की घोषणा करवाई थी।

सम्राट अकबर - विक्रम सं० १६४८ में सम्राट अकबर के अनुरोध पर जिनचन्द्रसूरि लाहौर पधारे। उनकी धर्मदेशना अकबर नित्य सुनता था और उनको बड़े गुरु के नाम से पुकारता था। आचार्य के उपदेश से जैन तीर्थों और मंदिरों की रक्षा हेतु सम्राट से फरमान प्राप्त किया था। आषाढ़ शुक्ला नवमी से पूर्णिमा तक १२ सूबों में जीवों को अभयदान देने के लिए फरमान पत्र भी प्राप्त किए थे। काश्मीर प्रवास के समय सम्राट के अनुरोध पर आचार्य ने महिमसिंह को भी साथ भेजा था। १६४९ में बड़े महोत्सव के साथ आचार्य जिनचन्द्रसूरि को युगप्रधान, महिमसिंह को आचार्य पद और समयसुन्दर और गुणविनय को वाचनाचार्य पद सम्राट ने अपने ही हाथों से दिया था। इस महोत्सव के प्रसंग पर मन्त्री कर्मचन्द्र बच्छावत ने १ करोड़ रूपये खर्च किए थे। मन्त्री कर्मचन्द्र, बीकानेर नरेश महाराज रायसिंह और सम्राट अकबर के पूर्ण प्रीतिपात्र थे। कर्मचन्द्र के सुकृत्यों का वर्णन महोपाध्याय जयसोम ने कर्मचन्द्र वंश प्रबन्ध में किया है।

सम्राट जहांगीर - युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि का भक्त था। सम्राट जहांगीर ने ही वाचनाचार्य गुणविनयोपाध्याय को **कविराज** पद से अलंकृत किया था।

नगरकोट के महाराजा - महोपाध्याय जयसागर जी के उपदेश से प्रतिबुद्ध हुए थे।

जेसलमेर का राजवंश - महारावल लक्ष्मणदेव से प्रारम्भ कर उनकी वंश परम्परा खरतरगच्छ, बेगड़गच्छ की परम भक्त रही है। हर प्रतिष्ठा आदि विशेष कार्यों में इस वंश के महारावल सम्मिलित होते थे और राज्योचित सहयोग प्रदान करते रहे।

बीकानेर का राजवंश - महाराजा रायसिंहजी और उनके वंशज खरतरगच्छ एवं आचार्यशाखा के आचार्यों को अत्यन्त सम्मान की दृष्टि से देखते थे। उनके पद-प्रतिष्ठादि अवसरों पर राजकीय निशान आदि भी प्रदान करते थे। युगप्रधान जिनचन्द्रसूरिजी से लेकर जिनचारित्रसूरिजी तक इस वंश का सम्बन्ध घनिष्ठतर रहा।

जोधपुर का राजवंश - इस वंश के राजागण भी खरतरगच्छ के आचार्यों को परम आदरणीय मानकर उनके प्रत्येक कार्यों में भाग लेते थे। जिनमहेन्द्रसूरि का पदाभिषेक राजा मानसिंह ने ही किया था।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कुछ विशिष्ट पत्रों के आधार पर बाबा ज्ञानसारजी का सम्बन्ध सवाई प्रतापसिंह, जयपुर, बीकानेर नरेश सुरतसिंहजी, किशनगढ़ नरेश आदि से भी व्यक्तिगत सम्बन्ध रहे। महोपाध्याय क्षमाकल्याणजी का भी तत्कालीन जेसलमेर नरेश से निकट का सम्बन्ध रहा।

इस प्रकार हम देखते हैं कि राजागणों को उपदेश देकर खरतरगच्छ आचार्यों ने शासन और धर्म की महती प्रभावना की है।

उपासक वर्ग

भगवान् महावीर के धर्मशासन की यह प्रमुख विशेषता रही है कि उनके स्वहस्त दीक्षित साधु-साध्वियों से दसगुणा अधिक श्रावक-श्राविकाओं की परिगणना रही है। यह संख्या व्रतधारियों की ही है। भगवान् के प्रति श्रद्धाभक्ति रखने वालों की संख्या कहीं अधिक है। जैन धर्म के व्रतों का पालन सूक्ष्मता और कठोरता को लेकर समाज में कुछ कमी आने लगी थी। बदलते समय को देखकर आचार्यों ने भी द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव को ध्यान में रखकर चारों वर्णों के लोगों को प्रतिबोध देना प्रारम्भ किया। सप्त व्यसन मुक्त समाज की रचना पर उन्होंने प्रमुखता से ध्यान दिया। उपदेश में भी यही प्रवृत्ति रही। उन श्रमणों/आचार्यों के उपदेश से प्रभावित होकर, प्रतिबोध प्राप्त कर निर्व्यसनी होकर लाखों व्यक्ति नये जैन बनने लगे। पूर्वाचार्यों ने जिस ओसवाल वंश और गोत्रों की स्थापना की थी उसको समृद्धि प्रदान करते हुए खरतरगच्छ आचार्यों ने भी अनुपमेय योगदान दिया। जिनवल्लभसूरि, जिनदत्तसूरि, जिनचन्द्रसूरि, जिनकुशलसूरि, उपाध्याय क्षेमकीर्ति और युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि ने इस क्षेत्र में / जैनीकरण के क्षेत्र में अपने तप-तेज को झोंक दिया। उक्त आचार्यों ने लाखों की संख्या में व्यसन मुक्त जीवन जीने वाले नये-नये उपासक बनाकर ओसवास जाति को अत्यन्त समृद्धि प्रदान की और पृथक्-पृथक् गोत्रों में उनको व्यवस्थित किया। महत्तियाण जाति की तो प्रसिद्धि ही मणिधारी जिनचन्द्रसूरि से हुई। खरतरगच्छीय गोत्रों में ओसवास वंश के ८४, श्रीमाल वंश के ७९ एवं पोरवाड़ और महत्तियाण जाति के १६६ गोत्र खरतरगच्छीय मान्यताओं को स्वीकार कर अनुयायी बने।

यहाँ जाति और गौत्रों की उत्पत्ति पर विचार करना अभीष्ट नहीं है किन्तु इस श्राद्ध वर्ग के द्वारा जो-जो विशिष्ट कार्य सम्पन्न हुए हैं उनका संक्षिप्त उल्लेख करना ही अभीष्ट है।

खरतरगच्छ के उद्भावक और आचार्य जिनेश्वर और आचार्य बुद्धिसागर जन्मजात जैन नहीं थे किन्तु धारा नगरी के जैन धर्मावलम्बी सेठ लक्ष्मीपति के सान्निध्य से दोनों भाई वर्द्धमानसूरि के शिष्य बने।

जिनवल्लभसूरि रचित अष्टसप्तति के अनुसार चित्तोड़ के प्रमुख श्रेष्ठि अम्बड़, केहिल, वर्द्धमान, सोमिलक, वीरदेव, माणिक्य, सुमति, क्षेमसरीय, रासल्ल, धनदेव, वीरम, मानदेव, पद्मप्रभ, पल्लक, साधारण और सड्ढक इत्यादि के नाम प्राप्त होते है जो कि जिनवल्लभसूरि के असाधारण भक्त थे। नागपुर के धनदेव पुत्र पद्मानन्द आदि परिवार के साथ इन्हीं आचार्य का भक्त था। इन्हीं आचार्य द्वारा

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

रचित **द्वादशकुलक** को आधार बनाकर श्रावक गणदेव ने वागड़ देश में लाखों खरतरगच्छ के अनुयायी बनाये।

जिनदत्तसूरि ने १,३०,००० नये जैन बनाकर, नये गोत्रों में सम्मिलित कर उपदेश का एक नया स्रोत बहाया था।

मणिधारी जिनचन्द्रसूरि ने महत्तियाण जाति और उनके गोत्रों की स्थापना कर नया कीर्तिमान स्थापित किया था। महत्तियाण जाति और श्रीमाल आज भी खरतरगच्छ की आणा को स्वीकार करते हैं।

जिनपतिसूरि के समय में महाराजा पृथ्वीराज चौहान की राजसभा में सेठ रामदेव जो कि महाराजा पृथ्वीराज और मन्त्री कैमास का अत्यन्त प्रिय था, वह आचार्यश्री का भक्त था और आचार्यश्री का सम्बन्धि भी था। सेठ क्षेमन्धर जिनका की पुत्र प्रद्युम्नाचार्य चैत्यवासी आचार्यों का सिरमोर था, वह भी आचार्यश्री का भक्त था। माण्डव्यपुर का सेठ लक्ष्मीधर, नेमिचन्द भाण्डागारिक बृहद्वार का आसराज राणक, ठाकुर विजयसिंह, सेठ स्थिरदेव आदि जिनपतिसूरि के प्रमुख भक्त थे।

जिनेश्वरसूरि के प्रमुख भक्त थे- जाबालीपुर के सेठ यशोधवल, श्रीमालनगर के सेठ जगधर, पालनपुर के सेठ भुवनपाल, ठाकुर अश्वराज, सेठ राल्हा, महं. कुलधर, सेठ धीधाक, क्षेमसिंह, बाड़मेर के सहजाराम के पुत्र बच्छड़, मोल्हाक, कुमारपाल, सेठ भुवन, सेठ हरिपाल, सेठ मूलदेव, सेठ सावदेव, पूर्णसिंह, बोधा, धारसिंह, धान्धल, आसनाग, भोजाक, सेठ नेमिकुमार, सेठ गणदेव, आदि। अभयचन्द्र, देदाक, श्रीपति, मूलिक, पेथड़, देदा, आदि ने जिनेश्वरसूरि की अध्यक्षता में शत्रुञ्जय का संघ निकाला था। इस संघ में कई प्रमुख श्रेष्ठि लोग थे। आचार्य के उपदेश से सेठ क्षेमसिंह, महम. पूर्णसिंह और महं. ब्रह्मदेव ने अनेक बिम्ब भरवाये थे।

जिनप्रबोधसूरि के प्रमुख भक्तों में सेठ क्षेमसिंह, दिल्ली निवासी दलिक हरू, सेठ हरिचन्द, चाहड़, हेमचन्द्र, हरिपाल, पूर्णपाल, भीमसिंह, मन्त्री महणसिंह, आदि ने मिलकर शत्रुञ्जय महातीर्थ का यात्री संघ निकाला था और अनेक श्रेष्ठियों ने मूर्ति स्थापन का सौभाग्य भी प्राप्त किया था। बीजापुर के सेठ मोहन, सेठ आसपाल, मन्त्री विन्ध्यादित्य, ठाकुर उदयदेव, भाण्डागारिक लक्ष्मीधर आदि ने आचार्य का बीजापुर में प्रवेशोत्सव किया था। १३३९ में जाबालीपुर का प्रवेशोत्सव मन्त्री पूर्णसिंह, भण्डारी राजा, जिसड़, देवीसिंह, मोहा आदि ने किया था।

कलिकाल केवली जिनचन्द्रसूरि के समय सेठ क्षेमसिंह, महामन्त्री देदा, भण्डारी छाहड़ ने इनके उपदेश से जिनबिंब भरवाए थे। सेठ बाहड़, भाण्डागारिक भीम, जगसिंह और खेतसिंह ने महाराजा सोमेश्वर चौहान की सान्निध्य में आचार्य का गढ़सिवाना में और सेठ लखमसिंह, आसपाल ने बीजापुर में प्रवेशोत्सव कराया था। संघपति अभयचन्द्र सेठ, वरडिया नगर के मुख्य श्रावक नौलखा झांझड़ को दीक्षा दी थी। १३५२ में बड़गाँव के चाहड़, ठक्कुर हेमराज, मूलदेव आदि ने पूर्वदेश की यात्रा की थी। सेठ सलखण, सेठ सीहा, माण्डव्यपुर वासी सेठ मोहन आदि ने आबू तीर्थयात्रा के लिए

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विशाल संघ निकाला था। १३६४ में मन्त्री भुवनसिंह, सुभट, नयनसिंह, दुस्साज और भोजराज ने जाबालीपुर में महोत्सव किया था। सेठ जेसल ने अपने भाई तोला और लाखू के साथ शत्रुञ्जय का यात्री संघ निकाला था। १३६७ में सेठ क्षेमन्धर, पद्मा, साढल, धनपाल, सेठ सामल आदि ने भीमपल्ली से विशाल यात्री संघ निकाला था। संवत् १३७१ में मन्त्री भोजराज और देवसिंह ने मालारोपण आदि महोत्सव किया था। सेठ मानल के पुत्रों ने अपने परिवार सहित फलवर्द्धि का संघ निकाला था। उच्चापुरीय विधि संघ के प्रमुख सेठ लोहदेव, सा. लखण, सा. हरिपाल आदि की प्रार्थना से आचार्यश्री सिन्ध में पधारे थे। राजेन्द्रचन्द्राचार्य के पदस्थापन महोत्सव पर सेठ वैरसिंह ने बड़ा उत्सव किया था। कन्यानयन निवासी काला सुश्रावक संघ सहित फलवर्द्धि पार्श्वनाथ की यात्रा की थी। १३७५ में मन्त्रीदलीय ठाकुर विजयसिंह, ठाकुर सेढु, ठाकुर सा. रुदा, और दिल्ली संघ के प्रमुख मन्त्रीदलीय ठक्कुर अचलसिंह ने कुशलकीर्तिगणि के वाचनाचार्य पद का बड़ा महोत्सव किया था। १३७५ में ठक्कुर अचलसिंह ने निर्विरोध यात्रा के लिए कुतुबुद्दीन सुलतान से फरमान लेकर विशाल यात्री संघ निकाला था। इस संघ में सेठ सुरराज, रुद्रपाल, आदि प्रमुख थे। इस संघ के प्रमुख-प्रमुख श्रेष्ठियों के नाम खरतरगच्छ का बृहद् इतिहास पृष्ठ १६२ पर देखें।

युगप्रधान जिनकुशलसूरि के आचार्य पदोत्सव कार्य सं. १३७७ में सेठ जाल्हण के पुत्र तेजपाल और रुद्रपाल ने किया था। इस महोत्सव में भीमपल्ली के वीरदेव श्रावक, सेठ राजसिंह, राजमान्य ठक्कुर विजय सिंह, ठक्कुर जैत्रसिंह, ठक्कुर कुमरसिंह, ठक्कुर जवनपाल, जाबालीपुर के सा. गुणधर, पाटण के सा. तिहुण, बीजापुर के ठाकुर पद्मसिंह आदि भी सम्मलित थे। १३८९ में पाटण में सेठ खीवड़ के प्रयत्न से सेठ तेजपाल आदि ने शत्रुञ्जय तीर्थ का संघ निकाला। इस संघ में प्रमुख-प्रमुख थे - भीमपल्ली के सेठ वीरदेव, आशापल्ली के सेठ स्थिरचन्द, खेतसिंह आदि। संवत् १३८० में सेठ तेजपाल और रुद्रपाल की ओर से शत्रुञ्जय तीर्थ पर भगवान् आदिनाथ की प्रतिमा स्थापित की गई थी। संवत् १३८० में दिल्ली निवासी सेठ हरूजी के पुत्र सेठ रयपति ने बादशाह गयासुद्दीन तुगलक से निर्विघ्न यात्रा हेतु फरमान प्राप्त कर शत्रुञ्जय का महायात्री संघ निकाला था। इस महासंघ में अनेक संघों के संघपति सम्मिलित हुए थे जिनका उल्लेख खरतरगच्छ का बृहद् इतिहास पृष्ठ १७२ से १८० तक पठनीय है। यह महासंघ जिनकुशलसूरि की सान्निध्य में ही निकला था। १३८१ में सेठ मालदेव, सा. हुलमसिंह सहित सेठ वीरदेव ने सम्राट गयासुद्दीन से फरमान प्राप्त कर भीमपल्ली से शत्रुञ्जय का यात्रा संघ निकाला था। इसी प्रकार संवत् १३८२ में सेठ वीरदेव ने भीमपल्ली में महान उत्सव किया था। १३८३ में सेठ प्रतापसिंह ने अमारी घोषणा पूर्वक नन्दी महोत्सव किया था। मन्त्री भोजराज, मन्त्री सलखणसिंह, उच्चापुर के सेठ हरिपाल, सेठ गोपाल, देवराजपुर के जाल्हण के पुत्र, सा. तेजपाल, सा. रुद्रपाल ने १३८३ में नन्दी महोत्सव किया था। संवत् १३८४ में सेठ नरपाल, सा. वयरसिंह, सा. नन्दण, सा. मोखदेव, सा. लाखण, सा. आम्बा आदि ने महामहोत्सव

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

करवाए। बहरामपुर के सेठ भीमसिंह, सा. देदाजी, सा. घीराजी, सा. रूपाजी, क्यासपुर के सेठ मोहनजी, सा. कुमरसिंह आदि जिनकुशलसूरिजी के प्रमुख भक्त थे।

जिनपद्मसूरि के उपासकों में सेठ हरिपाल, कटुक, कुलधर, झांझण, यशोधवल, कर्मसिंह, खेजसिंह। आदित्यपाट नगर के सेठ वीरदेव, पत्तन के नौलखा सेठ अमरसिंह, सेठ तेजपाल, बूजद्रि के सेठ मोखदेव, सेठ छज्जल, सेठ पूर्णसिंह, त्रिशृङ्गम के मन्त्री मण्डलिक, मन्त्री वयरसिंह आदि प्रमुख भक्त थे।

जिनोदयसूरि के प्रमुख भक्तों में थे। संवत् १४१५ स्तम्भ तीर्थ के लूणिया जैसल, साधुराज रामदेव, नरसागरपुर के मन्त्रीश्वर वीरा, मन्त्री सारङ्ग, गेटा के पुत्र डूंगर, सा. कोचर, बाड़मेर के विक्रम पारख, राजपत्तन के कान्हड़, स्तम्भ तीर्थ के गोवल, देवपत्तनपुर के मन्त्री खेतसिंह।

जिनराजसूरि के प्रमुख भक्तों में - कडुआ, धरणा और नन्दा, केलवाड़ा के मन्त्रीपुत्र रामण कुमार। संवत् १४९४ चोपड़ा गोत्रीय सा. हेमराज, पूना, देहा, शिवराज, महिराज, लोला, लाखण, सोनगिरा, श्रीमाल वंशीय मन्त्री मण्डन और धनदराज, संघपति मण्डलिक थे।

जिनचन्द्रसूरि के समय संवत् १५१५ कुम्भदमेरु निवासी कुकड़ चोपड़ा गोत्रीय सा. समरसिंह। आचार्य जिनसमुद्रसूरि के - मण्डपदुर्ग निवासी और जेसलमेर के संघपति श्रीमालवंशीय सोनपाल। जिनहंससूरि के समय बोहित्थरा मन्त्री करमसी, आगरा के डूंगरसी, मेघराज, पोमदत्त। जिनमाणिक्यसूरि के समय पाटण निवासी बालाहिक गोत्रीय सा. देवराज आदि थे।

युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि के समय बीकानेर के मन्त्री संग्रामसिंह बच्छावत, मन्त्रीश्वर करमचन्द, रीणी के मन्त्रीश्वर राय सिंह, शंखवाल गोत्रीय साधुदेव आदि प्रमुख थे। जिनसिंहसूरि के समय टांक गोत्रीय श्रीमाल राजपाल, संघपति सोमजी, मेड़ता के आसकरण चोपड़ा आदि थे। जिनराजसूरि के भक्तों में प्रमुख थे - अहमदाबाद निवासी संघपति शिवाजी, सोमजी, रूपजी जिन्होंने सिद्धाचल तीर्थ पर खरतरवसही अर्थात् चौमुख जी की टूंक बनवाई और चोपड़ा गोत्रीय अमीपाल, कपूरचन्द, ऋषभदास, सूरदास आदि ने मेड़ता सिटी में शान्तिनाथ आदि सैंकड़ो बिम्ब भरवाए। जेसलमेर के भणसाली गोत्रीय सेठ थाहरु शाह ने लौद्रवा तीर्थ की प्रतिष्ठा करवाई। राजा गजसिंह, राजा सूरसिंह, असरफ खान, आलम दीवान, नवाब मुकरब खान आदि इनके बड़े प्रशंसक थे।

आचार्य जिनचन्द्रसूरि के मुख्य भक्त थे - राजनगर निवासी नाहटा गोत्रीय जयमल्ल तेजसी, जोधपुर निवासी मनोहर दास। जिनसुखसूरि के - सूरत निवासी पारख गोत्रीय सामीदास सूरदास। जिनचन्द्रसूरि (१९वीं) के - लखनऊ निवासी नाहटा गोत्रीय राजा वच्छराज। जिनहर्षसूरि के - जालोर के मन्त्री अक्षयराज, जांगलू के पारख अजयराज। जिनसौभाग्यसूरि के समय - दूगड़ प्रतापसिंह, संवत् १८९७ अजमीगंज के गोलेछा धरमचन्द, सेठिया पानाचन्द, सावणसुखा गुलाबचन्द, दुगड़ इन्द्रचन्द, सरदारशहर के बोथरा गुलाबचन्द, बीकानेर निवासी बागड़ी माणकचन्द आदि। जिनहंससूरि

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

के समय – बीकानेर के बच्छावत अमरचन्द, झालरा पाटण के भूरामल गोलेछा, नाहटा अमरचन्द, रायबहादुर दुगड़ गोत्रीय लक्ष्मीपतसिंह धनपतसिंह, अजीमगंज के नाहटा सिताबचन्द आदि।

बेगड़ शाखा – के जिनेश्वरसूरि (१५वीं) पाटण में खान का मनोरथ पूर्ण कर महाजन बन्दियों को छुड़वाया। जिनधर्मसूरि के राणा घडसी, कालू मोहता, मन्त्री नाल्हा, मन्त्री जयसिंह, जेसलमेर के मन्त्री गुणदत्त, जिनचन्द्रसूरि के समय – कच्छ देश के मं० समरथ, शुभकर, मं० समधर, सरदार समरसिंह आदि अणहिलपुर पाटण के हरखा, बरजाङ्ग, सोनकिरिया, महेवा के सदारङ्ग आदि। जिनगुणप्रभसूरि के समय – जोधपुर के संत पत्ता, चाचा देव, सहजपाल आदि। मन्त्री राजसिंह जेसलमेर के मं० श्रीरङ्ग, मं० वस्ता, मं० रायपाल मं० सदारङ्ग, मन्त्री जिया आदि।

पिप्पलक शाखा – में जिनवर्द्धनसूरि के प्रमुख उपासकों में जौनपुर के महत्तियाण शाखा के ठाकुर संग्रामसिंह, ठाकुर जिनदास, संघपति भीखण, देलवाड़ा (मेवाड़) के आडू नाल्हाशाह, रघुपतिशाह, संघपति जिवदास, मोल्हण, सहजपाल सारङ्ग आदि। मेवाड़ के समरिग, साङ्गा और साजण, पाटण के मेघा, तिहुणा, सिवा, नौलखा गोत्रीय मन्त्री रामदेव। जिनचन्द्रसूरि (शिवचन्द्रसूरि १८वीं) उदयपुर के दोसी भीखा, दोसी कुशल आदि।

आद्यपक्षीय शाखा – पंचायण भट्टारक जिनचन्द्रसूरि का बादशाह जहांगीर ने मुरतब लवाजमा आदि से बड़ा सम्मान किया। भण्डारी भानाजी नारायण शाह ने कापड़ा तीर्थ में स्वयं भू पार्श्वनाथ की प्रतिष्ठा करवाई। जिनोदयसूरि (१९वीं सदी) के समय – जैतारण निवासी धाड़ीवाल ठाकुर, शंखवाल खीमराज भीमराज ने संवत् १८०९ में पद महोत्सव किया।

भावहर्षीय शाखा – संवत् १६१६ में जोधपुर में भणसाली लाखा। जिनपद्मसूरि (१९वीं सदी) के बालोत्तरा के चम्पावत, आउवा के ठाकुर खुश्यालसिंह और जोधपुर के महाराजा तखतसिंह, जोधपुर के मूता लक्ष्मीचन्द, अहमदाबाद के सेठ सूरजमल आदि इनके भक्त थे। जिनचन्द्रसूरि (२०वीं सदी) के समय में – नागपुर निवासी अगरचन्द गोलेछा, जीतमल बोथरा, और धर्मचन्द गोलेछा इनके प्रमुख भक्त थे। गोलेछा अगरचन्द के नागपुर दादाबाड़ी का जीर्णोद्धार करवाया था।

आचार्यशाखा – जिनसागरसूरि के समय में – सिरोही के महाराजा राजसिंह ने इनका सम्मान किया था। मेड़ता के चोपड़ा आसकरण अमीपाल कपूरचन्द के आपका पदोत्सव १६७४ में किया था। मन्त्री करमचन्द के पुत्र मनोहरदास, जालपसर के मन्त्री भगवन्तदास, मेड़ता के गोलेछा राजसिंह, बीकानेर के करमसी शाह, शाह उदयकरण, हाथी जेठमल, सोमजी, मूलजी, वीरजी, परीख सोनपाल, राजनगर के परीख चन्दभाण, संकचरमल्ल, रायचन्द्र, खम्भात के ऋषभदास भणसाली आदि मुख्य थे। मुकरबखान नवाब भी इनको सम्मान देता था। जिनधर्मसूरि (१८वीं सदी) के समय में – इनकी अध्यक्षता में संघपति उग्रसेन ने अहमदाबाद से शत्रुञ्जय का संघ निकाला था। जिनचन्द्रसूरि के समय में – १७४६ में छाजड़ रतनसी ने इनका पदमहोत्सव किया था। जिनविजयसूरि के समय में – इनका

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पदोत्सव हाजीखान डेरावासी बड़हरा धीरुमल्ल ने किया था। जिनोदयसूरि के समय में - १८९७ में गोलेछा माणकचन्द ने बीकानेर में शान्तिनाथ मन्दिर की प्रतिष्ठा करवाई थी।

जिनरङ्गसूरि शाखा - अजमेर में संवत् १७०१ में बाफणा गोत्रीय गौरा, नानालाल तथा कसाजी मेहता ने पदोत्सव किया था। उदयपुर के कटारिया मेहता, भागचन्द बच्छावत और मेहता रूपचन्द ने इठ्यासी जिन बिम्बों की प्रतिष्ठा करवाई थी। भाण्डिया गोत्रीय श्रीमाल राय निहालचन्द आपके प्रमुख भक्त थे। जिनचन्द्रसूरि (१८वीं सदी) के समय में - मालपुरा निवासी शंखवालेचा गोत्रीय शाह पंचायण दास ने शत्रुञ्जय की तीर्थ यात्रा का संघ निकाला था। भाण्डिया गोत्रीय शाह मलूक चन्द ने जोबनेर में चौवीस तीर्थंकरों की प्रतिष्ठा करवाई थी। जिनविमलसूरि (१८वीं सदी) के समय में -श्रीमाल भाण्डिया गोत्रीय वसन्तराय, नारायणदास, भगवतीदास ने इनका पदोत्सव किया था। जिनललितसूरि (१८वीं सदी) बोरबडी निवासी बोथरा गोत्रीय शाह ताराचन्द फतरचन्द ने इनका पदोत्सव किया था। जिनचन्द्रसूरि (१९वीं) के समय में - लखनऊ निवासी नाहटा गोत्रीय राजा वच्छराज, चण्डालिया वसन्तराय श्रीमाल, भाण्डिया हकीम देवीदास, टांक भूपति राय, अजमेर निवासी शंखवालेचा गोत्रीय महमिया रूढ़मल्ल, अनूपचन्द मूलचन्द आदि। सं. १८६९ लूणिया गोत्रीय त्रिलोकचन्द और गिड़िया गोत्रीय राजाराम के संघ के साथ शत्रुञ्जय तीर्थ की यात्रा की थी। दिल्ली में लाहौर निवासी शंखवालेचा गोत्रीय माणकचन्द, भाण्डिया हजारी, लखनऊ के भाण्डिया देवीदास, पहलावत, महानन्द, नौबतराय, महिमवाल सदासुख, जागा गोत्रीय मन्नुलाल आदि आपके भक्त थे। जिनकल्याणसूरि (२०वीं सदी) के समय में - पारसान प्रतापचन्द, कानपुर के संतोषचन्द भण्डारी, जिन्होनें शीशे का मन्दिर बनवाया था आदि। जिनचन्द्रसूरि (२०वीं) के समय में - कलकत्ता के रायबहादुर सेठ बद्रीदास इनके परम भक्त थे। बद्रीदासजी ने कलकत्ता में कॉच का मन्दिर बनवाया जो आज 'बद्रीदास टेम्पल' के नाम से विश्व-प्रसिद्ध है।

मण्डोवरा शाखा - जिनमहेन्द्रसूरि के उपदेश से जेसलमेर निवासी बाफणा गोत्रीय बहादरमल-सवाईराम-मगनीराम-जोरावरमल-दानमल आदि ने पाली से शत्रुञ्जय महातीर्थ का यात्रा संघ १८९१ में निकाला था। इस संघ में ११ श्रीपूज्य और साधु-साध्वियों की संख्या २१०० थी। इस संघ की सुरक्षा के लिए अंग्रेज, जावरा नवाब, टोंक नवाब, जोधपुर नरेश, कोटा नरेश आदि की ओर से तोप सहित सैन्य भी शामिल था। यही बाफणा जेसलमेर के पटवा कहलाते हैं और जेसलमेर में इन पाँचों भाईयों की पाँचों हवेलियाँ आज भी पटवा हवेली के नाम से जग प्रसिद्ध है। बम्बई निवासी सेठ मोतीशाह नाहटा के द्वारा निर्मापित सेठ मोतीशाह मन्दिर, शत्रुञ्जय की प्रतिष्ठा भी आप ही ने करवाई थी। जेसलमेर के महारावल गजसिंह, और मेवाड़ के महाराणा स्वरूप सिंह और कोटा नरेश भी इनको बहुत सम्मान देते थे। जिनमुक्तिसूरि के समय में - १९१५ में लखनऊ निवासी नाहटा, भूपहजारीमल गाँधी, छुट्टनलाल, प्रेमचन्द आदि ने आपका पदोत्सव किया था। पोकरण के ठाकुर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

चाम्पावत फतेहसिंह आपके ही आर्शीवाद से जयपुर के दीवान बने थे। जोधपुर के महाराजा तखतसिंह आपके भक्त थे। रतलाम के सेठ सोभागमल चांदमल बाफणा भी आपके भक्तों में थे।

कीर्तिरत्नसूरि - ये शंखवालेचा गोत्र के थे और इन्हीं के भाई सेठ मालाशाह ने नाकोड़ा में शान्तिनाथ मन्दिर का निर्माण करवाया। इन्हीं कीर्तिरत्नसूरि ने नाकोड़ा महातीर्थ की स्थापना की। जिनकृपाचन्द्रसूरि के परम भक्तों में सेठ मोतीशाह के वंशज रतनचन्द खीमचन्द, मूलचन्द हीराचन्द, प्रेमचन्द कल्याण, केसरीचन्द कल्याणचन्द ने १९७२ में आपका चातुर्मास लालबाग बम्बई में करवाया था। सूरत के सेठ पानाचन्द भगुभाई, फतेहचन्द प्रेमचन्द, आपके प्रमुख भक्त थे और जिनदत्तसूरि ज्ञान भण्डार की स्थापना आपने ही की थी।

मुनि मोहनलालजी महाराज - संवत् १९४९ में मुर्शिदाबाद निवासी धनपतिसिंह दूगड़ द्वारा शत्रुञ्जय में निर्मापित धनवसही के प्रतिष्ठापक आप ही थे। संवत् १९६१ में कलकत्ता के रायबहादुर बद्रीदास मुकीम, रतलाम के सेठ चांदमलजी पटवा, ग्वालियर के राय बहादुर नथमलजी गोलेछा और फलोधी के फूलचन्दजी झाबक आदि आपकी आज्ञा को स्वीकार करते थे। जिनरत्नसूरि - आपके उपदेश से भुज से वसनजी वागजी ने भद्रेश्वर का संघ निकाला। सेठ रवजी सोजपाल, मेघजी सोजपाल, मूलचन्द हीराचन्द भगत, संघपति चांदमलजी चोपड़ा, जाबरा के प्यारचन्दजी पगारिया, भुज के हेमचन्दभाई आदि आपके मुख्य भक्त थे।

मन्त्री/दीवान

बीकानेर नगर के निर्माण में खरतरगच्छीय उपासकों का बहुत बड़ा हाथ रहा है। राव बीकाजी के मन्त्री वत्सराज थे, जिन्होंने दुर्ग निर्माण और मोहल्लों को मर्यादित कर बसाने में बहुत दुरदर्शिता से काम लिया था। राव लूणकरणजी के मन्त्री कर्मसिंह थे, जिन्होनें नमिनाथ मन्दिर बनवाकर जिनहंससूरिजी से प्रतिष्ठा करवाई थी। राव जयतसीजी के मन्त्री वरसिंह और नगराज थे। राव कल्याणमल्लजी के मन्त्री संग्राहसिंह व कर्मचन्द्र बच्छावत थे तथा राजा रायसिंहजी के मन्त्रीश्वर कर्मचन्द्र थे।

प्रतिष्ठा लेख संग्रह (द्वितीय खण्ड) लेखाङ्क ३७३ के अनुसार सांडेचा गोत्रीय रायमल के पुत्र जीवराज संघवी जो कि आमेर देशाधिपति के द्वारा प्रदत्त दीवान पद के धारक थे। उनके पुत्र मोहनराम रामगोपाल ने जयपुर में मोहनवाड़ी में जिनकुशलसूरिजी के चरणों की स्थापना की थी। जयपुर के इतिहास में यह पहले दीवान थे जो कि श्वेताम्बर थे। इनके पुत्र मोहनराम के नाम से ही यह मोहल्ला मोहनवाड़ी के नाम से ही जयपुर में प्रसिद्ध है। जयपुर के दूसरे दीवान नथमलजी गोलेछा हुए जिनका कि नथमलजी का कटला जो आज अग्रवाल कॉलेज के नाम से प्रसिद्ध है।

कलकत्ता के राय बहादुर बद्रीदास - खरतरगच्छ के परम भक्त थे। कलकत्ता के वायसराय भी इनके घर आते-जाते थे। सम्मेतशिखर के मुकदमे में श्वेताम्बर समाज की ओर से अग्रगण्य बद्रीदासजी

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

ही थे। संवत् १९६२ में सुप्रीम कोर्ट लंदन के फैसले से सम्मेतशिखर पहाड़ श्वेताम्बरों के हस्तगत हुआ था। अत: समस्त श्वेताम्बर समाज इनका ऋणी है। उस समय बद्रीदासजी को यह विजय इष्टसाधना के बल पर प्राप्त हुई थी और इस इष्टसाधना के साधक थे पूज्य श्री मणिसागरजी महाराज।

कोटा के दीवान बहादुर सेठ केसरीसिंहजी बुद्धसिंहजी बाफणा, चेन्नई (फलौदी) के चौधरी सुखलालजी झाबक, लालचन्दजी ढड्ढा, मोहनचन्दजी ढड्ढा, फलौदी के फूलचन्दजी झाबक, बीकानेर के चाँदमलजी ढड्ढा, मङ्गलचन्दजी झाबक, हैदराबाद के इन्द्रचन्दजी सुरेन्द्रकुमारजी लूणिया, कपूरचन्दजी श्रीमाल, बीकानेर के भैंरुदानजी कोठारी, अगरचन्दजी भँवरलालजी नाहटा, दिल्ली के श्री जवाहरलालजी राक्यान, एवं श्री हरखचन्दजी नाहटा, जयपुर के सोहनमलजी महताबचन्दजी गोलेछा, राजरुपजी दुलीचन्दजी टांक, राजमलजी कुशलचन्दजी विमलचन्दजी सुराणा, कलकत्ता के पदीचन्दजी बोथरा, अजमेर के रामलालजी अमरचन्दजी लूणिया आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। स्थानाभाव के कारण कुछ विशिष्य व्यक्तियों के नाम नहीं दिये जा सके हैं।

ग्रन्थ आलेखन प्रशस्तियाँ

ग्रन्थों के साथ सम्बन्ध रखने वाली प्रशस्तियाँ दो प्रकार की होती हैं:- १. ग्रन्थकार अथवा टीकाकार द्वारा लिखित प्रशस्ति, २. ग्रन्थालेखन प्रशस्तियाँ।

(१) कर्ता या टीकाकार द्वारा लिखी हुई प्रशस्तियों में गुरुपरम्परा का वर्णन होता है, जिसका सारांश होता है कि अमुख गच्छ , कुल, शाखा में उत्पन्न आचार्य के शिष्य, प्रशिष्य ने इस संवत् में इस ग्रन्थ की रचना की, साथ ही सहयोगी या संशोधन कर्त्ताओं और गुरुभ्राता या शिष्यों के नाम होते हैं।

(२) ग्रन्थालेखन प्रशस्ति अर्थात् आचार्यों के उपदेश से जो उपासक वर्ग ग्रन्थों की प्रतिलिपियाँ करवाता है उसका वर्णन होता है। इस प्रकार की प्रशस्तियों में प्रतिलिपि करवाने वाले श्रावक वर्ग अपने पूर्वजों का नामोल्लेख एवं उनकी विशेष धार्मिक कृत्यों का उल्लेख करते हुए, उनकी पूर्व वंश की परम्परा देते हुए और अपनी वर्तमान संतति का उल्लेख करते हुए अपने श्रेष्ठ कृत्यों का वर्णन करता है और ग्रन्थालेखन का उल्लेख करता है, साथ ही किस आचार्य अथवा मुनि के उपदेश से यह प्रतिलिपि करवाई है उनका भी पूर्ववर्ती आचार्यों से लेकर वर्तमान आचार्यों तक का उल्लेख करते हैं। लेखनकाल का तो उल्लेख होता ही है। इस प्रकार की प्रशस्तियाँ कुछ संक्षिप्त होती है तो कुछ ५०-६० श्लोकों तक की होती है। इस श्रेणी की कुछ प्रशस्तियों का उल्लेख यहाँ किया जा रहा है जो कि खरतरगच्छ के आचार्यों एवं उनके अनुयायियों से सम्बन्धित हैं:-

१. संवत् ११३८ में लिखित आवश्यक विशेष भाष्य की प्रशस्ति में प्रारम्भ में गुरु जिनवल्लभ का उल्लेख करते हुए जिनदेव और जसदेव ने अपनी पूर्व वंश परम्परा का उल्लेख किया है। (द्रष्टव्य-जैनपुस्तकप्रशस्ति संग्रह, प्रथम भाग, प्रशस्ति संख्या - १)

२. संवत् १२८२ में लिखित सटीक हैमानेकार्थसंग्रहप्रशस्ति में धर्कट वंशीय आशपाल जो

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कि जिनपतिसूरि की आज्ञा को सिर पर धारण करता था उसने अपने पूर्वज मरुकोट निवासी पार्श्वनाग की परम्परा देते हुए अपनी वंश परम्परा दी है। (द्रष्टव्य-जैनपुस्तकप्रशस्ति संग्रह, प्रथम भाग, प्रशस्ति संख्या - ८)

३. १४वीं शताब्दी में लिखित उपदेशमालादि प्रकरण पुस्तिका की प्रशस्ति में श्रावक आभा ने अपने पूर्वज उकेश वंशीय लोहट से प्रारम्भ की है और स्वयं की गुरु परम्परा में जिनपद्मसूरि का नामोल्लेख किया है। (द्रष्टव्य-जैनपुस्तकप्रशस्ति संग्रह, प्रथम भाग, प्रशस्ति संख्या - ६७)

४. १४वीं शताब्दी में लिखित श्रावकधर्मप्रकरणवृत्ति की प्रशस्ति में उकेश वंशीय सा. ब्रह्मदेव ने अपने पूर्वज सलक्षण से प्रारम्भ की है और अपनी वंश परम्परा को देते हुए गुरु जिनपतिसूरि के शिष्य जिनेश्वरसूरि का उल्लेख किया है। (द्रष्टव्य-जैनपुस्तकप्रशस्ति संग्रह, प्रथम भाग, प्रशस्ति संख्या - ९१)

५. १४वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में लिखित अभयकुमारचरित्रादि-पुस्तक पंचक की प्रशस्ति में उकेशवंशीय श्रावक खेतु ने अपने पूर्वज वीरदेव की वंश परम्परा देते हुए स्वयं की परम्परा का उल्लेख किया है और उनके विशिष्ट धर्मकलापों का भी उल्लेख किया है। (द्रष्टव्य-जैनपुस्तकप्रशस्ति संग्रह, प्रथम भाग, प्रशस्ति संख्या - ९५)

६. कांकरिया गोत्रीय सा. मोहन ने उत्तराध्यन सूत्र की प्रति खरीदी थी और जिनपद्मसूरि के पट्टधर जिनलब्धिसूरि को भेंट प्रदान की थी। (द्रष्टव्य-जैनपुस्तकप्रशस्ति संग्रह, प्रथम भाग, प्रशस्ति संख्या - १०१)

७. संवत् १२९५ की कर्मविपाक की टीका की प्रशस्ति में लिखा है:- चित्रकूट निवासी उकेशवंशीय आशा पुत्र सा. सल्हाक ने यह ग्रन्थ लिखवाया जो कि जिनेश्वरसूरि द्वितीय का परम भक्त था। (द्रष्टव्य-जैनपुस्तकप्रशस्ति संग्रह, प्रथम भाग, प्रशस्ति संख्या - १७४)

मुनि पुण्यविजयजी सम्पादित जेसलमेर भण्डार के सूची पत्र में भी इस प्रकार की विस्तृत प्रशस्तियों में कई भक्त श्रावकों के उल्लेख मिलते है:-

८. संवत् १२०४ में लिखित भगवतीसूत्र वृत्ति में डुसाउसुश्रावक ने जिनपद्मसूरि के उपदेश से यह प्रति लिखवाई। (क्रमांक - १५) इसी प्रकार ग्रन्थ क्रमाङ्क - २२, २८, ३१, ५०, ५८, ७६, ८५, ११२, ११४, ११९, १४९, २११, २१७, २२५, २३०, २३५, २३९, २५०, २५६, २७०, २७२, २८१, २८९ आदि की रचना और लेखन प्रशस्तियाँ पठनीय हैं। इन प्रशस्तियों से उन श्रावकों के वंश-परम्परा और धार्मिक कलापों का वर्णन प्राप्त होता है जो कि आज के जीवन में भी श्लाघनीय और अनुकरणीय है।

प्रकाशन का इतिहास

विक्रम संवत् २००० में मेरे परमाराध्य सद्गुरु श्रीजिनमणिसागरसूरि जी महाराज का चातुर्मास

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

बीकानेर में था। मैं उनका लघु शिष्य था। जीवन में बालसुलभ चाञ्चल्य था। पूज्य गुरुदेव की आज्ञा प्राप्त कर प्रसिद्ध साहित्यमनीषी और इतिहासविद् श्री अगरचन्दजी नाहटा और श्री भँवरलालजी नाहटा (जिनको मैं आगे नाहटा बन्धुओं के नाम से उल्लेख करूँगा) ने मेरे जीवन में साहित्य संस्कारों का बीज वपन किया। उन्होंने हस्तलिखित ग्रन्थों की लिपि पढ़ने का, मूर्तियों के लेखों की प्राचीन लिपि पढ़ने का, हस्तलिखित ग्रन्थों की सूची बनाने का, इतस्ततः बिखरे हुए हस्तलिखित पत्रों को लिपि, कागज इत्यादि के आधार पर निर्णय करने का और खरतरगच्छ के प्रति अटूट प्रेम जागृत करने का प्रयत्न किया। मैंने भी उस समय बीकानेर के चिन्तामणि मन्दिर के भण्डारस्थ मूर्तियों के लेख लिखने में नाहटा बन्धुओं का सहयोग किया। अभय जैन ग्रन्थालय के लगभग ४००० ग्रन्थों का सूचीपत्र तैयार किया। नाहटा बन्धुओं द्वारा लिखित खरतरगच्छीय साहित्य की नोट बुक की प्रतिलिपि भी की, जो आज भी मेरे पास विद्यमान है।

वे संस्कार के बीज समय-समय पर अंकुरित, पुष्पित और पल्लवित होते रहे। विहार करते हुए प्रत्येक मन्दिरस्थ मूर्तियों के लेख लेना, हस्तलिखित ज्ञान भण्डारों का अवलोकन करना, नये-नये ग्रन्थों को अपनी सूची में अंकित करना, खरतरगच्छ के इतिहास की सामग्री एकत्रित करना, खरतरगच्छ आचार्यों द्वारा निर्मित ग्रन्थों की आद्यन्त प्रशस्तियाँ लिखना जीवन का अङ्ग बन गया। यह प्रयत्न वर्षों तक क्रमबद्ध रहा। अध्ययन के कारण कई बार विघ्न भी हुआ और इस कार्य में शिथिलता भी आई किन्तु नाहटा बन्धु समय-समय पर मुझे प्रोत्साहित करते रहे, वाञ्छित सामग्री भेजते रहे और प्रभाव डालकर मुझसे लिखवाते रहे। सन् १९४७-४८ में मेरी कुछ लघु पुस्तिकाएं प्रकाशित हुई जिनकी भूमिका भी इन्ही बन्धुओं ने लिखी। सन् १९५० में मैंने **सटीक नेमिदूतम्** का सम्पादन किया जो कि संयोग से राजस्थान विश्व विद्यालय के संस्कृत एम.ए के पाठ्यक्रम में इसका चयन हो गया। श्रीवल्लभोपाध्याय रचित सहस्रदल कमल गर्भित अरजिनस्तव स्वोपज्ञ टीका सहित का सम्पादन किया। इस सम्पादन में मुझे आगम प्रभाकर स्वर्गीय मुनि पुण्यविजयजी महाराज का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। नाहटा बन्धुओं के सतत प्रयत्न से सन् १९५६ में दादा जिनदत्तसूरि अष्टम शताब्दी समारोह, अजमेर में **खरतरगच्छ का इतिहास प्रथम खण्ड** का विमोचन भी हुआ। आचार्य जिनवल्लभसूरि पर वल्लभ भारती के नाम से शोध प्रबन्ध लिखकर साहित्य महोपाध्याय उपाधि भी प्राप्त की।

नाहटा बन्धुओं की सतत् प्रेरणा और पूर्ण सहयोग के कारण ही सन् १९७१ में मणिधारी श्रीजिनचन्द्रसूरि अष्टम शताब्दी स्मृति ग्रन्थ के द्वितीय खण्ड के रूप में **खरतरगच्छ साहित्य सूची** का ७२ पृष्ठों में प्रकाशन हुआ। यह साहित्य सूची प्रारम्भिक भूमिका मात्र थी। इसमें नाहटा बन्धुओं के साहित्य सूची नोट-बुक और मेरी नोट-बुक का सम्मिश्रण था। सन् १९८४ में खरतरगच्छ प्रतिष्ठा लेखों का संग्रह करना प्रारम्भ किया था किन्तु वह भी बीच में छूट गया। ३० वर्षों के मध्यकाल में खरतरगच्छ सम्बन्धित कुछ साहित्य मेरे द्वारा सम्पादित होकर अवश्य ही प्रकाशित हुआ, उनमें से

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कतिपय महत्वपूर्ण ग्रन्थों के नाम निम्न है:-

१. सनत्कुमार चक्री चरित महाकाव्य-जिनपालोपाध्याय रचित

२. खरतरगच्छ दीक्षानन्दी सूची (भँवरलालजी नाहटा के साथ सम्पादित)

३. दादागुरु भजनावली - जिसमें चारों दादा गुरुदेवों के ७०० भजन संग्रहित है।

४. खरतरगच्छ बृहद् गुर्वावली

५. खरतरगच्छ पट्टावली संग्रह

६. विधि मार्ग प्रपा-जिनप्रभसूरि रचित

७. जिनवल्लभसूरि ग्रन्थावली

८. धर्मशिक्षा प्रकरण

इन ग्रन्थों का प्रकाशन होने पर भी ५५ वर्ष पूर्व जो मन में अभिलाषा जागृत हुई थी कि खरतरगच्छ का विस्तृत इतिहास, खरतरगच्छ के प्रतिष्ठा लेख और साहित्य निर्माण का कोष, उस भावना को मैं आज तक पूर्ण न कर सका। अन्त में हृदय की उत्कट भावना को भस्माच्छादित न रख सका और योजना बनाकर इस कार्य में प्रवृत्त हो गया। उन पूज्य गुरुदेवों का अन्तरङ्ग आशीर्वाद के कारण ही सर्वप्रथम **खरतरगच्छ का बृहद् इतिहास** का प्रकाशन कार्य पूर्ण हुआ, जिसका विमोचन बेंगलौर में उपधान तप के मालारोपण महोत्सव के अवसर पर ८ नवम्बर २००४ में उपाध्याय श्री मणिप्रभसागरजी के कर-कमलों द्वारा हुआ। इसी क्रम में **खरतरगच्छ प्रतिष्ठा लेख संग्रह** का लेखन और प्रकाशन भी २००४ के अन्त में पूर्ण हुआ और ३० जनवरी २००५ शंखेश्वर तीर्थ पर दादाबाड़ी के प्रतिष्ठा के अवसर पर पूज्य मुनि श्री जयानन्दमुनिजी महाराज और विदुषी आर्यारत्न श्री हेमप्रभाश्रीजी के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ।

तत्पश्चात् योजना के अनुसार **खरतरगच्छ साहित्य कोष** का कार्य प्रारम्भ किया। इसमें जिस प्रकार की सामग्री और सहयोग चाहिए था वह मुझे सुलभ न थी। मेरे जीवन के आदर्श और प्रेरक दोनों नाहटा बन्धु इस लोक से प्रयाण कर चुके थे। मेरे द्वारा संकलित साहित्य सूची अपूर्ण थी। मैं चाहता था कि नाहटा बन्धुओं द्वारा संग्रहित नोट बुक भी प्राप्त हो जाती जिसमें मेरा भी सहयोग था। इसके लिए मैं बीकानेर भी गया, उनके सुपुत्र विजयचन्द के सहयोग से अभय जैन ग्रन्थालय को टटोला किन्तु वह नोट-बुक प्राप्त नहीं हुई किन्तु ग्रन्थों की आद्यन्त प्रशस्तियाँ अवश्य ही प्राप्त हुईं। वह नोट-बुक न तो बीकानेर में थी और न कलकत्ता में थी, उनके संग्रह से कहाँ गई? कह नहीं सकता। मुझे अपने सीमित साधनों के द्वारा ही इस कार्य को पूर्ण करने के लिए बाधित होना पड़ा। ऐसी स्थिति में, सामग्री के अभाव में कुछ स्खलना भी रह जाए वह स्वाभाविक भी है और क्षन्तव्य भी।

लेखन और सम्पादन-पद्धति

खरतरगच्छ साहित्य कोष को तीन खण्डों में विभाजित किया गया है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

१. प्रथम खण्ड - इसमें १. ग्रन्थनाम, २. कर्त्ता का नाम, ३. कर्त्ता के गुरु का नाम, ४. ग्रन्थ का विषय, ५. भाषा, ६. रचना संवत् एवं स्थान, ७. ग्रन्थ का आद्यन्त, ८. मुद्रित है या अप्रकाशित? प्रकाशित है तो जहाँ से प्रकाशित हुआ है उसका स्थान और यदि अप्रकाशित/हस्तलिखित ग्रन्थ है तो किस ज्ञान भण्डार में प्राप्त है इसका संकेत दिया गया है।

इसमें निम्न विषयों के ग्रन्थ सम्मिलित किए गये हैं:- आगम, प्रकरण, उपदेश, विधि, चर्चा, चरित्र, काव्य, व्याकरण, कोष, छन्द, लक्षण, स्तोत्र, रास, आयुर्वेद, ज्योतिष, व्याख्यान, विवाहलो, सन्धि, पूजा, रत्न-मुद्रादि शास्त्र, बत्तीसी, छत्तीसी, बावनी आदि साहित्य कोष का अकारानुक्रम।

इस खण्ड में साहित्य को अकारानुक्रम से रखा गया है।

२. द्वितीय खण्ड - इसमें स्तवन, स्तुति, चैत्यवन्दन, गीत, स्वाध्याय, पद, निसाणी, लावणी, बारहमासा आदि का अकारानुक्रम से उल्लेख किया गया है।

जहाँ प्रथम खण्ड में ग्रन्थ का नाम प्रारम्भ में रखा गया है वहाँ द्वितीय खण्ड में कर्त्ता का नाम अकारानुक्रम से देकर उस कर्त्ता की समस्त कृतियों को अकारानुक्रम से दिया गया है। शेष विषय प्रथम खण्ड की तरह से ही रखे हैं।

३. तृतीय खण्ड - इसमें २०वीं-२१वीं शताब्दी के कतिपय विद्वानों के लेखन, अनुदित, सम्पादित, पुस्तकों के नाम अकारानुक्रम से दिये गये हैं। इसमें आद्यन्त का उल्लेख नहीं किया गया है। मुद्रित होने के कारण उन प्रकाशन संस्थाओं के नाम दिये गये हैं।

श्री अगरचन्दजी भँवरलालजी नाहटा के पुस्तकों की सूची श्री भँवरलालजी नाहटा के सुपुत्र श्री पदमचन्दजी नाहटा ने और महोपाध्याय श्री ललितप्रभसागरजी एवं महोपाध्याय श्री चन्द्रप्रभसागरजी के साहित्य की सूची जिस रूप में श्री प्रकाशजी दफ्तरी ने भिजवाई थी तदनुसार ही इसमें उल्लेख किया गया है।

इस कोष में क्रमांक **७५२९** तक दिये गये हैं। समस्त ज्ञान भण्डारों का एवं प्रकाशित हस्तलिखित ग्रन्थों के सूचीपत्रों को सम्यक् प्रकार से अवलोकन किया जाए तो यह संख्या ११ या १२ हजार तक पहुँच सकती है।

परिशिष्ट :-

इसमें तीन परिशिष्ट दिए गये हैं :-

प्रथम परिशिष्ट- प्रथम खण्ड में ग्रन्थानुक्रम होने से और द्वितीय खण्ड में कर्त्ता के पश्चात् कृतियों का अकारानुक्रम होने के कारण केवल कर्त्ताओं का अकारानुक्रम ही दिया गया है।

द्वितीय परिशिष्ट- इसमें प्रथम खण्ड के स्तोत्र, स्तव एवं स्तुति के रचनाकार कौन है? इसकी जानकारी करने के लिए स्तोत्र आदि के आदिपदों के अनुक्रमणिका दी गई है।

तृतीय परिशिष्ट- इसमें द्वितीय खण्ड के अन्तर्गत स्तवन, गीत आदि साहित्य के निर्माता कौन

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

है? इसकी जानकारी के लिए गीत स्तवनों के आदिपदों की अनुक्रमणिका दी गई है।

संकलन में असावधानी

छद्मस्थ होने के कारण स्वाभाविक है कि कई ग्रन्थ कर्त्ताओं और उनकी कृतियों के नाम छूट गए हों इसके लिए मैं समस्त ग्रन्थकारों से क्षमा चाहता हूँ। साथ ही प्रकाशन में असावधानीवश कुछ स्खलनाएँ रह गई हैं, जैसे:- क्रमांक में २६३६ और २६५६ रिक्त रह गए हैं और २३५२ की पुनरावृत्ति हो गई है। इसी प्रकार प्रूफ संशोधन में भी जो कुछ त्रुटियाँ रह गई हों उसके लिए मैं क्षमाप्रार्थी हूँ। विद्वद्गण यदि इन त्रुटियों की ओर संकेत करेंगे तो मैं आगामी संस्करण में उसको परिमार्जित कर दूंगा।

खेद:- इस कोष की सामग्री के लिए विद्यमान साधुगणों, साध्विगणों को पत्र भी लिखे गये और कइयों को साक्षात में निवेदन भी किया गया किन्तु अपनी-अपनी योजनाओं में व्यस्त रहने के कारण इस कार्य में उनका तनिक भी सहयोग न मिल सका। इसका मुझे हार्दिक खेद है।

वर्तमान में पूर्ववर्ती आचार्यों के द्वारा निर्मित ग्रन्थों का प्रकाशन नहीं हो रहा है अत: इसका हार्दिक दु:ख भी है।

हर्ष:- हर्ष का विषय है कि २०वीं-२१वीं शताब्दी में श्री जिनकृपाचन्द्रसूरिजी महाराज, उपाध्याय श्री सुखसागरजी महाराज, गणि श्री बुद्धिमुनिजी महाराज आदि ने पूर्वाचार्यों के कतिपय ग्रन्थ सम्पादित कर समाज के समक्ष रखे। आज भी अन्य गच्छों के सम्मान्य एवं प्रतिष्ठित विद्वानों द्वारा पूर्ववर्ती खरतरगच्छ के विद्वानों के ग्रन्थ प्रकाशित किए हैं और कर रहे हैं। जिनमें अग्रगण्य हैं:- आगम प्रभाकर मुनि पुण्यविजयजी म०, प्रवर आगमप्रज्ञ जम्बूविजयजी म०, पुरातत्त्वाचार्य पद्मश्री जिनविजयजी आदि। अधुनापि श्री विजयचन्द्रोदयसूरिजी म०, श्री विजयसोमचन्द्रसूरिजी म० अपने साधु मण्डल एवं शिष्य परिवार के साथ खरतरगच्छ के अनेक प्राचीन ग्रन्थों का सम्पादन कर रहे हैं।

आभार:- चारित्र चूड़ामणि परमशान्त मूर्ति पूज्य गुरुदेव श्री जिनमणिसागरसूरिजी महाराज के अपूर्व वात्सल्य और अमोघ आशीर्वाद तथा पूज्य दादागुरुदेवों की असीम कृपा से मेरी हार्दिक मनोभिलाषा जो ५५ वर्षों से चल रही थी उसे यत्किञ्चित् रूप में पूर्ण/फलीभूत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

प्रमुखत: इस कोष के निर्माण में स्वर्गीय साहित्य मनीषी श्री अगरचन्दजी नाहटा, स्वर्गीय साहित्यवाचस्पति श्री भँवरलालजी नाहटा का हृदय से आभारी हूँ कि उनकी नोट-बुक की प्रतिलिपि को आधार लेकर इसको मैं आज विशाल रूप दे सका और उनकी हार्दिक अभिलाषा को पूर्ण कर सका।

ग्रन्थों के प्राप्ति स्रोत में उन-उन ज्ञान भण्डारों के संस्थापक आचार्यों, संचालकों, व्यवस्थापकों, प्रबन्धकों एवं राजकीय संस्थाओं के निदेशकों द्वारा संस्थाओं से प्रकाशित सूची पत्रों तथा ग्रन्थों के

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकों का भी जिनका मैंने उल्लेख किया है उन सबका मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

ग्रन्थ और परम्पराओं के चिन्तक एवं लेखक डॉ० शिवप्रसाद (वाराणसी) का मुझे जो सहयोग मिला है उसके लिए उन्हें साधुवाद और आशीर्वाद।

माननीय उपाध्याय श्री भुवनचन्द्रजी महाराज का भी मैं ऋणी हूँ जिनकी प्रेरणा से नानीखाखर, कोडाय, माण्डवी और खंभात के ज्ञान भण्डारों की सूचियों का अवलोकन सुलभ हुआ और पार्श्वचन्द्रसूरि गच्छ, खंभात के ज्ञान भण्डारस्थ दो प्रतियों की जीरोक्स कॉपी भी व्यवस्थापकों द्वारा प्राप्त हो सकी।

मेरे आत्मीय महोपाध्याय श्री ललितप्रभसागरजी का भी मैं आभारी हूँ जिन्होंने इस ग्रन्थ का साङ्गोपाङ्ग अवलोकन कर भूमिका लिखी।

खरतरगच्छ का बृहद् इतिहास, खरतरगच्छ प्रतिष्ठा लेख संग्रह और खरतरगच्छ साहित्य कोष के प्रकाशन की योजना विशाल और महत्वपूर्ण थी इस योजना में लगभग ९-१० लाख रूपये व्यय होने के अनुमान था फिर भी प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर के संस्थापक श्री डी० आर० मेहता ने इसे मुक्त हृदय से प्राकृत भारती की प्रकाशन योजना में स्वीकार किया और उनकी सतत् प्रेरणा रही की मैं इस कार्य को शीघ्र ही पूर्ण करूँ, अत: मैं उन्हें हृदय से साधुवाद देता हूँ।

एम०एस०पी०एस०जी० चेरिटेबल ट्रस्ट के मैंनेजिंग ट्रस्टी श्री मंजुल जैन ने इसको संयुक्त प्रकाशन के रूप में सहयोग देकर मेरे इस कार्य को प्रगति प्रदान की है, उसके लिए मैं इनके प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ।

मेरे सन्मित्र डॉ० पारस सूर्या को भी धन्यवाद देता हूँ जिनकी स्वास्थ्य सेवाओं के कारण ही मैं साहित्य कार्यों में निरन्तर प्रगति कर रहा हूँ।

अन्त में आयुष्मान मंजुल, पुत्रवधु नीलम, पुत्र विशाल, पौत्री तितिक्षा और पौत्र वर्धमान के स्नेह, समर्पण और सहयोग के लिए ढेर सारे साधुवाद और अन्तरङ्ग आशीर्वाद।

लेजर टाईप सेटिंग के लिए सागर सेठी को भी आशीर्वाद प्रदान करता हूँ।

म० विनयसागर

जयपुर

२६ जनवरी २००६

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

खरतरगच्छ साहित्य कोश

प्रथम खण्ड

(आगम, प्रकरण, उपदेश, विधि, चर्चा, चरित्र, काव्य, व्याकरण, कोश, छन्द, लक्षण, स्तोत्र, रास, आयुर्वेद, ज्योतिष, व्याख्यान, पूजा, रत्न-मुद्रादि शास्त्र, छत्तीसी आदि साहित्य कोश का अकारानुक्रम)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

॥ श्री गौतमस्वामिने नमः॥
॥ श्री कुशलगुरुदेवाय नमः॥
॥ श्री जिनमणिसागरसूरिपादपद्मेभ्यो नमः॥

खरतरगच्छ साहित्य कोश

१. **अगड़दत्त चौपाई, पुण्यनिधानगणि / विमलोदयगणि भावहर्षीय,** रास चौपई, राजस्थानी, १७०३ वैरागर, 'आदि–परमेसर धुरि प्रणमि करी..., अन्त–संवत गुण नभ मुनि शसि वरसई...', अ., उ. जैन गुर्जर कविओ भाग-३, पृ. ११३९

२. **अगड़दत्त प्रबन्ध, श्रीसुन्दरगणि / हर्षविमलगणि,** रास चौपई, राजस्थानी, १६६६ (१६३६), 'आदि–परम पुरुष परमेष्ठि जिन..., अन्त–द्रव्यत भावत जागिइए...', अ., ह. अभय ग्र., बीकानेर, उ. जैन गुर्जर कविओ भाग-३, पृ. ९१५

३. **अगड़दत्त रास, कुशललाभ उ० / अभयधर्म उ०,** रास चौपई, राजस्थानी, १६२५ वीरमपुर, 'आदि–पास जिणेसर पाय नमी..., अन्त–तिह हुंती चविउ उत्तम ठांमि...', अ., उ. जैन गुर्जर कविओ भाग-३, पृ. ६८६

४. **अगड़दत्त रास, गुणविनयोपाध्याय / जयसोम उ०,** रास चौपई, राजस्थानी, १७वीं, 'आदि–पणमिय पंचम सुमति जिन...', अ., ह. अभय ग्र., बीकानेर

५. **अगड़दत्त रास, ललितकीर्त्तिगणि / लब्धिकल्लोल उ०,** रास चौपई, राजस्थानी, १६७९ भुजनगर 'आदि–नाभि महीपति सिरितिलउ..., अन्त–संवत् सोल इगिणासी वच्छरइरे श्री भुजनगर मझारि...', अ., उ. जैन गुर्जर कविओ भाग-१, पृ. ५०८

६. **अघटकुमार चौपाई, मतिकीर्त्ति उ० / गुणविनयोपाध्याय,** रास चौपई, राजस्थानी, १६७४ आगरा, 'आदि–आसापूरण पास प्रभु..., अन्त–क्रमि दीक्षा ले सिवपुर गयउ...', अ., उ. जैन गुर्जर कविओ भाग-३, पृ. १०६८

७. **अघटकुमार महाधवराजा चौपाई, पुण्यशीलगणि / रामविजय उ०,** रास चौपई, राजस्थानी, १९वीं, अ., ह. कैलाशसागरसूरि ज्ञान मन्दिर, कोबा १२४३

८. **अघटित राजर्षि चौपाई, भुवनकीर्त्ति उ० / ज्ञानमन्दिर उ०,** रास चौपई, राजस्थानी, १६६७ लवेरा, 'अन्त–सोलसइ सतसट्ठइ संवते...', अ., ह. खरतरगच्छ ज्ञान भं., जयपुर

९. **अङ्कप्रस्तार, लाभवर्द्धनगणि / शान्तिहर्षगणि,** ज्योतिष, राजस्थानी, १७६१ गूढ़ा, अ.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

१०. **अङ्ग फुरकण चौपाई, हेमाणंदगणि / हरिकलश उ०,** रास चौपई, राजस्थानी, १६३९, 'आदि–श्री हरख प्रभु गुरु पय वंदि..., अन्त–संवत नंदभवण रसचंद...', अ., ह. अभय ग्र., बीकानेर

११. **अजापुत्र चौपाई, पद्मरत्न / विजयसिंह आद्यपक्षीय,** रास चौपई, राजस्थानी, १६६५ मेड़ता, अ.

१२. **अजापुत्र चौपाई, भावप्रमोदगणि / भावविनयगणि,** रास चौपई, राजस्थानी, १७२६ बीकानेर, 'आदि–पारस प्रणमुं सदा..., अन्त–गुण गरुयाना गावतां...', अ., ह. सेठिया लाइब्रेरी, बीकानेर

१३. **अजापुत्र चौपाई, रूपभद्र / उदयहर्ष,** रास चौपई, राजस्थानी, १७६८ देवीकोट, अ., ह. केशरियानाथ भं., जोधपुर

१४. **अजितनाथ जपमालाचित्र स्तोत्र, कीर्त्तिरत्नसूरि / जिनवर्द्धनसूरि,** स्तोत्र, संस्कृत, १४८६, 'आदि–जिनेन्द्रमानन्दमयं जितैनः..., अन्त–वर्षे रसाष्टाम्बुधिसोमरूपे... गा. ३७', अ., ह. विनय. प्रतिलिपि, अभय ग्र., बीकानेर

१५. **अजितनाथ विज्ञप्तिका, विनयप्रभोपाध्याय / जिनकुशलसूरि,** स्तोत्र, अपभ्रंश, १५वीं, 'आदि–पायकमल पणमेवि... गा. २१', अ., ह. विनय. प्रतिलिपि

१६. **अजितनाथ वीनती-खम्भात मण्डन, जयसागरोपाध्याय / जिनराजसूरि,** स्तोत्र, अपभ्रंश, १५वीं, 'आदि–प्रगटिउं पुण्य प्रमाण... गा. १७', पुण्य विजय संग्रह, अहमदाबाद ३४२० (२०), विनय. प्रतिलिपि ४१६ (१५)

१७. **अजितनाथ स्तुति टीका (मूल अर्थपरिहार द्वारा व्याख्यान्तररूपा), मू. जयसागरोपाध्याय, टी. श्रीवल्लभोपाध्याय / ज्ञानविमलोपाध्याय,** स्तोत्र, संस्कृत, १६६९ जोधपुर, 'मूलादि–तीर्थसन्नायकं..., अन्त–कामदानक्षमा कामदा...', 'आदि टीका–श्रीमन्तमजितं नुत्वा, अन्त–श्रीजिनेश्वरसूरीन्द्राद्यः', अ., ह. विनय. प्रतिलिपि

१८. **अजितनाथ स्तोत्र-स्तम्भनपुर, जयधर्मोपाध्याय / जिनपद्मसूरि,** स्तोत्र, प्राकृत, १४वीं, 'आदि–लावन्नामयकलियं सोहग्गविलास..., अन्त–जो नयरि पल्हणि सूरि जिणेसर... गा. २५', अ., ह. विजय धर्मलक्ष्मी ज्ञान मन्दिर, आगरा

१९. **अजितनाथ स्तोत्र (स्तंभतीर्थ-विधिचैत्यतीर्थालङ्कार), जिनपतिसूरि / मणिधारी-जिनचन्द्रसूरि,** स्तोत्र, संस्कृत, १३वीं, 'आदि–विशदसंविदमस्तमिताविदं..., अन्त–इत्थं षोडशनव्यकाव्यकुसुमै... गा. १७', अ., ह. विजय धर्मलक्ष्मी ज्ञान मन्दिर, आगरा

२०. **अजितनाथ स्तोत्र, जिनप्रभसूरि / जिनसिंहसूरि,** स्तोत्र, संस्कृत, १४वीं, 'आदि–विश्वेश्वरं प्रथितमन्मथभूपमानं... गा. २१', अ., ह. विनय. प्रतिलिपि, अभय ग्र., बीकानेर

२१. **अजितनाथ स्तोत्र (तारंगा), तरुणप्रभसूरि / जिनचन्द्रसूरि,** स्तोत्र, संस्कृत, १४वीं, 'आदि–तारं तारङ्गदुर्गाधिपमजितपतिं..., अन्त–इत्थं कारं सदारादितिजदिति... गा. २१', अ., ह. विजय धर्मलक्ष्मी ज्ञान मन्दिर, आगरा

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

२२. **अजितशान्ति लघुस्तोत्र, जयसागरोपाध्याय / जिनराजसूरि,** स्तोत्र, संस्कृत, 'आदि–अजितशान्तिजिनाधिपयोर्द्वयो... गा. १२', अ., ह. पुण्यविजय संग्रह, अहमदाबाद ३४२० (३), विनय. प्रतिलिपि

२३. **अजितशान्ति स्तोत्र, जिनदत्तसूरि / जिनवल्लभसूरि,** स्तोत्र, संस्कृत, १२वीं, 'आदि–शक्रसहस्र नयनोपि गुणावसानं..., अन्त–इत्युद्दाममकामकामित... गा. १५', अ., ह. विजय धर्मलक्ष्मी ज्ञान मन्दिर, आगरा

२४. **अजितशान्ति स्तोत्र, जिनपतिसूरि / मणिधारी जिनचन्द्रसूरि,** स्तोत्र, संस्कृत, १३वीं, 'आदि–कल्लोलानिव सैन्धवान्..., अन्त–सद्योजय्यजयां शिवप्रशमयोः... गा. १०', अ., ह. विजय धर्मलक्ष्मी मन्दिर, आगरा, विनय. प्रतिलिपि

२५. **अजितशान्ति स्तोत्र (नंदिषेणीय) टीका, जिनप्रभसूरि / जिनसिंहसूरि,** स्तोत्र, संस्कृत, १३६५ दशरथपुर, 'आदि–अजितशान्तिजिनाधिपयोः..., अन्त–चत्वारिंशत्समन्विता...', अ., ह. कैलाशसागरसूरि ज्ञान मन्दिर, कोबा ७५६६, अभय ग्र., बीकानेर, रा.प्रा.वि.प्र., जोधपुर

२६. **अजितशान्ति स्तोत्र बालावबोध, मेरुसुन्दरोपाध्याय / रत्नमूर्त्ति उ०,** स्तोत्र, राजस्थानी, १६वीं, 'अन्त–सविहुनइं कल्याण हुवउ...', अ., ह. कैलाशसागरसूरि ज्ञान मन्दिर, कोबा १५८२, अभय ग्र., बीकानेर, रा.प्रा.वि.प्र., जोधपुर

२७. **अजितशान्ति स्तोत्र भाषा, मेरुनन्दनोपाध्याय / जिनोदयसूरि,** स्तोत्र, अपभ्रंश, १५वीं, 'आदि–मंगल कमला कंदए..., अन्त–इम भगतिहि भोलिम भणी ए...', मु., बृहद्स्तवनावली पृ. ५६

२८. **अजितसेन कनकावती रास, जिनहर्षगणि / शान्तिहर्षगगणि,** रास चौपई, राजस्थानी, १७५१ पाटण, 'आदि–वीणा पुस्तक धारिणी..., अन्त–चारित्र पाली मुनिवर सद्गति...', अ., ह. क्षमाकल्याण संग्रह, बीकानेर, सेठिया लाइब्रेरी, बीकानेर, रा.प्रा.वि.प्र., जोधपुर २९८४३

२९. **अजितशांति स्तव बालावबोध, साधुकीर्त्ति उ० / अमरमाणिक्य उ०,** स्तोत्र, राजस्थानी, १७वीं, अ., उ. जैन गुर्जर कविओ भाग–३, पृ. १५९५

३०. **अञ्चल स्वरूप वर्णन चौपई, गुणविनयोपाध्याय / जयसोम उ०,** रास चौपई, राजस्थानी, १६७४ मालपुरा, 'आदि–विमल प्रभु मति विमल करि..., अन्त–सोलहसइ चउहत्तरइये...', अ., ह. जिनभद्रसूरि ज्ञान भं., जैसलमेर, हरिसागरसूरि ज्ञान भं., पालीताणा

३१. **अञ्जनासुन्दरी कथा, मेरुसुन्दरोपाध्याय / रत्नमूर्त्ति उ०,** कथा चरित्र, संस्कृत, १६वीं, अ., ह. सिद्धक्षेत्र साहित्य मंदिर, पालीताणा २०४९

३२. **अञ्जनासुन्दरी चरित्र, गुणसमृद्धिमहत्तरा,** चरित्र, प्राकृत, १४०७ जैसलमेर, 'अन्त–श्रीजैसलमेरपुरे विक्कमचउदहसतुत्तरे वरिसे... कृतिरियं श्रीजिनचंद्रसूरिशिष्यणीश्रीगुणसमृद्धि-महत्तरायाः...', मु., एल.डी. इन्स्टीट्यूट ऑफ इन्डोलॉजी, अहमदाबाद, ह. जिनभद्रसूरि ज्ञान भं., जैसलमेर १२७८

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

३३. **अञ्जनासुन्दरी चौपई, जिनोदयसूरि / जिनसुन्दरसूरि बेगड़**, रास चौपई, राजस्थानी, १७७३, अ., ह. जिनभद्रसूरि ज्ञान भं., जैसलमेर

३४. **अञ्जनासुन्दरी चौपई, कमलहर्ष वा. / मानविजय वा.**, रास चौपई, राजस्थानी, १७७३, अ., ह. महिमाभक्ति - बड़ा ज्ञान भं., बीकानेर, आचार्यशाखा ज्ञान भं., बीकानेर

३५. **अञ्जनासुन्दरी प्रबन्ध, गुणविनयोपाध्याय / जयसोम उ०**, रास चौपई, राजस्थानी, १६६२, 'अन्त–श्री खरतरगछि प्रगट पडूरि', अ., ह. अभय ग्र., बीकानेर

३६. **अञ्जनासुन्दरी रास, पुण्यभुवन / जिनरङ्गसूरि**, रास चौपई, राजस्थानी, १६८४ उदयपुर, 'आदि–श्री गणधर गौतम प्रमुख..., अन्त–अञ्जना केरीय चोपई...', अ., उ. जैन गुर्जर कविओ भाग-१, पृ. ५३३, भाग-३, पृ. १५१८

३७. **अञ्जनासुन्दरी रास, भुवनकीर्त्ति उ० / ज्ञाननंदी उ०**, रास चौपई, राजस्थानी, १७०६ उदयपुर, 'आदि–करतां सगली साधना..., अन्त–महावीर राजान तणै...', अ., ह. अभय ग्र., बीकानेर, रा.प्रा.वि.प्र., जोधपुर १६४४८

३८. **अठारह नात्रा चौपई, हीरकलशोपाध्याय / हर्षप्रभ उ०**, रास चौपई, राजस्थानी, १६१६, 'आदि–वीर जिणेसर पय नमिय..., अन्त–संवत सोलह सइ सोलोत्तर... गा. ५३', अ., ह. रा.प्रा.वि.प्र., जयपुर, विनय. प्रतिलिपि

३९. **अतिमुक्तक चरित्र, पूर्णभद्रगणि / जिनपतिसूरि**, चरित्र, संस्कृत, १२८२, 'आदि–श्रीमद्विश्वत्रयीनाथं नाथं..., अन्त–श्रीमत्प्रह्लादनपुरे पूर्णभद्रो...', मु., जिनदत्तसूरि ज्ञान भं., सूरत, ह. हरिसागरसूरि ज्ञान भं., पालीताणा १७३०

४०. **अध्यात्म अनुभव योगप्रकाश, चिदानन्द द्वि.**, अध्यात्म, हिन्दी, १९५५ जावद, 'अन्त–श्रीवर्द्धमान शासनपति...', मु. अभयदेवसूरि ग्र., बीकानेर

४१. **अध्यात्मगीता, देवचन्द्रोपाध्याय / दीपचन्द्र उ०**, अध्यात्म, राजस्थानी, १८वीं लीबड़ी, 'आदि–प्रणमीए विश्व हित जैन वाणि..., अन्त–आत्मगुण रमण करवा...', मु., अध्यात्म ज्ञान प्रसारक मण्डल, पादरा

४२. **अध्यात्मगीता बालावबोध, ज्ञानसारोपाध्याय / रत्नराज उ०**, अध्यात्म, राजस्थानी, १८८० बीकानेर, 'अन्त–नभगज द्विप ससि तेरसे...', मु., ज्ञानसार ग्रन्थावली, पृ. २८१

४३. **अध्यात्मप्रबोध, देवचन्द्रोपाध्याय / दीपचन्द्र उ०**, अध्यात्म, राजस्थानी, १८वीं, अ., ह. हितविजय भं., घाणेराव, अभय ग्र., बीकानेर प्रतिलिपि

४४. **अध्यात्म रास (अध्यात्मकल्पद्रुम चौपई), रङ्गविलास / जिनचन्द्रसूरि (जिनसागरसूरि-शाखा)**, रास चौपई, राजस्थानी, १७७७, 'आदि–परम पुरुष परमेसर रूप..., अन्त–लिख्यो शास्त्र भाषापणे...', अ., उ. जैन गुर्जर कविओ, भाग-२, पृ. ५३४

४५. **अध्यात्मशान्तरसवर्णन, देवचन्द्रोपाध्याय / दीपचन्द्र उ०**, अध्यात्म, राजस्थानी, १८वीं, अ.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

